ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष दशमी 02:16
उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 5 जून 2025
वर्ष 6, अंक 67, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अमेरिका से बढ़ेगा तेल-गैस का आयात 12
तुमने मुझे 18 साल इंतजार कराया : कोहली 13

## दो चरणों में होगी राष्ट्रीय जातीय जनगणना, 16 जून को अधिसूचना

नई दिल्ली, एजेंसी

- **लद्दाख जैसे पहाड़ी इलाकों में 1 अक्टूबर 2026 से**
- **देश के बाकी हिस्सों में 1 मार्च 2027 से शुरू होगी**

लद्दाख जैसे बर्फीले क्षेत्रों में जातिगत गणना के साथ जनगणना की शुरुआत एक अक्टूबर, 2026 को होगी जबकि बाकी देश में इस प्रक्रिया की शुरुआत एक मार्च, 2027 से होगी।

गृह मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि जातिगत गणना के साथ-साथ जनगणना-2027 को दो चरणों में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इसमें कहा गया कि केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर तथा हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों के बर्फीले क्षेत्रों के लिए संदर्भ तिथि 2026 के पहले अक्टूबर की आधी रात बारह बजे होगी। इस आशय की अधिसूचना संभवतः 16 जून 2025 को आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित की जाएगी।

भारत की पिछली जनगणना 2011 में दो चरणों में की गई थी। पहला चरण एक अप्रैल से 30 सितंबर 2020 के बीच चला था और दूसरा चरण नौ फरवरी से 28 फरवरी 2011 तक चला था। मंत्रालय ने बताया कि जनगणना 2021 को भी इसी तरह दो चरणों में आयोजित करने का प्रस्ताव था।

पहला चरण अप्रैल-सितंबर 2020 के दौरान और दूसरा चरण फरवरी 2021 में आयोजित किया जाना था। हालांकि, देश भर में कोविड-19 महामारी के प्रकोप के कारण जनगणना का काम स्थगित करना पड़ा।

## केंद्रीय करों में 50 प्रतिशत दी जाए राज्य को हिस्सेदारी

### लखनऊ में 16वें वित्त अयोग की बैठक में उठाई गई मांग, मुख्यमंत्री योगी ने वित्त आयोग को पत्र भी सौंपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सरकार ने वित्त आयोग से केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी को 41 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की मांग की है। राज्य ने विशेष विकास योजनाओं के लिए स्पेशल फंड डीडीए की मांग भी की।

राजधानी पहुंचे 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने अन्य सदस्यों के साथ बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ हुई बैठक के बारे में जानकारी साझा की। लोकभवन में आयोजित पत्रकारवार्ता में पनगढ़िया ने बताया कि बैठक के दौरान प्रदेश सरकार ने प्रदेश के विकास और सुधार के लिए उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा पेश किया, जिसकी आयोग ने सराहना की। उत्तर प्रदेश की प्रमुख मांगों के विषय में कहा कि इनकम डिस्टेंस क्राइटेरिया 45 प्रतिशत, भौगोलिक क्षेत्रफल 15 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत, जनसंख्या 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 22.5 प्रतिशत, जनसांख्यिकीय प्रदर्शन 12.5 प्रतिशत से घटाकर 7.5 प्रतिशत, वन 10 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत, कर संग्रहण प्रयास 2.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत किया जाने का प्रस्ताव आयोग को दिया गया है। अरविंद पनगढ़िया ने कहा कि वित्त आयोग का मुख्य कार्य केंद्र और राज्यों के बीच करों के बंटवारे का प्रस्ताव तैयार करना है, जिसे भारत के राष्ट्रपति के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश बहुत ही अच्छी तरह से संचालित राज्य है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का कर संग्रह जीएसडीपी के अनुपात में है, जो देश में सबसे अधिक है।

उन्होंने कहा कि यूपी का राजकोषीय घाटा सामान्य सीमा के भीतर है, इसका ऋण-से-जीडीपी अनुपात भी प्रबंधनीय स्तरों के भीतर है।

### आयोग बाद में लेगा निर्णय : पनगढ़िया

आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने पत्रकारों से कहा कि 28 में से 22-23 राज्यों ने करों में हिस्सेदारी बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ये मांग बहुत ज्यादा है, हालांकि इस पर अंतिम निर्णय आयोग बाद में लेगा। आयोग की केंद्र व राज्य सरकार के बीच करों की हिस्सेदारी को लेकर सिफारिशें आगामी वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक के लिए होंगी।

### बेहतर कार्य से निकाला हल

वित्त आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि उप्र. में राजस्व की दिक्कतों का हल बेहतर कर किया गया है। राजकोषीय घाटा भी करीब तीन % के आसपास है। प्रति व्यक्ति सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) द्वारा मापी गई आय अंतर (इनकम डिस्टेंस) मानदंड का भार पहले की तरह 45 % रखने की मांग की है।

# मातम में बदला जश्न, 11 की मौत

### चिन्नास्वामी स्टेडियम में घुसने के प्रयास में भगदड़, 33 लोग घायल | स्टेडियम के बाहर आरसीबी टीम के स्वागत को उमड़ी थी लाखों की भीड़ | मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने की मृतकों के परिजनों को 10 लाख देने की घोषणा

बेंगलुरू, एजेंसी

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू का पहला आईपीएल खिताब जीतने का जश्न बुधवार को मातम में बदल गया जब जश्न में शामिल होने के लिए चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हजारों की संख्या में प्रशंसकों के उमड़ने से मची भगदड़ में 11 लोग मारे गए और लगभग 33 लोग घायल हो गए। टीम की एक झलक पाने के लिए स्टेडियम के बाहर हजारों की संख्या में प्रशंसक उमड़ पड़े जिन पर पुलिस नियंत्रण नहीं रख सकी। इसके लिए हल्का बल प्रयोग भी करना पड़ा। ये प्रशंसक स्टेडियम के भीतर घुसने की कोशिश में प्रवेश द्वार के बाहर ही भगदड़ का शिकार हो गए ।

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बताया कि चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास भगदड़ के कारण 11 लोगों की मौत हो गई और 33 लोग घायल हो गए। सिद्धारमैया ने कहा कि चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास दो-तीन लाख से अधिक लोग आए थे, किसी को भी इतनी भीड़ की उम्मीद नहीं थी। उन्होंने कहा कि सरकार मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपये का मुआवजा देगी। घटना की मजिस्ट्रेट जांच की जाएगी। गंभीर रूप से घायलों का इलाज वैदेही अस्पताल और बोवरिंग अस्पताल में चल रहा है और मृतकों की संख्या बढने की आशंका है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा कि आरसीबी की आईपीएल जीत के जश्न की बेहतर योजना बनाई जानी चाहिए थी। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि पर्याप्त एहतियात बरती जानी चाहिए थी और सुरक्षा को ध्यान में रखना था।



आईपीएल 2025 जीतने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के सम्मान समारोह के दौरान उमड़ी प्रशंसकों की भीड़। ● एजेंसी

### फिर भी स्टेडियम के भीतर जारी रहा खिलाड़ियों का सम्मान समारोह

राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा ने स्थिति को ठीक से न संभालने के लिए कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधते हुए राजनीतिक बयानबाजी भी शुरू कर दी। चिन्नास्वामी स्टेडियम के भीतर हालांकि खिलाड़ियों का सम्मान समारोह जारी रहा जिसमें खिलाड़ियों ने भाषण दिए, संगीज बजा और आतिशबाजी भी हुई। कोहली ने कहा कि यह आप सभी के लिए है, प्रशंसकों के लिए और इस शानदार शहर के लिए, उन लोगों के लिए जिन्होंने कठिन समय में भी आरसीबी का साथ दिया।

### प्रधानमंत्री मोदी ने दुर्घटना पर जताया दुख

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बेंगलुरु में चेन्नास्वामी क्रिकेट स्ट्रेडियम के बाहर बुधवार को हुई दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है और इस दुर्घटना में मृत लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मोदी ने दुर्घटना में घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा 'एक्स' पर जारी शोक संदेश में मोदी ने कहा कि बेंगलुरु में हुई दुर्घटना बहुत ही दुखद है। मेरी संवेदनायें उन सभी लोगों के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि जो लोग घायल हुए हैं, वे शीघ्र स्वस्थ हों।



भगदड़ में घायल प्रशंसक को अस्पताल ले जाते लोग। ● एजेंसी

## न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के मुद्दे पर दलों में चर्चा शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

- **संसद में संयुक्त रूप से लाया जाए महाभियोग प्रस्ताव : रीजीजू**



केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने बुधवार को न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने में सभी राजनीतिक दलों को साथ लेने के सरकार के संकल्प को रेखांकित करते हुए कहा कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार को 'राजनीतिक चश्मे' से नहीं देखा जा सकता। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि कथित भ्रष्टाचार के मामले में फंसे न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के उद्देश्य से की जा रही यह कवायद एक 'सहयोगात्मक प्रयास' हो। उन्हें सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त समिति ने दोषी ठहराया है।

रीजीजू ने कहा कि उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश के खिलाफ 21 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र में प्रस्ताव लाने के लिए सभी राजनीतिक दलों के साथ चर्चा शुरू कर दी है। सरकार चाहती है कि सभी दल न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के लिए 'संयुक्त रूप से' प्रस्ताव लाएं। रीजीजू ने कहा कि वह छोटे दलों से संपर्क करेंगे, जबकि सभी प्रमुख दलों को न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की योजना के बारे में पहले ही सूचित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार का मानना है कि भ्रष्टाचार से जुड़ा मामला किसी एक राजनीतिक दल का एजेंडा नहीं होता। भ्रष्टाचार के खतरे से लड़ना सभी दलों का रुख है, चाहे वह न्यायपालिका हो या कोई और क्षेत्र। मंत्री ने कहा कि अधिकांश दल इस मुद्दे पर आंतरिक चर्चा के बाद अपना रुख बताएंगे।

### संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से

**नई दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 12 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बुधवार को कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली संसदीय मामलों की कैबिनेट समिति ने इन तारीखों की सिफारिश की है। उन्होंने कहा कि इन सिफारिशों को राष्ट्रपति को भेजा जाएगा।

## सिक्किम में फंसे हैं 113 पर्यटक

गंगटोक, एजेंसी

- **बचाव को लाचेन गांव तक पहुंचे सेना के जवान**

सेना के जवान उत्तरी सिक्किम के लाचेन गांव तक पैदल मार्ग बनाकर वहां फंसे 113 पर्यटकों तक पहुंच बनाने में सफल हो गए हैं। यह क्षेत्र मंगन जिले में भारी बारिश के बीच हुए कई भूस्खलनों की वजह से बाकी राज्य से पूरी तरह से कटा हुआ था।

बुधवार को एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि पिछले कुछ दिनों से गांव में फंसे इन पर्यटकों को जल्द ही निकाला जाएगा। बयान में कहा गया है कि सेना ने लाचेन गांव तक पैदल संपर्क स्थापित किया है और फंसे हुए 113 पर्यटकों तक पहुंच बनाई है, जिन्हें जल्द ही निकाला जाएगा। भारतीय सेना के जवान उत्तरी सिक्किम में स्थानीय लोगों और फंसे हुए पर्यटकों की सहायता के लिए खतरनाक इलाकों में लगातार काम कर रहे हैं। दो दिन पहले लाचुंग और चुंगथांग से कम से कम 1,678 पर्यटकों को बचाया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बुधवार को सिक्किम में आंधी और भारी बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

### अमेरिकी नागरिकों सहित 33 को निकाला

**नई दिल्ली।** वायु सेना ने सिक्किम के सुदूर चाटेन क्षेत्र से दो अमेरिकी नागरिकों सहित 33 लोगों को निकाला है। वायु सेना ने एक्स पर बचाव अभियान की तस्वीरें भी साझा कीं। पोस्ट में कहा गया कि हेलीकॉप्टरों से बचाव अभियान शुरू किया।

### कर्नल और परिजनों की तलाश में तेजी

उत्तरी सिक्किम में लाचेन के चाटेन क्षेत्र में सेना ने लेफ्टिनेंट कर्नल प्रीतपाल सिंह संधू,उनकी पत्नी स्क्वाड्रन लीडर आरती संधू (सेवानिवृत्त) और बेटी अमायरा संधू सहित छह लोगों की तलाश और तेज कर दी है। रविवार शाम को चाटन क्षेत्र में भूस्खलन के कारण सेना के एक शिविर के ध्वस्त हो जाने के बाद से इन लोगों का कुछ पता नहीं चल पाया है।

## अपने जन्मदिन पर श्रीराम का आशीर्वाद लेंगे योगी

- **राजा राम समेत देवों की प्राण प्रतिष्ठा के बनेंगे साक्षी**

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि परिसर अयोध्या में राजा राम और परकोटे में विराजमान अन्य देवी-देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा का गुरुवार को भव्य आयोजन होगा जिसके साक्षी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होंगे। अपने 53वें जन्मदिन पर वे श्रीराम का आशीर्वाद भी लेंगे। मुख्यमंत्री के सरयू नदी के त्रयोदशी महोत्सव में पहुंचने की संभावना है।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा समारोह सुबह 11 बजे से शुरू होगा। इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना, हवन और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ देव विग्रहों की स्थापना होगी। मुख्यमंत्री पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देंगे। सरयू तट पर रामकथा पार्क के समीप पुष्प वाटिका में एक पेड़ मां के नाम लगाकर समाज को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित भी करेंगे।

## अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का तात्पर्य अपमानजनक टिप्पणी नहीं : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, लखनऊ



- **सेना पर टिप्पणी करने के मामले में राहुल गांधी को नहीं दी राहत**

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सेना पर कथित अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में राहुल गांधी की याचिका को 29 मई को खारिज किया था। हालांकि तब न्यायालय ने विस्तृत फैसला बाद में देने को कहा था, इसी क्रम में विस्तृत फैसला देते हुए न्यायालय ने टिप्पणी की है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का तात्पर्य किसी व्यक्ति या संस्था पर अपमानजनक टिप्पणी करना नहीं होता है।

यह निर्णय न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने दिया है। न्यायालय ने कहा है कि परिवादी उदय शंकर श्रीवास्तव के वाद पत्र व गवाहों के बयान को देखने से प्रथम दृष्टया राहुल गांधी के खिलाफ आईपीसी की धारा 500 के तहत सेना का अपमान कारित करने का मामला बनता है लिहाजा मजिस्ट्रेट कोर्ट द्वारा उनको विचारण के लिए तलब करने के आदेश में कोई त्रुटि नहीं है। उक्त परिवाद में राहुल गांधी पर आरोप लगाया गया है कि न्याय यात्रा के दौरान उन्होंने सेना पर अपमानजनक टिप्पणी करते हुए तमाम बातें कही थीं जिनमें उनके द्वारा यह भी कहा गया था कि चीनी सैनिक हमारे सैनिकों की पिटाई कर रहे हैं। राहुल गांधी की ओर से पेश अधिवक्ता प्रांशु अग्रवाल की दलील थी कि सभी व्यक्तियों को संविधान के अनुच्छेद 19 के तहत अपनी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है और इसलिए राहुल गांधी को भी अपनी असहमति प्रकट करने का अधिकार है। हालांकि न्यायालय ने इस तर्क को यह कहकर नकार दिया कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रा का तात्पर्य किसी व्यक्ति या सेना पर अपमानजनक टिप्पणी करना नहीं होता है।

न्यायालय ने राहुल गांधी के अधिवक्ता की इस दलील को भी नामंजूर कर दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि धारा 500 के तहत मानहानि का मुकदमा सिर्फ सीधे तौर पीड़ित व्यक्ति ही दाखिल कर सकता है।

## ट्रक के वैन पर पलटने से नौ की मौत, दो घायल

झाबुआ, एजेंसी

- **मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले में बुधवार तड़के हुआ हादसा**

मध्यप्रदेश के झाबुआ जिले में बुधवार तड़के सीमेंट से लदे एक ट्रक के वैन पर पलट जाने से पांच नाबालिगों सहित नौ लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव ने घटना पर दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों के लिए आर्थिक सहायता की घोषणा की है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री की ओर से मृतकों के वारिसों को दो लाख और घायलों को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना आधी रात के बाद करीब ढाई बजे हुई जब कुछ लोग वैन से एक शादी समारोह से लौट रहे थे। मृतकों में पांच नाबालिग हैं। मरने वालों में दो परिवारों के लोग हैं। झाबुआ के एसपी पद्म विलोचन शुक्ला ने बताया कि ट्रक मेघनगर के संजेली रेलवे फाटक के पास एक अस्थायी सड़क से निर्माणाधीन रेल ओवरब्रिज को पार कर रहा था, तभी अनियंत्रित होकर वैन पर पलट गया।

## पाकिस्तान के लिए जासूसी में यूट्यूबर गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में पंजाब के एक यूट्यूबर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कहा कि जान महल नाम का यूट्यूब चैनल संचालित करने वाले एवं रूपनगर जिले के महलां गांव निवासी जसबीर सिंह का संबंध एक पाकिस्तानी खुफिया एजेंट (पीआईओ) से पाया गया है। वह जासूसी के आरोपों में नई दिल्ली से हाल में निष्कासित पाकिस्तानी उच्चायोग के एक अधिकारी के संपर्क में था और पड़ोसी देश की तीन यात्राओं में से एक में पाकिस्तान के सैन्य अधिकारियों से मिला था।

## न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से कमजोर होता है जन विश्वास

### ब्रिटिश सुप्रीम कोर्ट में गोल मेज सम्मेलन में बोले प्रधान न्यायाधीश गवई

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने कहा है कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार और कदाचार की घटनाओं से जनता के भरोसे पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जिससे पूरी व्यवस्था की शुचिता में विश्वास कम हो सकता है।

ब्रिटेन के उच्चतम न्यायालय में 'मेंटेनिंग जूडिशयल लेजिटिमेसी एंड पब्लिक कॉन्फिडेंस' विषय पर आयोजित एक गोलमेज सम्मेलन में उन्होंने न्यायाधीशों द्वारा सेवानिवृत्ति के बाद की जाने वाली नौकरियों के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि अगर कोई न्यायाधीश सेवानिवृत्ति के तुरंत बाद सरकार में कोई अन्य नियुक्ति प्राप्त करता है, या चुनाव लड़ने के लिए पीठ से इस्तीफा देता है तो इससे गंभीर नैतिक चिंता पैदा होती है। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हर प्रणाली, चाहे वह कितनी भी मजबूत क्यों न हो, पेशेवर कदाचार के लिहाज से अतिसंवेदनशील होती है। दुख की बात है कि न्यायपालिका के भीतर भी भ्रष्टाचार और कदाचार के मामले सामने आए हैं। ऐसी घटनाओं से जनता के भरोसे पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जिससे पूरी प्रणाली की शुचिता में विश्वास खत्म हो सकता है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हालांकि, इन मसलों पर त्वरित, निर्णायक और पारदर्शी कार्रवाई करके ही इस विश्वास को फिर से कायम किया जा सकता है। सेवानिवृत्ति के बाद न्यायाधीशों की सरकारी नियुक्ति अक्सर बहस का मुद्दा बनी रहती है, इस पर प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद की ऐसी नियुक्तियों का समय और प्रकृति न्यायपालिका की शुचिता में जनता के विश्वास को कमजोर कर सकती है, क्योंकि इससे यह धारणा बन सकती है कि सरकारी नियुक्तियों या राजनीति में आने से लिए न्यायिक निर्णय लिया गया।

### भारत में कदाचार से निपटने को उचित उपाय किए

सीजेआई ने कहा कि भारत में जब भी ऐसे मामले सामने आए हैं तो उच्चतम न्यायालय ने लगातार कदाचार से निपटने के लिए तत्काल और उचित उपाय किए हैं। प्रधान न्यायाधीश की यह टिप्पणी इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा पर भ्रष्टाचार के आरोपों की पृष्ठभूमि में आई है। वर्मा के दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास से बड़ी मात्रा में नकदी बरामद की गई थी। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि प्रत्येक लोकतंत्र में, न्यायपालिका को न केवल न्याय प्रदान करना चाहिए, बल्कि उसे एक ऐसी संस्था के रूप में भी देखा जाना चाहिए जो सत्ता के सामने सच्चाई को रख सकती है। उन्होंने कहा कि न्यायिक वैधता और जनता का विश्वास शब्द आपस में जुड़े हुए हैं।

## शहर में आज



☞ चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में प्लास्टिक प्रदूषण को हराना विषय पर प्रदर्शनी सुबह 10 .00 बजे

☞ गंगा दशहरा पर कचहरी परिसर स्थित मंदिर पर शरबत वितरण कार्यक्रम सुबह 10 .30 बजे

☞ कायस्थ महासभा द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम लव कुश पार्क में शाम 5 :30 बजे




### शहरीकरण के चलते सिमटते जा रहे वन क्षेत्र, केंद्र व राज्य सरकार के प्रयासों को लग रहा पलीता

# वन क्षेत्र के विस्तार में विभाग की रुचि नहीं, डियर पार्क तक सिमटी हरियाली

विश्व पर्यावरण दिवस

शुभम शर्मा, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** वर्तमान में तेजी से हो रहे शहरीकरण में वन क्षेत्र सिमटते जा रहे हैं। केंद्र व राज्य सरकार पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए लाख प्रयास कर रही है, लेकिन वन विभाग इसके लिए गंभीर नहीं है।

गमुरादाबाद में वन क्षेत्र के विस्तार में विभाग की रुचि नहीं है। यही कारण है 64.15 एकड़ में बने डियर पार्क तक ही वन क्षेत्र सिमटा हुआ है। वर्ष 2024 में 1,53,208 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया था, जबकि इस वर्ष 75 हजार पौधरोपण का ही लक्ष्य है। लक्ष्य कम होने की वजह उपयुक्त जगह न मिलना बताया जा रहा है। इससे साफ है कि सरकारी योजनाओं को पलीता लगाया जा रहा है।

मुरादाबाद ही नहीं आसपास के जिलों के लोगों को आकर्षित करने वाला रामपुर रोड स्थित डियर पार्क अब उजड़े चमन से अधिक कुछ और नहीं है। यहां अब रेस्क्यू करके लाए गए सिर्फ पांच हिरण हैं। वे भी भूखे-प्यासे। कागजों में खानापूरी के लिए वन विभाग ने दो महिला कर्मचारियों की तैनाती तो कर रखी हैं लेकिन पार्क की दुर्दशा अपना हाल खुद बयां करती है। मौके पर हिरणों की देखरेख करने वाला कोई नहीं है। यह स्थिति तब है जब सरकार की ओर से हर साल एक लाख रुपये डियर पार्क में हिरणों की देखरेख और अन्य इंतजाम के लिए मिलते हैं। डीएफओ का कहना है कि 2021 में डियर पार्क को मिनी चिड़ियाघर बनाने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा था जो पास नहीं हो सका।

- 2024 में 1,53,208 पौधे लगाने का था लक्ष्य, इस वर्ष 75 हजार पौधरोपण का ही लक्ष्य



डियर पार्क (वन चेतना केंद्र)।

### साल दर साल पौधरोपण में उतार-चढ़ाव

| वर्ष | पौधरोपण लक्ष्य |
|---|---|
| 2021-22 | 2,93,564 |
| 2022-23 | 3,77,068 |
| 2023-24 | 2,31,500 |
| 2024-25 | 1,53,208 |
| 2025-26 | 75,000 |

### वन संरक्षित क्षेत्रों के आसपास चल रहे निर्माण कार्य

वन विभाग के आंकड़ों में मुरादाबाद-दिल्ली रोड, मुरादाबाद-संभल रोड, मुरादाबाद-कांठ रोड, बिलारी स्योंडारा, मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा, सुरजननगर-जसपुर और मुरादाबाद-चंदौसी रोड वन संरक्षित क्षेत्र में घोषित हैं। घोषित वन संरक्षित क्षेत्र के एक किमी के दायरे में स्थायी आवासीय निर्माण कार्य चल रहा है। जबकि सुप्रीम कोर्ट की ओर से निर्माण कार्य न किए जाने का आदेश आने के बाद अब वन विभाग के अफसरों ने इसका पालन कराने को कहा है। उधर, हर साल वन विभाग का पौधरोपण का लक्ष्य घट रहा है। हालांकि, विभागीय अधिकारियों के अनुसार 2024-25 में हुए पौधारोपण में 90 प्रतिशत पौधे जीवित हैं। वहीं, 2023-24 में हुए पौधरोपण में 87 प्रतिशत पौधे लगातार बढ़ रहे हैं लेकिन धरातल पर जो स्थिति है वो किसी से छुपी नहीं है।

सरकार की ओर से बजट मिलेगा तो निश्चित रूप से डियर पार्क को आकर्षक रूप दिया जाएगा। वन क्षेत्र के विस्तार के लिए जमीन खोजी जा रही है। जमीन की तलाश पूरी होने के बाद शासन की इस संबंध में पत्र भेजा जाएगा। – **सूरज**, डीएफओ

### 2009 में पार्क को डियर पार्क के रूप में किया गया था विकसित

रामपुर रोड पर 80 के दशक में बनाए गए पार्क को वर्ष 2009 में टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वन चेतना केंद्र डियर पार्क के तौर पर विकसित किया था। तब यहां विभिन्न प्रजातियों के पक्षी, वन्य पशुओं को लाया गया। बोटिंग के लिए पार्क के अंदर झील भी विकसित की गई लेकिन वर्तमान में यहां ऐसा कुछ नजर नहीं आता। वर्ष 2010 में रामगंगा में आई बाढ़ से डियर पार्क को काफी नुकसान पहुंचा था। 2013 में डीएम संजय कुमार की पहल पर एक बार फिर सौंदर्यीकरण किया गया लेकिन अनदेखी के कारण यह फिर से बदहाली का शिकार हो गया।

# सड़क पर नहीं अदा करने दी जाएगी नमाज, ढके हुए क्षेत्र में होगी कुर्बानी

### डीएम व एसएसपी की मौजूदगी में हुई जिला स्तरीय पीस कमेटी की बैठक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** डीएम अनुज सिंह और एसएसपी सतपाल अंतिल की उपस्थिति में बुधवार को पंचायत भवन सभागार में जिला स्तरीय पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें अधिकारियों ने थानावार संभ्रांत लोगों से उनकी समस्याओं व सुझाव जाने और उसके समाधान का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि सड़क पर नमाज किसी भी दशा में नहीं अदा की जाएगी। कुर्बानी कवर क्षेत्र में ही होगी जिससे दूसरे धर्म को मानने वाले व्यक्तियों की भावनाएं आहत न हो।

डीएम ने कहा कि गंगा दशहरा और ईद उल अजहा के दौरान आमजन का सहयोग बहुत महत्वपूर्ण है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर कोई भी ऐसा कंटेंट शेयर न किया जाए जिससे दूसरों की भावनाएं आहत हों। उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसके लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

एसएसपी ने कहा कि हर थाने स्तर पर पीस कमेटी की बैठकें करा दी गई हैं। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप प्रशासन का आमजन के साथ संवाद रहना चाहिए, जिससे समस्याओं की जानकारी मिलते ही उसका समाधान हो सके। इसमें पीस कमेटी की बैठकें महत्वपूर्ण हैं। कहा कि किसी भी व्यक्ति को शांति व्यवस्था प्रभावित करने का अधिकार नहीं है, यदि कोई ऐसा करेगा तो उसके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई होगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कोई भी नई परंपरा शुरू नहीं होगी। लोगों की धार्मिक परंपराएं उनकी मान्यता के अनुसार बरकरार रहे इसमें पुलिस प्रशासन सुनिश्चित कराएगी।

डीएम ने कहा कि कुर्बानी के बाद अवशेषों का निस्तारण पूरी जिम्मेदारी के साथ होना चाहिए जिससे किसी को दिक्कत न हो। कुर्बानी के बाद नालियों और सड़कों पर अवशेष को न डाला जाए क्योंकि इससे शांति व्यवस्था प्रभावित होने के साथ लोगों के बीमार होने की संभावना भी बनी रहती है।

एसडीएम नगर ज्योति सिंह ने कहा कि ईदगाहों पर अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी गई है । कोई भी नई परंपरा शुरू नहीं होगी, खुले में कुर्बानी नहीं होगी और सार्वजनिक स्थलों पर नमाज अदा नहीं की जाएगी। एसपी सिटी रणविजय सिंह ने कहा कि गंगा दशहरा के आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बैठक में सीडीओ मृणाली जोशी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चंद्र, सिटी मजिस्ट्रेट, किंशुक श्रीवास्तव के अलावा सभी एसडीएम,एसओ व अन्य विभागों के अधिकारी व नागरिक मौजूद रहे।



पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते डीएम अनुज सिंह।

- गंगा दशहरा और ईद उल अजहा के दौरान आमजन का सहयोग बहुत महत्वपूर्ण: डीएम

### सोशल मीडिया पर साझा न करें कुर्बानी की वीडियो

कुर्बानी की वीडियो सोशल मीडिया पर साझा न करें क्योंकि इससे शांति व्यवस्था को लेकर चुनौती खड़ी होती है। विशेष रूप से नवयुवकों द्वारा जब ऐसा किया जाता है और उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई होती है। जो भविष्य के लिए नुकसानदायक साबित होती है।

### ईद-उल-अजहा ईदगाह में सुबह 7:30 बजे होगी नमाज

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** ईद-उल-अजहा 7 जून को मनाई जाएगी। जिसके लिए ईदगाह में सुबह 7:30 बजे नमाज होगी। मस्जिदों में तैयारियां शुरू हो गई है। नायब शहर इमाम मुफ्ती सैय्यद फहद अली ने बताया कि 7 जून को ईद-उल-अजहा की नमाज ईदगाह के मैदान में सुबह 7:30 बजे अदा होगी। उन्होंने लोगों ने वक्त से पहले ईदगाह के मैदान में पहुंचकर स्थान पाने को भी कहा। उन्होंने कहा कि कुर्बानी तीसरे दिन यानी 9 जून तक की जाएगी। इस बात का ध्यान रखें कि पशु बीमार न हो। उसका सींग या खुर टूटा न हो और कान भी कटा नहीं होना चाहिए। कुर्बानी के बाद मीट बांटने के लिए ढक कर ले जाएं। कुर्बानी के बाद बचे वेस्टेज को इधर-उधर न डालकर नगर निगम की गाड़ियों तक पहुंचाएं। कही भी गंदगी न होने दें।

### बीटेक पास युवा विद्यार्थियों को करेंगे कंप्यूटर में निपुण

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिले के 52 राजकीय विद्यालयों में कंप्यूटर शिक्षा पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए अच्छी खबर है। छात्र-छात्राओं को बीटेक पास युवा प्रोजेक्ट प्रवीण योजना के तहत कंप्यूटर की शिक्षा देंगे।

अभी तक इन विद्यालयों में अन्य विषयों के शिक्षक ही कंप्यूटर की शिक्षा दे रहे थे। जुलाई से कंप्यूटर कक्षाओं का संचालन करने की तैयारी में विभाग लगा हुआ है। जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि अभी तक यह योजना कौशल विकास मिशन की ओर से संचालित की जा रही है। अब इसका दायरा बढ़ाया जाएगा। विभाग अपने स्तर से कंप्यूटर की कक्षाओं का संचालन कराएगा। फिलहाल अभी इस संबंध में निर्देश नहीं मिला है। लेकिन, शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित बैठकों आदि में चर्चा की जा चुकी है। बताया कि जहां 45 से अधिक विद्यार्थी कंप्यूटर पढ़ने के लिए तैयार होंगे, वहां कक्षाओं का संचालन किया जाएगा। इन केंद्रों में भी बीटेक करने वाले युवाओं को पढ़ाने की जिम्मेदारी दी जाएगी।

### असलम बने जनता दल यूनाईटेड के प्रदेश सचिव व बिजनौर प्रभारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** विधायक व लोकसभा का चुनाव लड़ चुके धरती पकड़ के नाम से मशहूर असलम पाशा को जनता दल यूनाईटेड के प्रदेश सचिव व बिजनौर प्रभारी की कमान मिली है।

एनडीए में शामिल जनता यूनाईटेड पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अनुपम सिंह पटेल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष व बि हार के मुख्यमंत्री नितिश कुमार के आदेश पर असलम पाशा को प्रदेश सचिव के पद पर नियुक्त किया है, साथ ही बिजनौर के प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है। असलम ने कहा कि जिम्मेदारी को ईमानदारी से निभाऊंगा।



असलम पाशा।

### सुबह 6 से शाम 6 बजे तक ही होगा खनन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राज्य पर्यावरण प्रभाव प्राधिकरण समिति द्वारा जारी पर्यावरण स्वच्छता प्रमाण पत्र के अंतर्गत खनन कार्य केवल दिन के समय ही कराने पर जिले में सख्ती से अमल किया जाएगा।

डीएम अनुज सिंह ने बताया कि जिले के सभी लाइसेंस खनन करने वालों को निर्देश दिया गया कि खनन सुबह 6 बजे से शाम के 6 बजे तक ही किया जाएगा। रात के समय खनन अवैध माना जाएगा। यातायात पर प्रतिकूल प्रभाव की आशंका को देखते हुए यह आदेश हाईवे के निर्माण कार्य पर प्रभावी नहीं होगा।

## प्यासे को पानी पिलाना ही मां भारती की सच्ची सेवा: एमएलसी



बस स्टेशन पर शीतल जल शिविर के दौरान मौजूद डीआईओएस व अन्य।

कार्यालय संवादाता, मुरादाबाद

- भारत स्काउट गाइड संस्था की ओर से रोडवेज बस स्टेशन पर नि:शुल्क शीतल जल शिविर आरंभ

**अमृत विचार :** राहगीरों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए भारत स्काउट गाइड संस्था की ओर से बुधवार को रोडवेज बस स्टेशन पर निःशुल्क शीतल जल शिविर का आरंभ किया गया। शिविर का निरीक्षण करते हुए एमएलसी गोपाल अंजान ने कहा कि प्यासे को पानी पिलाना ही मां भारती की सच्ची सेवा है। संस्था द्वारा यह कार्य किया जा रहा है जो मां भारती के चरणों में पुष्पांजलि का अर्पण है।

शिविर का उद्घाटन करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडेय ने कैडेट्स से कहा कि जल सेवा शिविर लगाकर मानव मात्र की सेवा करते हैं, जिससे देश प्रेम की भावना विकसित होती है। जिला गाइड कमिश्नर डॉ. श्वेता पुठिया ने कहा कि हम सभी को दूसरों की सहायता करनी चाहिए। जिला स्काउट कमिश्नर डॉ. हिमांशु यादव ने इसी तरह देश के कामों में लगे रहने का आह्वान किया। जीजी हिंदू इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. कुलदीप बरनवाल ने हर साल लगने वाले इस शिविर को महत्वपूर्ण बताया। जिले के सब कमिश्नर संजय सिंह ने स्काउट गाइड की इस गतिविधि को उनके सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया। बुलबुल कमिश्नर मधु सक्सेना ने स्काउट गाइड में हिस्सा लेने के लिए सभी विद्यार्थियों को शपथ दिलाई। शहर सचिव अंजलिका माइकल ने शिविर में व्यवस्था बनाने में सहयोग किया। संचालन जिला सचिव डॉ. सुरेंद्र वर्मा ने किया। पूर्व जिला सचिव राजीव पाठक, स्काउट गाइड की यूथ विंग प्रभारी बबीता मेहरोत्रा, जिला काउंसलर मोनिका सोलंकी, स्काउट काउंसलर मनोज कुमार, काव्य भटनागर, प्रवीण प्रजापति, रंजना पांडे, माइकल मसीह, विवान बिश्नोई आदि मौजूद रहे।




# नगर निगम ने बुध बाजार, लाइनपार से हटवाया अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** नगर निगम की टीम ने बुधवार को भी रोस्टर के अनुसार बुध बाजार, इंपीरियल तिराहा आदि क्षेत्रों से सड़क की पटरियों और सार्वजनिक नाले से अतिक्रमण हटवाया। लोगों को दोबारा ऐसा न करने की चेतावनी दी।

प्रवर्तन दल की टीम ने बुध बाजार, इम्पीरियल तिराहा, लाइनपार में जेसीबी से सड़क की पटरियों व सार्वजनिक नाले पर किए अतिक्रमण को ध्वस्त करा दिया। कई जगह टीम की स्थानीय नागरिकों व दुकानदारों से नोकझोंक भी हुई। लेकिन टीम ने सरकारी कार्य में बाधा न डालने की चेतावनी देकर लोगों को हटाया। इसके बाद जेसीबी से नाला सफाई में अवरोध बन रहे अतिक्रमण को तोड़ कर हटा दिया। फुटपाथ पर दुकान लगाने वालों को भी टीम ने भगाया। कहा कि सड़क के फुटपाथ को घेरने से जाम लगने की समस्या होती है। ऐसा करने वालों का चालान काटकर जुर्माना वसूला जाएगा।

- दोबारा ऐसा न करने की दी चेतावनी, व्यापारियों ने कई जगह की नोकझोंक



अतिक्रमण ध्वस्त कराती नगर निगम की टीम।

### एमडीए ने पाकबड़ा में चार दुकानों पर चलाया बुलडोजर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध निर्माण के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत बुधवार को एमडीए की टीम ने पाकबड़ा में चार दुकानों पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कराया। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अनुभव सिंह ने बताया कि पाकबड़ा के दिल्ली रोड पर शमशाद, शाबिया, अनुज व कुंवर पाल द्वारा ग्रीन बेल्ट में अवैध रूप से दुकानों का निर्माण कराया गया था। जिसके तहत बुधवार को प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते द्वारा पुलिस बल की मौजूदगी में समस्त अवैध प्लॉटिंग को विधिसम्मत रूप से ध्वस्त कर भूमि को प्राधिकरण के अधिपत्य में ले लिया गया। एमडीए उपाध्यक्ष ने महानगर वासियों से कहा कि किसी भी भूखंड, प्लॉट क्रय-विक्रय से पूर्व प्राधिकरण की स्वीकृति अनिवार्य रूप से लें। अन्यथा कठोर कार्रवाई होगी।



### आंगनबाड़ी केंद्रों में 15 जून तक अवकाश

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** आंगनबाड़ी केंद्र खुले थे जिससे इन केंद्रों पर पंजीकृत छोटे बच्चों को गर्मी में आना पड़ता था।

जिसे देखते हुए डीएम अनुज सिंह ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपस्थित होने वाले 3 से 6 वर्ष आयु के बच्चों को तेज धूप व लू से बचाने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी 15 जून तक बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित कर दिया है। अवकाश अवधि में केंद्र खुले रहेंगे। आंगनबाड़ी कार्यकत्री, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिकाओं द्वारा लाभार्थियों को टेक होम राशन का विरण करते हुए सामुदायिक गतिविधियों और अन्य कार्यों को पहले की तरह करना है।

टूटती उम्मीद | गर्मी की छुट्टियों में लोगों के मनोरंजन का प्रमुख जरिया थी कंपनी बाग में लगने वाली प्रदर्शनी

# ...तो हमेशा के लिए बंद हो गई मुरादाबाद की बरसों पुरानी नुमाइश

विनोद श्रीवास्तव, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मुरादाबाद के कंपनी बाग में 33 वर्षों से लग रही नुमाइश अब बीते दिनों की याद बन सकती है। वर्षों पुरानी इस इस परंपरा को इस साल अभी तक शुरु नहीं किया गया। जबकि हर साल मई में कृषि विभाग की ओर से प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया जाता रहा है। हालांकि यह नुमाइश जनता के लिए मनोरंजन व फुर्सत के पल बिताने के जरिया के साथ ही सांस्कृतिक, साहित्यिक कार्यक्रमों के आयोजन में शामिल होकर अपनी परंपरा को जानने का एक सशक्त माध्यम भी है।

1992 में तत्कालीन डीएम वीएन गर्ग की पहल पर कंपनी बाग में पंचायत भवन परिसर व जिगर मंच को मिलाकर नुमाइश का आयोजन शुरू हुआ। तबसे यह अनवरत चलता रहा। हर साल मई में स्कूलों के ग्रीष्मावकाश के दौरान जून तक लगभग एक महीने लगने वाली इस प्रदर्शनी का लोगों को बेसब्री से इंतजार रहता है। जहां स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ लोगों को मिलता था वहीं मिलेट्स से बने उत्पाद, हैंडीक्राफ्ट्स आदि के स्टॉल पर भी लोग पहुंचते थे। इलाका एक महीने तक गुलजार रहता था। झूले, की दुकानें आकर्षण का केंद्र रहती थी। ग्रीष्मकालीन अवकाश में लोग शाम को फुर्सत के पल परिवार या दोस्तों, रिश्तेदारों के साथ बिताने के लिए पहुंचते थे।



पिछले साल लगी प्रदर्शनी में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम। (फाइल फोटो)

### जगह की कमी बताई जा रही वजह

हालांकि इसकी प्रमुख वजह नगर निगम की ओर से वेडिंग जोन के निर्माण के साथ ही अन्य कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं फाइव डी मोशन थिएटर व आसपास के क्षेत्र को ऐतिहासिक धरोहरों को संजोने के कार्य से जगह की कमी माना जा रहा है। लेकिन सूत्रों की मानें तो अंदरखाने प्रदर्शनी के न लगने की वजह कुछ कमियों के अलावा इस बार प्रशासनिक अधिकारियों को आयोजन से दूर रखने की वजह भी चर्चा में है।

### जिगर मंच पर होते थे कई सांस्कृतिक कार्यक्रम

जिगर मंच पर काव्य गोष्ठी, मुशायरा, साहित्यिक व सांस्कृतिक विरासत को संजोते कार्यक्रम, कई सिने स्टार्स के कार्यक्रम आकर्षण बढ़ाते थे। लेकिन इस बार जून में भी कई दिन बीतने के बाद भी प्रदर्शनी न लगने से लोगों में मायूसी है।

30 साल से ज्यादा समय से लगने वाली नुमाइश का अचानक से बंद हो जाना काफी निराशाजनक है। नुमाइश एक मनोरंजन का साधन तो थी ही इससे विभिन्न संस्कृतियों को जानने का अवसर भी मिलता था। अब नुमाइश सिर्फ यादें बनकर रह जाएगी। – **राहुल शर्मा**, निवासी लाइनपार

कक्षा 5 में था तभी से कई सालों तक माता पिता के साथ रोज रात नुमाइश देखने आता था। बाहर से कलाकार भी आकर स्टेज शो देते थे। इसके बंद होने से जो आनंद हमने लिया वह शायद आने वाली पीढ़ियों को नहीं मिल पाएगा। लोगों को रोजगार भी मिलता था। इसके बंद होने से निराशा है। – **मो. आरिफ खान**, चक्कर की मिलक

इस बार प्रदर्शनी अभी शुरु नहीं हुई। प्रदर्शनी के जगह को लेकर विचार चल रहा है। कंपनी बाग में अब पहले जितनी जगह नहीं रह गई है। इसके हर पहलू पर विचार किया जा रहा है। यह सही है कि हर साल मई में प्रदर्शनी शुरु हो जाती थी। जो अब तक नहीं लग पाई। हालांकि एक दो दिन में इसकी सही स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। – **पवन त्यागी**, जिला प्रदर्शनी अधिकारी

**आज का मौसम**

आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे और मौसम सामान्य रहेगा।

| 36.0° | 25.0° |
| --- | --- |
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05:17 | सूर्यास्त 07:10 |

## एक नजर

### 22 जुलाई को होगा बार एसोसिएशन का चुनाव

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दि मुरादाबाद बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। एसोसिएशन की एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष रमाशंकर ने बताया कि चुनाव की सभी तिथियां तय कर दी गई हैं और प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संचालित की जाएगी। एल्डर्स कमेटी के अनुसार एक बार-एक सदस्य फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 1 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है, जबकि सदस्यता शुल्क (चंदा) जमा करने की अंतिम तिथि 7 जुलाई है। रहेगी। 9 जुलाई को मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा, जिस पर आपत्ति दर्ज कराने की अंतिम तिथि 10 जुलाई तय की गई है। 11 को अंतिम मतदाता सूची जारी की जाएगी। नामांकन प्रक्रिया 14 और 15 को होगी। 22 को मतदान होगा और इसके अगले दिन 23 को मतगणना के साथ ही परिणामों की घोषणा की जाएगी। वहीं बार एसोसिएशन चुनाव को लेकर अधिवक्ता समुदाय में उत्साह का माहौल है। चुनाव की घोषणा के साथ ही संभावित प्रत्याशी सक्रिय हो गए हैं।

### गंगा दशहरा: रामगंगा में छोड़ा अतिरिक्त पानी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गंगा दशहरा पर श्रद्धालुओं के स्नान व अन्य धार्मिक कार्यों में सहूलियत के लिए जिला प्रशासन के पत्र पर कालागढ़ डैम से अतिरिक्त पानी छोड़ा गया। जिससे रामगंगा में जलस्तर बढ़ गया। नदी में सामान्य दिनों में जलस्तर काफी कम रहने से श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस पहुंचती है। नदी में पशुओं के प्रवेश को लेकर भी संगठनों की ओर से प्रतिबंध लगाने की मांग की जाती रहती है। गंगा दशहरा पर नदी में स्नान व पूजन आदि के लिए डीएम ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को पिछले दिनों अतिरिक्त जल का प्रबंध सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था। पानी बढ़ने से लोगों में खुशी है।

### बच्चों के विवाद में पथराव युवक घायल

**भोजपुर, अमृत विचार :** बुधवार को थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर मंझरा में बच्चों में विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर पथराव हुआ। इसमें जाने आलम पुत्र शफी आलम घायल हो गया। घायल ने गांव के उस्मान, इरशाद और अमन के खिलाफ ईंट पत्थर बरसा कर घायल कर देने के आरोप में तहरीर दी है। पुलिस ने घायल का सीएचसी में चिकित्सीय परीक्षण कराकर तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

# ऑनलाइन टास्क के नाम पर कंप्यूटर व्यवसायी से ठगे 34.85 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पीड़ित की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** ऑनलाइन ठगी का एक और मामला सामने आया है, जहां एक कंप्यूटर व्यवसायी को टेलीग्राम के जरिए लाखों का चूना लगाया गया। पीड़ित की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात ठग के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के हरथला हिमगिरी कॉलोनी निवासी अनुज कुमार कंप्यूटर का कारोबार करते हैं। साइबर थाना पुलिस को दी गई तहरीर में उन्होंने बताया कि उन्हे बीती 10 अप्रैल 2025 को टेलीग्राम पर डाटा टास्क 18-7100 नामक एक ग्रुप में जोड़ा गया, जिसमें ऑनलाइन टास्क कर घर बैठे पैसे कमाने का लालच दिया गया। शुरुआत में पीड़ित को कुछ आसान टास्क दिए गए, जिन्हें पूरा करने पर उसे रिवॉर्ड दिया गया। इसके बाद विश्वास जमाकर विभिन्न योजनाओं और क्रिप्टोकरेंसी (इंडिकॉइन) में निवेश के नाम पर पीड़ित से अलग-अलग बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर कराए गए। आरोपी लगातार बड़े मुनाफे का झांसा देकर पीड़ित से उसके और उसके परिवार के कुल पांच खातों से 10 अप्रैल से 21 अप्रैल 2025 के बीच कुल 34,85,522 रुपये की रकम ट्रांसफर करवा लिए। बाद में जब पीड़िता को धोखाधड़ी का अहसास हुआ। जिसके बाद अनुज कुमार ने साइबर थाने में शिकायत की। इस संबंध में थाना साइबर पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंडल स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक

# गागन नदी के किनारे कचरा जलाने पर लगाएं रोक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- उद्योगपतियों की समस्याओं के समय से निस्तारण के निर्देश

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को उनके कार्यालय सभागार में मंडल स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक हुई। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उद्योग बंधुओं की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय से निस्तारण किया जाए। डियर पार्क के संचालन के लिए डीएफओ मुरादाबाद को कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने महानगर में गागन के किनारे कूड़ा कचरा जलाने पर रोक लगाने के लिए कहा। अपर नगर आयुक्त ने बताया कि गागन के किनारे अवैध अतिक्रमण को चिह्नित करने के लिए संयुक्त टीम का गठन कर अतिक्रमण हटाया जाएगा। मंडलायुक्त ने सिंचाई विभाग के अधिकारी को सर्वे और मैपिंग कराने के निर्देश दिए।

मंडलायुक्त ने मंडल के नालों का सर्वे और चिन्हीकरण कराने के लिए कहा। ई-वेस्ट रिसाइक्लिंग व एकत्रीकरण की दो से तीन वार्ड में एक स्थान चुनकर साप्ताहिक डिस्पोजल कराए के लिए कहा। जिस पर नगर निगम के अधिकारी ने बताया कि 70 वार्डों में अनुबंधित संस्था के माध्यम से डोर टू डोर कूड़ा एकत्र किया जा रहा है। प्रत्येक घर प्रतिष्ठान एवं व्यावसायिक इकाइयों से कूड़ा वैज्ञानिक पद्धति से एकत्र किया जाता है। उन्होंने बताया कि गीला कूड़े में किचन वेस्ट जैसे भोजन अवशेष, सब्जियों व फलों के छिलके, बासी भोजन आदि शामिल होते हैं, इस कूडे. से खाद बनाई जाती है जिससे जैविक कृषि को बढ़ावा मिलता है।



बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह व उपस्थित अधिकारी।

सूखा कूड़ा जैसे प्लास्टिक, गत्ता कागज, कांच, धातु,टिन आदि शामिल है, यह कूड़ा पुनः उपयोग के लिए प्रोसेसिंग यूनिट्स में भेजा जाता है। घरेलू हानिकारक सैनेटरी कूड़ा में सैनेटरी पैड, डायपर, एक्सपायर दवाईयां, सीरिंज, ब्लेड, इंजेक्शन निडल्स आदि शामिल होते हैं, इसे विशेष प्रकार की जैव चिकित्सीय अपशिष्ट निस्तारण विधियों से निष्पादित किया जाता है। घरेलू हानिकारण कचरे में सीएफएल बल्ब, टूटी ट्यूबलाइट, खराब मोबाइल, लैपटॉप, टीवी, इलेक्ट्रानिक उपकरण, बैट्री आदि शामिल होते हैं। जिसका निस्तारण इंसीनेटरी एवं ई-वेस्ट सिस्टम मैनेजमेंट के माध्यम से किया जाता है जिससे पर्यावरण सुरक्षित रहता है। मंडलायुक्त ने कहा कि जो भी कूड़ा संवेदनशील हो उसे एक मानक एजेंसी को ही देकर उसका निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। बैठक में संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार, एमडीए की सचिव अंजुलता, अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, बिजली विभाग के मुख्य अभियंता एके सिंघल के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी और उद्योग बंधु मौजूद रहे।

### एकता विहार से जीरो प्वाइंट तक सड़क चौड़ीकरण पर चर्चा

रामपुर रोड एकता विहार से जीरो प्वाइंट तक लोक निर्माण विभाग की सड़क पर चौड़ीकरण, डिवाइडर पर स्ट्रीट लाइट, दोलरा गांव के पास दलपतपुर मुरादाबाद में ड्राई पॉट परियोजना के लिए सड़क चौड़ीकरण, अवैध भट्ठियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई पर चर्चा हुई।

# गंगा दशहरा को ट्रैफिक डायवर्जन लागू, चरमराई यातायात व्यवस्था

## दिल्ली रोड पर बड़े वाहनों को रोकने से कई जगह लगा जाम, परेशान हुए लोग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- स्नान के लिए ब्रजघाट व अन्य गंगा घाटों पर स्नान के लिए पहुंच रहे लोग

**अमृत विचार :** गंगा दशहरा पर गढ़मुक्तेश्वर, ब्रजघाट और अमरोहा के तिगरी घाट जैसे पवित्र स्थलों पर स्नान के लिए उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने ट्रैफिक डायवर्जन लागू किया है। लेकिन डायवर्जन की वजह से बुधवार को दिल्ली रोड सहित कई प्रमुख मार्गों पर यातायात व्यवस्था चरमरा गई और जगह-जगह जाम की स्थिति बनी रही, जिससे आमजन को खासी परेशानी उठानी पड़ी।

गंगा दशहरा पर्व इस वर्ष 5 जून को मनाया जाएगा। जिसके चलते लाखों श्रद्धालुओं के गंगा स्नान के लिए पहुंचने की संभावना है। भारी भीड़ को नियंत्रित करने और हाईवे पर दबाव कम करने के लिए बीती 3 जून दोपहर 12 बजे से 5 जून रात 10 बजे तक ट्रैफिक पुलिस द्वारा विशेष डायवर्जन योजना लागू की गई है। फिलहाल यह डायवर्जन केवल भारी वाहनों के लिए लागू किया गया है, लेकिन जरूरत पड़ने पर हल्के चार पहिया वाहन और रोडवेज बसों को भी वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट किया जा सकता है। हालांकि डायवर्जन लागू होने के बाद दिल्ली रोड, छजलैट और अन्य वैकल्पिक मार्गों पर यातायात दबाव बढ़ गया है, जिससे कई स्थानों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और लोगों को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ा। सपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार का कहना है कि ट्रैफिक व्यवस्था श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए की गई है। गंगा दशहरा के दिन सुबह से ही श्रद्धालु पवित्र नदी में आस्था की डुबकी लगाने के लिए घाटों की ओर रवाना होंगे, जिसे देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल और ट्रैफिक कर्मियों की तैनाती की गई है।

### यह है डायवर्जन प्लान

मुरादाबाद से मेरठ, बिजनौर और मुजफ्फरनगर की ओर जाने वाली प्राइवेट बसें, ट्रक, ट्रैक्टर ट्रॉली आदि माल वाहक वाहन हाईवे पर टीएमयू अंडर पास से शेरुआ चौराहा, छजलैट, नूरपुर, बिजनौर होते हुए मेरठ व मुजफ्फरनगर जाएंगे।

- इसी तरह मुरादाबाद से हापुड़, गाजियाबाद और दिल्ली की ओर जाने वाली प्राइवेट बस, ट्रक, ट्रॅक्टर ट्रॉली आदि हाईवे की बजाय बिलारी, चंदौसी, बबराला, नरौरा, डिबाई, बुलंदशहर होते हुए जाएंगे और उसी रास्ते वाहन आएंगे।



डबल फाटक पुल पर जाम में रेंगते हुए गुजरे वाहन। ● अमृत विचार

## 10 को होगा 50 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नगर निगम की ओर से 50 करोड़ रुपये लागत की महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण 10 जून को किया जाएगा। इसमें प्रदेश के जलशक्ति एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह को आमंत्रित किया गया है। महापौर विनोद अग्रवाल ने इसके लिए पत्र भेजा है।

महापौर ने बताया कि 10 जून को बड़ा मंगल के उपलक्ष्य पर नगर निगम की ओर से बने हनुमान वाटिका, 3 डी होलोग्राम प्रोजेक्शन के कार्य के अलावा 5 डी मोशन थिएटर का उद्घाटन और खेलो इंडिया पार्क का शिलान्यास किया जाएगा। इसमें प्रदेश सरकार में जलशक्ति व बाढ़ नियंत्रण विभाग के मंत्री को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा सदस्य विधान परिषद व प्रदेश अध्यक्ष क्रीड़ा भारती अवनीश कुमार सिंह को भी खेलो इंडिया पार्क के शिलान्यास व अन्य लोकार्पण कार्यक्रम में आतिथ्य के लिए आमंत्रित किया गया है।

नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने बताया कि इन परियोजनाओं के लोकार्पण से महानगर में विकास का नया आयाम स्थापित होगा। लोगों को मनोरंजन व अन्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

## सार-संक्षेप

### मंडलायुक्त ने बार एसोसिएशन के सदस्यों से किया संवाद



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को उनके कार्यालय सभागार में मंडल के बार एसोसिएशन के सदस्यों व वकीलों के साथ बैठक हुई। इसमें मंडलायुक्त ने वकीलों के साथ संवाद कर आपसी सहयोग के साथ कार्य करने की अपेक्षा की। मंडलायुक्त ने कहा कि हड़ताल करने से पहले अधिकारियों से भी एक बार संवाद स्थापित करें जिससे पहले ही समस्या का समाधान हो सके। उन्होंने वकीलों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और समस्याओं के निवारण के लिए उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया। कहा कि मंडल के प्रत्येक तहसील में वकीलों के चैंबर की व्यवस्था सुनिश्चित कराएंगे। बैठक में अपर आयुक्त प्रथम सर्वेश कुमार गुप्ता व वकील आदि उपस्थित रहे।

### ईपीसीएच कार्यालय पर नव निर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** निर्यात प्रोत्साहन एवं हथकरघा बोर्ड (ईपीसीएच) के नव निर्वाचित अध्यक्ष डॉ. नीरज विनोद खन्ना का बुधवार को कार्यालय बसंत कुंज, नई दिल्ली में स्वागत किया गया। मुरादाबाद से आए निर्यातकों और ईपीसीएच के कर्मचारियों ने फूलों की माला पहनाकर उनका स्वागत किया। पूजा-अर्चना के बाद पूर्व अध्यक्ष राजकुमार मल्होत्रा एवं पूर्व अध्यक्ष रवि पासी ने विधि-विधान से नीरज विनोद खन्ना को पदभार ग्रहण कराया। स मौके पर ईपीसीएच के सीओए व एमएचईए के महासचिव अवधेश अग्रवाल, एमएचईए के अध्यक्ष नवेदुर्रहमान, युवा निर्यातक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विशाल अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक रोहित ढल, राष्ट्रीय सचिव सनत कोठीवाल, कोषाध्यक्ष सुमित टंडन, यस के अध्यक्ष जेपी सिंह, महासचिव पुनीत आर्य, शैलेश खन्ना, मनमोहन महाजन, सुरेश गुप्ता, एडवोकेट नवनीत शमशेरी, एडवोकेट अचल शर्मा, डॉ. हरजीत सिंह शामिल रहे।

# नदी को साफ सुथरा रखने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



नदी किनारे व्यवस्थाएं देखते महापौर विनोद अग्रवाल और नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल

- नगर आयुक्त व महापौर ने देखीं तैयारियां

**अमृत विचार :** गंगा दशहरा व विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर निगम की ओर से घाटों और पर्यावरण संरक्षण के लिए की जा रही तैयारियों का बुधवार को महापौर विनोद अग्रवाल और नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने निरीक्षण किया। उन्होंने रामगंगा के तट पर सफाई के साथ ही नदी को साफ सुथरा रखने के लिए निर्देश दिया। साथ ही विश्व पर्यावरण दिवस पर स्वच्छ भारत-हरित भारत अभियान की प्रतिज्ञा दिलाई जाने के बारे में बताया।

नगर आयुक्त ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस पर लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने व उसके संरक्षण के लिए चलाए जा रहे अभियान एक पेड़ मां के नाम को और आगे बढ़ाया जाएगा। पौधरोपण करने के साथ ही लोगों को पौधों की देखभाल कर उसे विकसित करने में जिम्मेदारी निभाने का संकल्प दिलाया जाएगा। निगम की वार्ड समितियों के द्वारा वार्ड में संगठनों, छात्रों, सफाई मित्रों व पार्षदों के सहयोग से लोगों को स्वच्छ भारत-हरित भारत की प्रतिज्ञा दिलाई जाएगी।

गंगा दशहरा पर श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्था व उनकी सुविधा के लिए रामगंगा नदी के प्रमुख घाटों पर व्यवस्था की जा रही है। रामगंगा विहार के मोक्षधाम घाट, गागन नदी घाट, अटल घाट, कटघर स्थित कालीमाता मंदिर लालबाग के घाट पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। घाटों पर कपड़े बदलने के लिए चेंजिंग रूम बनाए गए हैं जिससे खासकर महिलाओं को असुविधा न हो। इस दौरान अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार, अतुल कुमार आदि मौजूद रहे।

## पछुवा ने दी उमस भरी गर्मी से राहत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जून के पहले सप्ताह में एक बूंद बारिश न होने से उमस भरी गर्मी से लोग परेशान हैं। किसानों को खेती के लिए भी बारिश का इंतजार है। बुधवार को पछुआ हवा चलने से उमस से थोड़ी राहत मिली।

शाम को हल्के बादल के बीच पछुआ हवा चली तो लोगों को उमस से राहत मिली। हालांकि दिन में तेज धूप ने लोगों के पसीने निकाल दिए। लोग पेड़ों की छांव में रुक कर समय बिताते रहे। शीतल पेय की दुकानों पर भीड़ रही। गन्ने के जूस के ठेले पर लोग पहुंच कर गला तर करते रहे। अधिकतम तापमान 35 और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहा। अभी आगामी कई दिनों तक ऐसे की मौसम रहने का अनुमान मौसम विशेषज्ञ जता रहे हैं।

# कांग्रेस का जिला पंचायत चुनाव पर अधिक फोकस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक बुधवार को गुरहट्टी स्थित कार्यालय पर हुई। इसमें आगामी जिला पंचायत चुनाव की रणनीति पर विचार किया गया। बैठक का मूल एजेंडा भले ही जिला एवं ब्लॉक इकाइयों के पुनर्गठन को लेकर था, लेकिन प्रदेश नेतृत्व द्वारा पंचायत चुनावों के महत्व को देखते हुए पूरा फोकस इसी पर केंद्रित रहा।

जिलाध्यक्ष विनोद गुंबर ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के लिए टिकट उन्हीं नेताओं को मिलेगा, जिनका पंचायत चुनावों में प्रदर्शन बेहतर रहेगा। कहा कि पैराशूट प्रत्याशियों को दरकिनार कर जमीनी कार्यकर्ताओं को ही प्राथमिकता दी जाएगी। बैठक में तय हुआ कि जिला इकाई के पदाधिकारियों को विभिन्न



जिला कार्यालय पर आयोजित बैठक में मौजूद कांग्रेसी। ● अमृत विचार

- अच्छा प्रदर्शन बनेगा विधायक के टिकट का आधार

जिपं वार्डों में प्रभारी बनाकर भेजा जाएगा। जो कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन की रिपोर्ट तैयार करेंगे, जिसके आधार पर प्रत्याशियों का चयन होगा। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता सुधीर पाठक ने किया। इस दौरान अजय गोपाल रस्तोगी, मुशाहिद चौधरी, राजेशपाल, वसीम अहमद, अकरम खां, विजयराज सैनी, विवेक अग्रवाल, मोहम्मद जाहिद हुसैन, भयंकर सिंह बौद्ध, डॉ. सिराजुद्दीन, सुशीला कश्यप, सबा सैफी, शिशुपाल जाटव, अनिल शर्मा काले, रजनीश सिंह, शमीम, शरीफ आजाद, नाजिम गांधी, सादिक सिद्दीकी, सीपी सिंह, परम सिंह सैनी, तरुण गुप्ता और योगेंद्र जाटव समेत अन्य कांग्रेसी शामिल रहे।

### राष्ट्रीय महासचिव ने ली वर्चुअल बैठक

जिला कार्यालय में हुई बैठक के दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे की अध्यक्षता में यूपी के जिलाध्यक्षों और प्रभारियों के साथ वर्चुअल बैठक हुई। जिसमें पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भी शामिल रहीं। वर्चुअल बैठक के चलते प्रभारी सुधीर पाराशर और खुशतर मिर्जा मासिक बैठक में भाग नहीं ले सके। वर्चुअल बैठक में राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल ने जानकारी दी कि मुरादाबाद जिला कांग्रेस को प्रदेश की टॉप टेन इकाइयों में शामिल किया गया है। यह सुनकर बैठक में मौजूद सभी नेताओं ने तालियां बजाकर जिलाध्यक्ष विनोद गुंबर को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।




## महिला से अश्लीलता में डॉक्टर गिरफ्तार

**मैनाठेर, अमृत विचार :** मैनाठेर क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर दी कि वह दो जून को गांव नगलिया मशकूला अड्डे पर एक अस्पताल में अपनी सास की देखभाल के लिए रुकी थी। अस्पताल का स्टाफ खाना खाने गया था।

डॉक्टर रऊफ ने उसे अपने केबिन में बुलाया। वह समझी डॉक्टर शायद सास की बीमारी की कोई जानकारी या दवा बताने वाले हैं। वह कक्ष में घुसी तो डॉक्टर ने दरवाजा बंद कर लिया और उसके साथ अश्लील हरकतें कीं। विरोध किया तो चुप रहने और किसी से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर आरोपी डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी डॉक्टर को जेल भेज दिया। मैनाठेर इंस्पेक्टर किरणपाल सिंह ने बताया की जांच कराई जा रही है।

# स्नातक संघ प्रतिनिधिमंडल ने उपमुख्यमंत्री से की मुलाकात



लखनऊ में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मुलाकात करते शिक्षक। ● अमृत विचार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अखिल भारतीय राष्ट्रीय स्नातक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से शिष्टाचार भेंट कर प्रदेश के स्नातकों, प्रबुद्ध वर्ग और शिक्षकों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के बारे में बताया। प्रतिनिधिमंडल ने इन मुद्दों के समाधान के लिए सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग की।

उपमुख्यमंत्री पाठक ने प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि शिक्षकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएगा तथा सरकार स्नातक वर्ग और प्रबुद्ध नागरिकों के हितों के प्रति संवेदनशील है। प्रतिनिधिमंडल में संघ के राष्ट्रीय महामंत्री योगेश सिंह सेंगर, राष्ट्रीय मंत्री हरिओम शर्मा, उत्तर प्रदेश के महामंत्री अभिषेक पांडे, प्रदेश मीडिया प्रमुख सुधांशु तिवारी और ब्रज क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष थान सिंह शामिल रहे।

# सड़क दुर्घटना में चार साल के बच्चे की मौत, 16 घायल

## गर्जिया देवी से लौट रहे श्रद्धालुओं का मैजिक पेड़ से टकराया

संवाददाता, भगतपुर

**अमृत विचारः** भगतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पसियापुरा के मोड़ के पास श्रद्धालुओं का मैजिक वाहन अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गया। टक्कर लगने से वाहन में सवार एक बालक की मौत हो गई एवं अन्य श्रद्धालु घायल हो गए। भगतपुर पुलिस मौके पर पहुंची एवं घायलों को उपचार के लिए भोजपुर सीएचसी भिजवाया। कुछ घायलों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला चिकित्सालय मुरादाबाद रेफर किया गया है।

जिला संभल के थाना कैला देवी क्षेत्र के भटौला व चंदौसी क्षेत्र के नरौली निवासी कुछ श्रद्धालु मैजिक से उत्तराखंड के रामनगर स्थित गर्जिया देवी मंदिर दर्शन करने गए थे। बुधवार की दोपहर लौट रहे थे। भगतपुर के पसियापुरा के पास मोड़ पर पहुंचे तभी वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया। मौके पर मौजूद राहगीरों ने श्रद्धालुओं को वाहन से बाहर निकाला एवं भगतपुर पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने प्रियांश(4) पुत्र अनंतराम निवासी भटौला संभल को मृत घोषित कर दिया। घायल रिंकी, चांदनी, नीतू, भावनी, पूजा, हिमानी, भारती, नरेश, रामचंद्र, मधु, राजवती, नीरू निवासी भटौला थाना कैला देवी जनपद संभल एवं सूरज निवासी नरौली जनपद संभल एवं योगिता, सरिता, कलावती को जिला चिकित्सालय मुरादाबाद रेफर कर दिया गया।



गांव भटौला में मृतक के गमजदा परिजन। • अमृत विचार

- **मुरादाबाद के भगतपुर के पास हुआ हादसा**

## बरात के दौरान विवाद में मारपीट, कई घायल

**भगतपुर, अमृत विचारः** ग्राम दांडी मंगावाला में बरात चढ़त के दौरान वाहन को साइड देने के विवाद में मारपीट हो गई। कई बाराती घायल हो गए। मामले में आठ नामजद व छ अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है।

दिल्ली निवासी बाबूराम के अनुसार मंगलवार की शाम वह भतीजे टिंकू निवासी मुरादाबाद की बरात लेकर भगतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम दांडी मंगावाला में आए थे। बताया कि रात में बरात चढ़त हो रही थी। बराती डांस कर रहे थे। इसी दौरान लकड़ी से भरा एक मैजिक आया तो चालक साइड देने की मांग करने लगा जिस पर बरातियों ने रास्ता तंग होने की बात कही। आरोप है कि यह सुनकर मैजिक पर सवार आरोपी गुस्सा हो गए और उन्होंने बरातियों के साथ मारपीट शुरू कर दी। बराती सोनू, रितिक, रोहित, प्रियांशु, नरेश, निक्की, रीना, कुंवर सिंह आदि घायल हो गए। पुलिस ने बाबूराम की तहरीर के आधार पर आरोपी बारिश अली, हाकम, हारिश, रहमत अली, राशिद, शहजाद, बुंदु, सैद अली निवासी दांडी मंगावाला व 6 अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई।

## धोखाधड़ी से जमीन बेचने पर 10 पर रिपोर्ट

**डिलारी, अमृत विचारः** एसएसपी के आदेश पर थाना डिलारी पुलिस ने धोखाधड़ी से जमीन बेचने के आरोप में 10 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

गांव जहांगीरपुर निवासी पंकज कुमार ने एसएसपी को लिखित शिकायत देकर बताया कि गांव जटपुरा निवासी शाहनवाज हुसैन और इशरत जहां ने गांव स्थित कृषि भूमि 16 लाख रुपये में उसे बेच दी। उसने आठ लाख रुपये बयाने के तौर पर चेकों के माध्यम से देकर रजिस्टर्ड इकरार नामा करा बैनामे की तिथि तय कर दी। आरोपियों ने अवैध रूप से अन्य लोगों के नाम रजिस्ट्री करा दी मामला निपटाने के लिए पंचायत की लेकिन कोई नतीजा नहीं निकलने पर पीड़ित ने एसएसपी को लिखित शिकायत दी। एसएसपी ने थाना डिलारी पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश जारी कर दिया। पुलिस ने आरोपियों इशरत जहां, शाहनवाज हुसैन, मोहम्मद साजिद, मोहम्मद समीर, रोशन जहां,फिरासत, असीम अली, मोहम्मद जान, मोबीन अहमद के नाम मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 34 नए डिप्टी एसपी को कराई रिहर्सल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **7 जून को लखनऊ में मुख्यमंत्री से मुलाक़ात करेंगे सभी डिप्टी एसपी**

**अमृत विचारः** पुलिस अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 34 नए डिप्टी एसपी को साइबर अपराध रोकने के एक्सपर्ट होंगे। उन्हें प्रशिक्षण के दौरान साइबर अपराध रोकने का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। 10 दिन तक प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों का भ्रमण कराकर भीड़ को कंट्रोल करने के साथ अन्य राज्यों की सीमा पर लेकर वहां की पुलिस से कैसे समन्वय स्थापित करना है इसके गुण भी सिखाए गए। यह सभी 34 डिप्टी एसपी 6 जून शुक्रवार को पासिंग आउट परेड में हिस्सा लेंगे और सात को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ जाकर मिलेंगे। पासिंग आउट परेड की तैयारी शुरू हो गई है। बुधवार को रिहर्सल कराया गया।

डॉ. भीमराव आंबेडकर पुलिस अकादमी शुक्रवार को 34 डिप्टी एसपी की पासिंग आउट परेड होगी। डीजी ट्रेनिंग दीक्षांत परेड की सलामी लेंगी। एडीजी अकादमी राजीव संभरवाल ने बताया कि भर्ती परीक्षा 2023 में चयनित हुए अभ्यर्थियों में से 36 को ट्रेनिंग के लिए अकादमी भेजा गया था। इनमें से दो अभ्यर्थी किसी कारण से बाद में ट्रेनिंग शुरू किए थे। शेष 34 डीएसपी 12 माह 15 दिन का प्रशिक्षण पूरा कर लिए हैं। इसमें 9 महिला और 25 पुरुष अभ्यर्थी शामिल हैं। परीक्षा कराने के बाद नई दिल्ली निवासी गौरव उपाध्याय को सर्वांग सर्वोत्तम चुने गए हैं। जबकि महाराजगंज निवासी आकांक्षा गौतम इनडोर और गाजियाबाद अवनीश कुमार सिंह आउट डोर टापर बने हैं। बुधवार को इनकी फुल ड्रेस रिहर्सल कराई गई। एडीजी ने बताया कि प्रशिक्षण ले रहे सभी 34 डिप्टी एसपी को साइबर अपराध रोकने के लिए एक्सपर्ट किया गया है। बताया कि मुख्यमंत्री पासिंग आउट परेड में शामिल नहीं होंगे। इसलिए सभी डिप्टी एसपी सब 7 जून को लखनऊ में मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे।

## निर्धारित स्थल पर ही की जाए कुर्बानी



निरीक्षण करते सीओ राजेश कुमार।

**बिलारी, अमृत विचारः** सीओ राजेश कुमार तिवारी ने बकरीद की तैयारियों की समीक्षा की। इसी क्रम में बुधवार को कुर्बानगाह का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष हाजी रफी राजू से शीघ्र ही कुर्बान गाह स्थल की साफ-सफाई के अलावा सीसीटीवी कैमरे दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं।

सीओ ने कहा कि सभी सीसीटीवी ठीक कर लिए जाएं। बाहर सड़क की तरफ भी एक कैमरा लगाया जाए। किसी भी तरह कुर्बानी के लिए आने वाले जानवर अंदर ही रहे। कुर्बानी सिर्फ निर्धारित स्थल पर ही की जाए, इसके अलावा पुलिस क्षेत्र अधिकारी ने क्षेत्र में अन्य जगह भी कुर्बान गाहों का निरीक्षण किया। इस दौरान कोतवाली प्रभारी अमरनाथ वर्मा भी साथ रहे।

# जेवर के विवाद में परिवार में मारपीट, युवक की मौत

संवाददाता, डिलारी

- **मृतक की पत्नी ने लगाया हत्या का आरोप, तहरीर दी**
- **थाना प्रभारी ने कहा, जहर खाने से हो गई युवक की मौत**

**अमृत विचारः** जेवर खो जाने के विवाद में परिवार में मारपीट में युवक की मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगा तहरीर दी। वहीं पुलिस ने जहर खाने से मौत की बात कही है।

गांव रहटा माफी निवासी अंकित की पत्नी नीलू ने बताया कि अलमारी से उसके जेवर गायब हो गए थे। उसने मंगलवार की रात ससुराल वालों से जेवरों के बारे में पूछा। ससुराल वाले भड़क गए और उसे पीटने लगे। उसे बचाने पहुंचे उसके पति को भी पीटना शुरू कर दिया। आरोप लगाया कि पिटाई से उसके पति की मौत हो गई। उसने पुलिस को सूचना देनी चाही तो जान से मारने की धमकी दे सास, ससुर, देवर आदि ने चुप करा दिया और समझौते का दबाव बनाने लगे। बुधवार की सुबह नीलू के मायके वाले रहटा माफ़ी पहुंचकर हंगामा करने लगे। नीलू ने थाना डिलारी में सास, ससुर, देवर, देवरानी, ननद पर हत्या का आरोप लगा तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। थाना प्रभारी डिलारी मनोज कुमार ने बताया कि मंगलवार की रात अंकित का माता-पिता, भाई,बहनों से झगड़ा हो गया था जिससे आहत होकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिसकी मौखिक सूचना मिली है। तहरीर आने पर घटना की जांच की जाएगी। तथ्यों के अनुसार केस दर्ज किया जाएगा।

# सिंचाई विभाग के डाक-बंगले का होगा जीर्णोद्धार

संवाददाता, बिलारी

- **आश्वासन समिति की बैठक में सपा विधायक ने उठाए जनहित के कई मुददे**
- **किसानों के गन्ना का बकाया भुगतान शीघ्र कराने की उठाई मांग**

**अमृत विचारः** सपा विधायक एवं सरकारी आश्वासन संबंधी समिति के सदस्य हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने बुधवार को लखनऊ में सरकारी आश्वासन संबंधी समिति की बैठक में बिलारी के सिंचाई विभाग के जर्जर डाक-बंगले के जीर्णोद्धार उठाए जाने का प्रस्ताव रखा, जिस पर सभापति डॉ अजय कुमार ने मंजूरी देते हुए प्रमुख सचिव, सिंचाई विभाग को निर्देशित किया।

सपा विधायक ने राज्य सरकार द्वारा बनाए जा रही नहरों की प्रगति जानी और अधूरी नहरों के कार्य को पूरा कराकर उसमें जल संचालित कराए जाने व किसानों को नहरों से सिंचाई हेतु जल उपलब्ध कराने की मांग रखी। सपा विधायक ने प्रदेश के किसानों के गन्ना के बकाया भुगतान को मिल मालिकों द्वारा शीघ्र भुगतान कराने की मांग उठाई। इसके अलावा गन्ना समिति बिलारी में बने निजी कार्यालयों को हटाकर उनके स्थान पर कॉम्पलैक्स बनाकर लोगों को रोजगार मुहैया कराने की मांग रखी। बैठक में मुख्य रूप से विधायक इकबाल महमूद, विधायक रामखिलाड़ी यादव, विधायक अवधेश सिंह, विधायक आशीष सिंह, विधायक कृष्णा पासवान, विधायक राजीव गुंबर, विधायक महेंद्र पाल सिंह, विधायक रेखा वर्मा, विधायक राम फेरन पांडे, विधायक राजीव सिंह उर्फ बब्बू भैया, विधायक दीपक कुमार मिश्र, विधायक केतकी सिंह आदि मौजूद रहे।



लखनऊ में आयोजित बैठक में बिलारी सपा विधायक हाजी मोहम्मद फ़हीम इरफ़ान।

## मांग पूरी नही होने पर विवाहिता को निकाला

**भोजपुर, अमृत विचारः** एसएसपी सतपाल अंतिल को दिए प्रार्थना-पत्र में थाना क्षेत्र के गांव जैतपुर निवासी विवाहिता ने बताया कि उसका विवाह 24 अक्टूबर 23 को शोभित पुत्र सूरजपाल के साथ हुआ था। पिता द्वारा दिए गए दान दहेज से पति और ससुराल वाले खुश नहीं थे।

पति कारोबार करने के लिए मायके से 5 लाख रुपये, बुलेट व फ्रिज-कूलर की मांग को लेकर उत्पीड़न करने लगे। दस मई की रात पति शोभित, सास कविता, ससुर सूरजपाल, ननदें शिवानी व नीलू और देवर जो गलत नजर भी रखता है ने कमरे से बाहर खींचकर लात-घूसों से मारपीट की। पेट में लात लगने से दो महीने का गर्भपात हो गया। मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने की वजह से रिपोर्ट लिखाने में देर होने की बात कही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सार-संक्षेप

### रालोद की विधानसभा कार्यकारिणी का गठन



**ठाकुरद्वारा , अमृत विचार :** राष्ट्रीय लोक दल पार्टी कार्यकर्ताओं की एक बैठक बुधवार को जिलाध्यक्ष मुख्तार हुसैन सैफी के आवास पर आयोजित की गई। जिसमें जिला महासचिव डॉ. नफीस व विधानसभा अध्यक्ष अरुण कुमार भारद्वाज एडवोकेट द्वारा पार्टी की विधानसभा कार्यकारिणी का गठन किया गया। रालोद की नीतियों के प्रचार एवं प्रसार के विषय में चर्चा की गई। पदाधिकारियों को पार्टी की नीतियों व जयंत चौधरी के विचारों को घर-घर पहुंचाने का आह्वान किया गया। नव नियुक्त कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिवाकर सिंह, उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, महासचिव मुकेश कुमार, दिव्यांश कुमार, मीडिया प्रभारी मोहम्मद सलीम अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष ठाकुरद्वारा हेमचंद्र मोहन, विपिन कुमार, सचिव विवेक कुमार, डिलारी ब्लॉक उपाध्यक्ष करण सिंह सैनी, सचिन कुमार आदि को विधानसभा क्षेत्र ठाकुरद्वारा में पार्टी को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

### मजदूरों को दी कानूनी जानकारी



**बिलारी ,अमृत विचार :** नगर के गांधी पार्क में नागरिक एकता परिषद की ओर से मजदूरों के हक-अधिकारों की रक्षा को लेकर बुधवार को जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम कुमार व अध्यक्षता भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गजराम सिंह वाल्मीकि ने की। मुख्य वक्ता कपिल राज सिंह वाल्मीकि ने कहा कि विगत दिनों मजदूरो को गर्मी से बचाव के लिए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया था, जिसमें मजदूरों के कार्यस्थल पर ठंडा पानी, छांव की व्यवस्था ओर दोपहर में 3 घंटे का आराम आदि मांग शामिल थी। जिसके लिए जल्द डीएम से मुलाकात की जाएगी। अध्यक्ष गजराम सिंह वाल्मीकि ने जल संरक्षण के महत्व पर बल दिया और लोगों से पानी बचाने की अपील की। प्रेम कुमार ने मजदूरों को उनके कानूनी हक और अधिकारों के बारे में बताया। कार्यक्रम में मजदूरों के लिए स्थायी रूप से एक सहायता केंद्र बनाए जाने की भी योजना रखी गई। इस दौरान राजीव वाल्मीकि, विनोद सागर, सोनू रत्नाकर, श्याम सिंह वाल्मीकि, अनमोल वाल्मीकि, लोकेश कोली, अवनीश गुप्ता, विनीत कुमार आदि मौजूद रहे।

### बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद को लेकर घमासान



**कांठ, अमृत विचार :** तहसील बार एसोसिएशन कार्यकारिणी 2025-2026 के चुनाव के तहत नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन अधिवक्ताओं ने कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद एवं सदस्य कार्यकारिणी के लिए दाखिल किये। अध्यक्ष एवं पद के लिए अधिवक्ताओं के पद हेतु संभावित उम्मीदवारों में अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए राजनीतिक हथकंडे अपनाने शुरू कर दिए हैं। तहसील बार एसोसिएशन कार्यकारिणी वर्ष 2025-2026 के लिए एल्डर कमेटी के समक्ष नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु मोहम्मद अहमद एवं सदस्य कार्यकारिणी हेतु इमरान खान, विपेंद्र सिंह, जीशान आलम, अतुल बिश्नोई ने नामांकन पत्र दाखिल कराये। आगामी गुरुवार को नामांकन पत्रों की जांच एवं आपत्ती ली जाएगी । नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन प्रमोद शर्मा एवं प्रदीप कुमार अधिवक्ता अध्यक्ष पद के लिए अपने नामांकन करा चुके हैं। अधिवक्ता प्रमोद शर्मा अमरोहा निवासी हैं। जो वर्ष 2019 एवं 2023 में अध्यक्ष रह चुके हैं। उनके प्रतिद्वंदी के रूप में स्थानीय अधिवक्ता प्रदीप कुमार वर्ष 2017 में महासचिव एवं वर्ष 2020 में वरिष्ठ उपाध्यक्ष पदों पर आसीन हो चुके हैं। वह पहली बार अध्यक्ष पद के लिए चुनाव मैदान में हैं। दोनों अपनी जीत के प्रति आश्वस्त हैं। पहले अध्यक्ष पद का चुनाव में निर्विरोध होने के कयास लगाए जा रहे थे ।

### आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखें चौकीदार



**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली प्रभारी अमरनाथ वर्मा ने कोतवाली के सभी चौकीदारों के साथ बैठक कर उन्हें क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने व आपराधिक गतिविधियों पर भी नजर रखने के निर्देश दिए। साथ ही यातायात जागरुकता की शपथ भी दिलाई। बुधवार की अपराह्न कोतवाली में कोतवाली प्रभारी अमरनाथ वर्मा ने क्षेत्र के सभी चौकीदारों के साथ बैठक की । जिसमें उन्होंने कहा कि सभी अपने-अपने क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाएं, किसी भी तरह की आपराधिक घटना होने पर तत्काल कोतवाली में सूचित करें। ड्यूटी समय से करें और यदि क्षेत्र में किसी भी तरह के विवाद की स्थिति होती है तो बताए। इसके अलावा चौकीदारों को यातायात जागरुकता की शपथ दिलाई गई। उनसे अपील की गई कि वह अपने क्षेत्र में सभी ग्रामीणों को यातायात के नियमों के बारे में बताएंगे। इस दौरान यातायात की प्रभारी जसवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

### राशन कम देने का विरोध, कोटेदार ने मारी रॉड

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कार्ड धारक को पूरा राशन मांगना भारी पड़ गया। दबंग कोटेदार व उसके परिजनों ने कार्ड धारक के सिर में रॉड मारकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। कोतवाली क्षेत्र के गांव रामू वाला गणेश निवासी केवेंद्र सिंह पुत्र नत्थू सिंह बुधवार को गांव के कोटेदार से राशन लेने गया था। उसे 2 किलो कम राशन दिया। उसने विरोध किया तो आरोपी कोटेदार व उसके परिजनों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर सिर में रॉड मार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी लेकिन पुलिस ने समाचार लिखे तक कार्रवाई नहीं की। ग्रामीणों ने बताया कि वह भाजपा समर्थित पार्टी का व्यक्ति है। प्रत्येक राशन कार्ड धारक को दो किलो कम राशन देता है। जो विरोध करता है उसके साथ मारपीट करते हैं। पहले भी कई मामले प्रकाश में आ चुके हैं। शिकायत पर भी विभाग कार्रवाई नहीं करता। जिससे लोगों में आक्रोश है।

### लापरवाही बरतने पर कोटेदार पर 5 हजार का जुर्माना

**छजलैट, अमृत विचार :** जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बुधवार को तहसील क्षेत्र के ग्राम छजलैट के राशन डीलर यासीन की दुकान औचक निरीक्षण किया जिसमें ईकेवाईसी एवं आयरस खाद्यान्न वितरण के समय सफाई व्यवस्था आदि को लेकर उन्होंने नाराजगी जताई और 5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। पूर्ति अधिकारी ने ग्राम मुख्तियारपुर नवादा की राशन डीलर सरोज देवी, ग्राम कुचावली की राशन डीलर दीपा, ग्राम डहरा की राशन डीलर वीरवती, ऊमरी कलां के राशन डीलर आमिर हुसैन की राशन दुकानों का निरीक्षण किया जिसमें उन्होंने आयरस, ई केवाईसी एवं सफाई व्यवस्था खाद्यान्न वितरण के बारे में जानकारी ली। कार्ड धारकों से भी खाद्यान्न पूरा मिल रहा है, इसके बारे में जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि नियमानुसार प्रत्येक महीने अवश्य वितरण किया जाए। दुकानों पर साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त मिले। लापरवाही मिली तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### भूमि के सूक्ष्म पोषक तत्वों की जानकारी दी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 के अंतर्गत ग्राम सबलपुर, दूल्हापुर, टांडा अफ़ज़ल, भायपुर, नारायणपुर छंगा, असालतपुर, पृथ्वीपुर गामड़ी, मदारपुर, दारापुर में कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा गठित टीमों ने किसानों को जागरुक किया। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉ रवींद्र कुमार ने कृषकों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड की उपयोगिता एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों के बारे में बताया। केंद्रीय आलू अनुसंधान केंद्र मोदीपुरम, मेरठ के प्रधान वैज्ञानिकों डॉ ध्रुव कुमार व डॉ संजय रावल ने कृषकों को आलू एवं अन्य फसलों में लगने वाले रोग, उनकी रोकथाम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक दीपक कुमार ने खरीफ फसलों में लगने वाली बीमारियों एवं उनकी रोकथाम के बारे में बताया , अविनाश चौहान ने उन्नत फसल प्रजातियों एवं दलहनी फसलों की उपयोगिता के बारे में व डॉ राजेश कुमार द्वारा पशुओं में लगने वाली बीमारियों व उनकी रोकथाम के बारे में बताया। कृषि विभाग से आए अधिकारियों ने योजनाओं के बारे में बताया।

# भुगतान नहीं तो फिर आंदोलन करेगी भाकियू अराजनैतिक

संवाददाता, बिलारी

- **बिलारी में कार्यालय के उद्घाटन के बाद पदाधिकारियों ने बनाई रणनीति**
- **12 करोड़ के भुगतान के लिए आज तक का दिया समय, बोले- खत्म नहीं हुई जंग**

**अमृत विचारः** 24 मई को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने लक्ष्मी शुगर मिल पर किसानों का बकाया गन्ना मूल्य भुगतान की मांग को लेकर धरना दिया था। जिसमें दो किश्तों में कुल 12 करोड़ रुपये देने की बात पर आंदोलन स्थगित किया गया था। मिल द्वारा 3 करोड़ 30 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है। अब 12 करोड़ रुपये का भुगतान बचा है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि आज तक भुगतान नहीं करने पर पार्टी फिर आंदोलन करेगी।

बुधवार की अपराह्न नगर के स्टेशन रोड पर साहू कुंज में पार्टी के कार्यालय का उद्घाटन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह रंधावा ने किया। इसके बाद आयोजित बैठक में आगामी मुद्दों को लेकर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि धरना सिर्फ स्थगित है जंग अभी भी जारी है। मिल अधिकारियों द्वारा एसडीम विनय कुमार सिंह की मध्यस्थता में 5 जून तक कुल 12 करोड़ रुपये देने का वादा किया था, जिसमें अभी तक 3 करोड़ 30 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है। अंतिम तारीख नजदीक है यदि मिल द्वारा आज बकाया भुगतान नहीं किया गया तो फिर से आंदोलन शुरू किया जाएगा। कहा कि यह किसानों के साथ धोखा होगा यदि भुगतान नहीं दिया गया। बताया कि आगामी 9, 10 और 11 जून को हरिद्वार में संगठन का चिंतन शिविर आयोजित किया जाएगा। अन्य समस्याओं बिजली आदि पर चर्चा की गई। इस दौरान मुख्य रूप से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह रंधावा, जिलाध्यक्ष सतीश चौधरी, युवा जिलाध्यक्ष अंकुर चौधरी, तहसील अध्यक्ष विक्की चौधरी , मंडल उपाध्यक्ष सूरज सिंह, जिला उपाध्यक्ष खिलेंद्र सिंह, राजपाल सिंह , उदयपाल सिंह, नमित सिंह ,आशु चौधरी ,नीरज रुहेला नगर अध्यक्ष ,अमन सैनी, अंकुश चौधरी, उदित चौधरी, इस्तेखार सैफी ,मोहित चौधरी, रमाकांत सैनी ,रियासत हुसैन, नजाकत सैफी, मनोज शिवम आदि मौजूद रहे।



भाकियू अराजनैतिक की बैठक में बोलते राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह रंधावा।

## राम कथा से पूर्व निकाली गई कलश यात्रा



फीता काटते ठाकुर अजय प्रताप सिंह।

**ठाकुरद्वारा , अमृत विचारः** सुरजन नगर चौकी क्षेत्र के ग्राम बहापुर में मंगलवार को 9 दिवसीय श्री रामकथा प्रारंभ होने से पूर्व महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। श्रीराम के उद्घोष से क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया।

मंगलवार को वृंदावन से आईं कथावाचिका दीदी ब्रज भारती किशोरी ने रामगंगा नदी के घाट पर विधि विधान से पूजन किया। जिसके बाद 108 महिलाओं ने रामगंगा नदी से कलश में जल भर कलश पूजन किया। इस दौरान भाजपा नेता ठाकुर अजय प्रताप सिंह ने कलश यात्रा का फीता काटकर आरंभ किया। पंचमुखी हनुमान मूर्ति पर कलश स्थापित कर राम कथा का आरंभ किया गया। भानु प्रताप सिंह, अभिषेक कुमार, रामशरण, कमला देवी, विमलादेवी, राम मूर्ति, सुमन देवी, पवन कुमारी, मिथलेश देवी आदि मौजूद रही ।

# निगरानी समिति की सदस्य ने सुनीं सफाई कर्मियों की समस्याएं



राज्य निगरानी समिति की सदस्य पूजा वाल्मीकि का स्वागत करते लोग।

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- **कर्मचारी बोले- नहीं मिल रही सरकारी योजनाओं की सुविधा हो रहा शोषण**
- **सदस्य पूजा वाल्मीकि ने शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करने का आश्वासन दिया**

**अमृत विचारः** राज्य निगरानी समिति की सदस्य ने ठाकुरद्वारा नगर पालिका में पहुंच कर सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को सुना और उनके हितों में कार्य करने संबंधी दस्तावेज की जांच की।

बुधवार को राज्य निगरानी समिति की सदस्य पूजा वाल्मीकि के नगर पालिका परिषद में पहुंचने पर सफाई मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष राकेश दानव, भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष दीपक वाल्मीकि, लिपिक दीपक कुमार ने गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। दीपक वाल्मीकि ने उन्हें बताया कि नगर पालिका में ठेके पर रखे सफाई कर्मचारियों को सरकार द्वारा चल रही योजनाओं की सुविधा नहीं मिल रही हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना तक का लाभ नहीं मिल सका। नगर पालिका परिसर में मुगल शासन चल रहा है। वाल्मीकि समाज के लोगों का शोषण किया जा रहा है। अन्य जाति के लोग भी तैनात है लेकिन सफाई सिर्फ वाल्मीकि समाज के लोगों से ही कराई जाती है। इस पर राज्य निगरानी समिति की सदस्य ने शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करने का आश्वासन दिया। इस दौरान तहसीलदार प्रवीण कुमार मौजूद रहे ।

## नकब लगाकर लाखों की चोरी

**छजलैट, अमृत विचारः** थाना छजलैट क्षेत्र में चोरों ने एक ग्रामीण के मकान में नकब लगाकर लाखों रुपये के सोने, चांदी के आभूषण, 10000 की नगदी चुरा ली। थाना प्रभारी ने हल्का पुलिस को चोरी की घटना का खुलासा करने के निर्देश दिए हैं।

छजलैट थाना क्षेत्र के ग्राम गोला पांडे उर्फ संदलीपुर निवासी अर्पित चौधरी अपने परिवार के साथ घर के बाहर सोए हुए थे। अज्ञात चोरों ने उनके मकान के दो कमरों में नकब लगाकर दीवार काटकर चार अंगूठी सोने की लेडीज एवं दो अंगूठी सोने की पुरुष, एक मंगलसूत्र, दो कंठी, सोने की एक चैन, गले की एक फूल हर तथा चांदी की पाजेब, चांदी के सिक्के, पंजाब नेशनल बैंक की 10000 की एचडी, 10000 की नकदी सहित लाखों रुपए का सामान चुरा लिया और फरार हो गए। सुबह होने पर जब आंख खुली और घर का सामान इधर-उधर बिखरा देख तो ग्रामीण इकट्ठे हुए। इसके बाद थाना छजलैट पुलिस को घटना की जानकारी देकर तहरीर दी। पुलिस ने मौका मुआयना किया। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय पांचाल ने हल्का पुलिस को अभियोग पंजीकृत कर घटना का खुलासा करने के निर्देश दिए हैं।

## गाली गलौज व मारपीट का लगाया आरोप

**छजलैट, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम चक मिलक में किसी बात को लेकर दो पक्षों में गाली-गलौज व मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता ने थाना छजलैट में प्रार्थना पत्र दिया है। ग्राम चक मिलक निवासी पुष्पा ने थाना छजलैट में प्रार्थना पत्र द्वारा अवगत कराया कि बुधवार सुबह गांव के ही कुछ लोग उसे गालियां देने लगे। मना करने पर मेरे साथ मारपीट पर उतारू हो गए । मारपीट के दौरान शोर शराबा सुनकर लोग इकट्ठा हो गए। लोगों के समझाने पर भी वह नहीं माने। इस संबंध में पीड़िता ने थाना छजलैट में प्रार्थना पत्र देकर उक्त दबंगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

मैं, हिम्मत सिंह पुत्र तेजा सिंह निवासी नेता कॉलोनी जयंतीपुर, मुरादाबाद, अपने पुत्र दीपक पुत्रवधु सुनीता को गलत आचरण व अभद्र व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। वह अपने कृत्यो लेन-देन आदि के स्वयं जिम्मेदार होंगे ।

**वैधानिक सूचना** :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर

### सिंचाई संघ के सदस्यों ने दिया धरना

**रामपुर, अमृत विचार :** विभाग में पदों को खत्म करने को लेकर सिंचाई संघ उत्तर प्रदेश के कर्मचारियों द्वारा प्रांत के आह्वान पर आंबेडकर पार्क में धरना दिया। सिंचाई संघ उप्र के प्रांत के आह्वान पर जिलाध्यक्ष जयपाल सिंह के नेतृत्व में आंबेडकर पार्क में धरना हुआ। जिसमें सिंचाई विभाग के उप राजस्व अधिकारी, जिलेदार, मुंशी, हेडमुंशी के पदों की संख्या में कटौती तथा नलकूप चालक एवं सींचपाल मिस्त्री, चालक के पदों को समाप्त किए जाने को लेकर चर्चा की। धरने में राम बहादुर, सुशीलपाल, रामबाबू, हरिश्चंद्र, राजाराम, रामगोपाल, अरशद अली, मोहम्मद हनीफ, भगवानदास, कपिल, अनिल सुरेश चंद्र, सियोपाल सिंह, सत्यवीर सिंह रहे।

### घर में घुसकर हथियार से हमला, दो घायल

**स्वार, अमृत विचार :** रंजिश के चलते कुछ लोगों ने घर पर हमला कर दो लोगों को घायल कर दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित की बहन से छेड़छाड़ कर दी। पुलिस ने 5 आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली के गांव निवासी युवक से शादीशुदा महिला जबरन शादी करना चाहती है। उसी के चलते दो दिन पहले महिला उसके घर आई और धमकी देकर चली गई। इसी बात को लेकर महिला के परिजन एकत्र होकर धारदार हथियारों से लैस होकर मंगलवार को घर युवक के घर पहुंच गए। गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने दोनों भाइयों को घायल कर दिया। शोर सुनकर बीच बचाव कराने आई युवक की बहन के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। पुलिस ने घायल की ओर तहरीर के आधार पर गुलिस्ता, युसूफ, नईम, नफीस, बाबू पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### छात्र को किया सम्मानित

**रामपुर, अमृत विचार :** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के राष्ट्रीय प्रमुख वीरेश भीम अनार्य ने मिलक निवासी विनोद वाल्मीकि के पुत्र अमन को बधाई दी। जिन्होंने जेई एडवांस में 825 रैंक प्राप्त की। उन्होंने महर्षि वाल्मीकि की तस्वीर देकर उनके विचारों को फैलाने का आह्वान किया। राजू आंबेडकर, राजपाल भारती, एकलव्य वाल्मीकि, दिलीप वाल्मीकि, राहुल सिंह रहे।

# बाईपास की मंजूरी मिलने पर टांडा के लोगों ने जताई खुशी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/टांडा

**अमृत विचार :** टांडा में बाईपास के निर्माण को शासन स्तर से मंजूरी मिलने से नगर एवं क्षेत्रवासियों में खुशी है। इससे जहां रोजाना लगने वाले जाम से निजात मिलेगी, वहीं हादसों पर भी अंकुश लगेगा। नगर के बाहर से 6 किलोमीटर लंबा बाईपास 71 करोड़ से बनकर तैयार होगा।

नगर के बीच से गुजरने वाला मुख्य मार्ग नैनीताल को सीधे जोड़ता है। दिल्ली और मुरादाबाद की तरफ से आने वाले पर्यटक इसी मार्ग से होकर नैनीताल जाते हैं। विधायक शफीक अहमद अंसारी ने जिलाधिकारी से लेकर शासन स्तर तक मांग को उठाया। उप्र उद्योग व्यापार मंडल के स्थानीय पदाधिकारियों हाजी शकील, हाजी मुशर्रफ अली, अब्दुल समद, तस्लीम और हाजी रशीद आदि ने लखनऊ में व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष बनवारीलाल कंछल के नेतृत्व में नितिन अग्रवाल राज्यमंत्री की मौजूदगी में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से बाईपास का निर्माण कराने की मांग की थी। जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने लगातार शासन से पत्राचार किया। नतीजतन शासन से टांडा और स्वार के लिए बाईपास के निर्माण की मंजूरी हासिल हुई।


डीएम को गुलदस्ता देकर सम्मानित करते जिला पंचायत सदस्य एवं अन्य।

### बाईपास को मंजूरी मिलने पर डीएम का धन्यवाद किया

स्वार और टांडा बाईपास को शासन से मंजूरी मिलने पर जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने बुधवार को जिलाधिकारी डॉ. जोगिंदर सिंह का धन्यवाद किया। मुस्तफा हुसैन ने कहा कि दोनों बाईपास की क्षेत्र को बहुत ज्यादा आवश्यकता थी। इनके बनने से क्षेत्र का चौमुखी विकास होगा। बताया उनके पिता हाजी निसार हुसैन जो स्वार टांडा क्षेत्र से विधायक और प्रदेश सरकार में मंत्री रहे, उनका भी यह सपना था। उन्होंने हमेशा क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दी। इस मौके पर सुलेमान पाशा और जमीर पाशा साथ रहे।


मुख्य मार्ग पर बड़ी संख्या में वाहनों के आवागमन के चलते अक्सर जाम लग जाता है। लोगों को काफी परेशानी होती है। बाईपास का निर्माण आवश्यक था। अब शासन से मंजूरी मिल गयी है तो काम भी जल्दी ही शुरू हो जाएगा। **– हाजी शकील**, नगर अध्यक्ष व्यापार मंडल टाण्डा


नगर के बीचों-बीच से गुजरने वाले मुख्य मार्ग पर लगभग रोजाना ही जाम की स्थिति बनी रहती है। जिसके चलते पैदल राहगीरों सहित वाहन चालकों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ता है। बाईपास मार्ग के निर्माण से राहत मिलेगी। **– आशीष वर्मा**, नगर महामंत्री व्यापार मंडल टांडा


नगर की बढ़ती जनसंख्या और ट्रैफिक दबाव के चलते आये दिन लगने वाले जाम की समस्या से निजात के लिए नगर के बाहर बाईपास का निर्माण जरूरी था। शासन से इसके निर्माण को स्वीकृति मिल गई, तो समस्या से निजात मिल जाएगी।
**– मुशर्रफ अली**, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष व्यापार मंडल


नगर का मुख्य मार्ग अक्सर जाम की जद में रहता है। जिसके चलते महिलाओं और छोटे बच्चों सहित सभी को कठिनाई का सामना करना पड़ता है। बाईपास के निर्माण से जाम से निजात मिलने के साथ ही लोगों को राहत मिलेगी।
**– योगेश कुमार सैनी**, पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा

# दुनिया में चमकेगा जौहर विवि : प्रो. जहीरुद्दीन

## विवि के पाठ्यक्रमों की जानकारी दी, जौहर विश्वविद्यालय में हुई प्रिंसिपल मीट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय में बुधवार को मुरादाबाद, बरेली, रुद्रपुर समेत रामपुर जिले के माध्यमिक स्कूलों से आए प्रधानाचार्यों की मीट हुई। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जहीरुद्दीन ने कहा कि तमाम यूनिवर्सिटी में आफताब को लेकर आफताब बनाया जाता है, लेकिन हम जर्रे को आफताब बना देंगे।

उन्होंने कहा कि सीरिया से भी यूनिवर्सिटी के लिए संदेश आया है, अब जौहर विश्वविद्यालय दुनिया भर में सितारा बनकर चमकेगा। विवि के टैगोर ऑडिटोरियम में प्रिंसिपल मीट का मुख्य अतिथि पूर्व सांसद डॉ. तजीन फात्मा ने दीप प्रज्वलित कर आगाज किया। इसके बाद मुख्य अतिथि समेत तमाम मेहमानों ने कॉलेज की पत्रिका का विमोचन किया। कुलपति ने कहा कि एएमयू की तर्ज पर जौहर विश्वविद्यालय में शिक्षा के क्षेत्र में कार्य होगा। नवंबर माह में माध्यमिक स्कूलों में काउंसलर को भेजकर बच्चों को कन्वेंस किया जाएगा। मुख्य अतिथि ने कहा कि उन सभी का स्वागत करती हूं जो विश्वविद्यालय में विचार-विमर्श करने के लिए आए हैं। उन्होंने कुलपति का भी आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने यूनिवर्सिटी को तरक्की देने के लिए काम शुरू किए हैं। उन्होंने प्रधानाचार्यों से कहा कि वे हमारी यूनिवर्सिटी को सहयोग देते रहेंगे। अकबर मसूद ने कहा कि यूनिवर्सिटी में ग्रामीण क्षेत्र के 60 प्रतिशत छात्र हैं। आसपास की यूनिवर्सिटी में फीस बहुत महंगी है जबकि, जौहर यूनिवर्सिटी की फीस को गरीब और मध्यम वर्ग के लोग वहन कर सकते हैं। कहा कि फीस के मामले में पॉलिसी गरीबों को मदद करने वाली है। कहा कि बड़े लोगों के बच्चे पढ़ने के लिए बाहर चले जाते थे लेकिन, गरीब तबके के बच्चे यहीं रह जाते थे। कंवीनर एवं एडमिशन इंचार्ज उजमा ने संकायों की फीस के बारे में जानकारी दी। इनके अलावा राजेश यादव, डॉ. गुलरेज निजामी, उजमा ने संबोधित किया। इससे पहले पुरातन छात्र काशान और नदीम अहमद ने गीत प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्यों से सुझाव भी लिए और उनको स्मृति चिह्न दिया। संचालन राबिया खान और माहिरा अखलाक ने किया।



यूनिवर्सिटी के कार्यक्रम में पत्रिका का विमोचन करते अतिथि।

### कार्यक्रम में यह रहे मौजूद

मोहम्मद आरिफ, डॉ. मोहम्मद कलीम, डॉ. स्वाति सिंह राणा, डॉ. तनवीर इरशाद, डॉ. फरहा, आलमगीर खान, डॉ. गुलफ्शा, डॉ. इरम, डॉ. उनाइजा, अमित सिंह, सद्दाम हुसैन, ब्रज किशोर यादव, डॉ. मोबीन, अकरम, रेशमा परवीन, सदफ, आयशा, खुशबू गर्ग, सीमा बी, प्रशांत गुप्ता, नदीम अहमद, मोहम्मद आसिफ, रमित यादव, जीशान रहे।

### दो घरों से नकदी और जेवर चोरी

**स्वार, अमृत विचार :** दो घरों से चोर 5 हजार रुपये की नकदी व 4 तोले सोने के आभूषण, एक मोबाइल समेत लगभग 4 लाख का सामान ले गए। तीसरे घर में चोरी का प्रयास किया। गृह स्वामियों ने चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

मंगलवार रात कोतवाली के गांव तोतापुरी निवासी अनीस अहमद पुत्र रहीस अहमद का परिवार आंगन में सो रहा था। रात को चोर घर की दीवार फांद कर घर में घुस गए। कमरे के अंदर अलमारी में रखी 5 हजार रुपये की नगदी, 4 तोले सोना, 3 तोले चांदी के आभूषण ले गए। इसके बाद चोरों ने गांव के ही पप्पू दिवाकर के घर से मोबाइल चोरी कर लिया। गृह स्वामी ने पुलिस को सूचना दी पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है। इससे पूर्व चोरों ने गांव लाडपुर निवासी यासीन खां के घर में घुस गए। परिजनों के जाग जाने के कारण चोर घटना को अंजाम नही दे सके। कोतवाली कोतवाल प्रदीप कुमार मलिक ने बताया कि चोरी की सूचना मिली है। जांच कर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

## सार संक्षेप

### कुर्बानी के जानवर लाने वालों को परेशान न करें

**रामपुर, अमृत विचार :** आल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबर खां के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि बकरीद पर लोग कुर्बानी के लिए जानवर खरीद कर लाते हैं। पुलिस या अन्य लोगों द्वारा उनको परेशान न किया जाए। फेडरेशन से जुड़े पदाधिकारी बुधवार दोपहर कलेक्ट्रेट पहुंचे और ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। पुलिस अधीक्षक को संबोधित ज्ञापन में कहा कि कुर्बानी के लिए जानवरों को लाते ले जाते हुए लोगों और पुलिस द्वारा परेशान किया जाता है, इस पर रोक लगाई जाए। इसके अलावा कहा गया है कि जिले की सभी तहसीलों और कस्बों में सफाई, बिजली और पानी का इंतजाम कराया जाए। ज्ञापन बाबर खां, जमीर रिजवी आदि के हस्ताक्षर हैं।

### युवाओं को आधुनिक कृषि से जोड़ा जाए

**रामपुर, अमृत विचार :** भाकियू यूथ के बैनर तले जिले भर के युवा सदस्य प्रदेश कैंप कार्यालय पर एकत्र हुए। पंचायत कर युवाओं ने खेती से संबंधी समस्याएं उठाई। फहद हसीब के नेतृत्व में जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उसमें ब्लॉक में स्टेडियम निर्माण, खेती की नई तकनीक उपलब्ध कराने और कृषि विवि की स्थापना करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में आनंद पांडेय, मनोज कुमार मिश्रा, लकी पाशा, शबी पाशा, अनमोल पांडे, शुभम कुमार, सरफराज पाशा, जीशान अहमद, शावेज अहमद, मुस्तफा तुर्की, विनोद यादव, रोहित, जावेद सुल्तान, रिजवान, नदीम, फिरोज, आदिल भी शामिल रहे।

### छात्राओं को कराया व्यायाम और योगाभ्यास

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज में बुधवार को समर कैंप में छात्राओं को योगाभ्यास एवं व्यायाम कराया। छात्राओं से खेल-खेल में व्याकरण, सुनो-सोचो और लिखो, कचरा प्रबंधन पर मूक अभिनय, संवाद, प्लास्टिक और पॉलिथीन के प्रयोग पर वाद-विवाद एवं कविता लेखन जैसी गतिविधियां कराई। प्रधानाचार्य डॉ. शालू कौशल ने छात्राओं को समझाया की पॉलीथिन का प्रयोग करना हानिकारक है। इस अवसर पर शमीम खान, रेणु देवी, बबीता गुप्ता, नाजिया, खदीजा, तबस्सुम, राकेश कुमार, नितिन कुमार, सुरेंद्र कुमार, बाबू, राशिद खान, राधा, सुनीता आदि मौजूद रहे।

### मंगलधाम में आज होगी मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा

**भोट, अमृत विचार :** मंगलधाम के प्रधान सेवक व पूर्व विधायक संजय कपूर ने बताया कि बृहस्पतिवार से मंगलधाम परिसर में आचार्य पंडित मुमुक्षु कृष्ण महाराज के श्रीमुख से सायं 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक गोपी कथा का आयोजन होगा। इसके बाद रविवार को जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती द्वारा मंगलधाम में ही माता महाकाली, महासरस्वती एवं खाटू श्याम बाबा की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा, लोकार्पण कर आर्शिवचन प्रदान किया जाएगा। रविवार शाम को ही भंडारा व प्रसाद वितरण का आयोजन भी किया जाएगा।

### धोखाधड़ी के मामले में दोषी को 3 वर्ष का कारावास

**रामपुर, अमृत विचार :** धोखाधड़ी के मामले में कोर्ट ने दोषी को 3 वर्ष का कारावास और 11 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। चौकी मसवासी निवासी अतीक अहमद आकाश को बैंक ले गया था। उसके बाद उससे फाइल व पेपरों पर साइन करा लिए थे। फिर उसके नाम से बाइक ले ली थी। स्वार थाने में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। जिसकी सुनवाई स्पेशल जज ईसीएक्ट की कोर्ट में हो रही थी। पीठासीन अधिकारी अजय कुमार दीक्षित ने दोषी को तीन वर्ष की सजा और 11 हजार का जुर्माना लगाया है। अभियोजक शिव प्रकाश पांडेय ने बताया कि मामला स्वार से जुड़ा हुआ था।

### मिलक में नहाल नदी पर होगा वृहद पौधारोपण

**रामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह, पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र व अन्य अधिकारियों ने तहसील मिलक में चिह्नित पौधरोपण स्थल का निरीक्षण किया। तहसील मिलक क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों यथा नवदिया से होकर गुजरने वाली नहाल नदी की साइड पटरी पर पौधरोपण होगा। यह नदी जनपद से होकर बरेली में प्रवाहित नदी खड़वा में मिल जाती है।



भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षो का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग
भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना
गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

# बीटेक के छात्र की सड़क हादसे में मौत

## दोस्तों के साथ बुलेट से जा रहा था नैनीताल, दो युवक घायल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बुलेट से नैनीताल जा रहे बीटेक के फाइनल इयर के छात्र को ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। दो साथी घायल हो गए। उनको अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मथुरा के मयूर विहार निवासी 23 वर्षीय पीयूष कुमार बीएचयू में बीटेक का फाइनल ईयर का छात्र था। बताया जा रहा है कि वह अपने 5 दोस्तों के साथ बुलेट से नैनीताल जाने के लिए निकले थे। एक बुलेट पर पीयूष और उसके दो दोस्त सवार थे, जबकि एक अन्य बाइक पर और दोस्त थे। दोपहर के समय फैजुल्लानगर के पास ट्रक ने बुलेट में टक्कर मार दी। जिसके बाद तीनों युवक घायल होकर वहीं पर गिर गए। हादसे के बाद आसपास के लोग आ गए। उसके बाद तीनों को अस्पताल लेकर गए। जहां पीयूष को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रखवा दिया। जहां उसके दोस्तों का बुरा हाल है। बताया जाता है कि उसके माता-पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। वह अपने दादा के साथ रह रहा था।



छात्र की मौत के बाद रोते बिलखते दोस्त।

### वाहनों की टक्कर में बाइक सवार घायल

**बिलासपुर, अमृत विचार :** हाईवे पर कार की टक्कर लगने से बाइक सवार राजमिस्त्री घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। सींगनखेड़ा गांव का रहने वाला राज किशोर राजमिस्त्री का काम करता है। बुधवार सुबह वह बाइक से काम के सिलसिले में नगर की ओर आ रहा था। तभी हाईवे पर मुल्लाखेड़ा गांव के पास सामने से आ रही कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद हाईवे पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। घायल अवस्था राजमिस्त्री को एंबुलेंस से नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां उसका उपचार जारी है।

### ई- रिक्शा पलटने से चालक की मौत



**रामपुर, अमृत विचार :** ई-रिक्शा पलटने से चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का रोकर बुरा हाल है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के पंजाबनगर निवासी 35 वर्षीय सोहन लाल ई- रिक्शा चालक था। वह मंगलवार शाम को टाल से रिक्शा में गार्डर लेकर पसियापुरा जा रहा था। तभी अचानक ई-रिक्शा का पहिया गड्ढे में आ जाने के कारण ई रिक्शा पलट गया और लोहे का गार्डर उसके सिर में लग जाने से मौत हो गई। हादसा देखकर आसपास के लोग मौके पर आ गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और ई-रिक्शा चालक को जिला अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सक ने उसको मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसको पोस्टमार्टम के लिए रखवा दिया। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम हो जाने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। जहां सभी का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक सोहनलाल ने ई रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पेट पाल रहा था। लेकिन ई रिक्शा पलटने से उसकी मौत हो गई। उसकी मौत के बाद घर में सन्नाटा छा गया है। मृतक ने अपने पीछे 3 बच्चे हैं।

## बाजार बंदी का पालन कराने को सौंपा ज्ञापन


**सैफनी, अमृत विचार :** साप्ताहिक बंदी का पूर्णत पालन न होने के चलते उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की शाखा सैफनी ने अधिशासी अधिकारी के नाम बुधवार को पत्र सौंपा है। इसमें कहा कि नगर पंचायत बनने के बाद अधिशासी अधिकारी व चेयरमैन द्वारा सर्व सहमति से नगर में गुरुवार को साप्ताहिक बंदी का आदेश जारी किया था। शुरु में तो आदेश का पालन हुआ। 6 महीने बाद से ही साप्ताहिक बंदी का उल्लंघन होने लगा। जिससे कुछ दुकानदार ग्राहकों से अधिक दाम वसूलते हैं। व्यापारियों ने पूर्ण रूप से साप्ताहिक बंदी करवाने की मांग की है। पत्र में व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष सतीश कुमार गुप्ता, प्रवीण जोशी, सुशील जोशी, अनिल रस्तोगी, राहुल जोशी, सुधीर कुमार रस्तोगी आदि लोगों के हस्ताक्षर हैं।

# बारिश ने खोली पालिका की पोल, सड़कों पर जलभराव

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** लाखों रुपये खर्च करने के बाद भी नगर पालिका के नालों की सफाई के दावे की मंगलवार की पोल खुल गई। पहली बारिश से नगरवासियों को जलभराव से जूझना पड़ा। नाले नालियों का कचरा और गंदा पानी सड़कों पर नजर आया।

पालिका के 25 वार्डों में अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा नाले व नालियों की सफाई कराने का दावा किया जा रहा था। सफाई व्यवस्था के नाम पर पालिका द्वारा लाखों रुपया भी खर्च किया था। जब मंगलवार शाम बारिश हुई तो सफाई के दावों की पोल खुल गई। कई मोहल्लों में सड़कों पर पानी जमा हो गया। सड़कों व बाजारों में जलभराव के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी हुई। नाला सफाई के बाद जो कचरा सड़कों के किनारे छोड़ दिया था। बारिश के बाद वह नालों में चला गया। मोहल्ला पंजाबी कालोनी, बाजार कलां, भट्टी टोला, सिनेमा रोड, माठखेड़ा मार्ग पर लोगों को जलभराव से जूझना पड़ा। ईओ डॉ. नितिन गंगवार ने बताया बारिश के बाद नालों पर जहां जाल लगे हैं, वहां कूड़ा फंसने से जलभराव हुआ था। कर्मचारियों ने शिकायत का समाधान कर दिया।



बारिश के बाद सड़कों पर भरा पानी।

## देश को समृद्ध बना रहा भाजपा का नेतृत्वः हरीश

**रामपुर, अमृत विचार :** भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि भाजपा का सशक्त नेतृत्व भारत को समृद्ध और सुरक्षित देश बना रहा है। गरीबों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए भाजपा सरकार कई योजनाएं संचालित कर रही है।

भाजपा की ओर से केंद्र सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल में किए कार्यों के साथ ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए जून में अभियान चलाया जाएगा। बुधवार को भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि 3 वर्षों में भारत से गरीबी मिटाने के लक्ष्य के साथ सरकार आगे बढ़ रही है। सतनाम सिंह को कार्यक्रम संयोजक मनोनीत किया। विकास दीक्षित, आकाश सक्सेना और प्रदीप गुप्ता को सह संयोजक बनाया। राजा वर्मा, सूर्य प्रकाश पाल, सुनीता सैनी, मोहन लाल सैनी, अभय गुप्ता, सुरेश गंगवार, सुभाष भटनागर, लक्ष्मी सैनी रहे।

## मंदिर में हवन भक्तों ने दी आहुति

**रामपुर, अमृत विचार :** महाकाली सेवा समिति दसवां घाट कोसी मंदिर पर काली माता मंदिर का 17वां वार्षिक उत्सव मनाया। सर्वप्रथम पंडित अंकुर शर्मा ने माता का श्रृंगार व हवन कराया। हवन में सर्वप्रथम महाकाली माता की आरती हुई।

बुधवार को महाकाली सेवा समिति दसवां घाट कोसी मंदिर पर मां काली माता का 17वां वार्षिकोत्सव मनाया। जिसमें सुबह से ही भक्तों का मंदिर में पहुंचना शुरू हो गया। उसके बाद हवन शुरू हुआ। महिलाओं ने माता के छन्द गाए। उसके बाद भंडारा शुरू हुआ। समिति के अध्यक्ष मटरूमल रस्तोगी, कमल कुमार तुरैहा, रमेश चंद्र, रोहित रस्तोगी, दीपक, बिजेंद्र,शिवा, अंशु अग्रवाल, धर्मेंद्र, जितेंद्र, राजीव कुमार चंद्र, विजय आदि मौजूद रहे।

# ताज क्लब ने बिलाल रंगीला को हराया

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** जफर इकबाल, मोहम्मद आलम, मंसूर अख्तर, मास्टर सगीर मेमोरियल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में ताज क्रिकेट क्लब व बिलाल रंगीला क्रिकेट क्लब के बीच मैच खेला। जिसमें ताज क्रिकेट क्लब ने 8 विकेट से मैच जीतकर अगले राउंड में प्रवेश कर लिया है।

मंसब अली स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेले जा रहे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में बिलाल रंगीला क्लब के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बिलाल रंगीला क्लब ने 16 ओवर में 95 रन बनाए, जिसमें नदीम ने 20 रन, ओसामा ने 18 रन, यावर ने 17 रन, मो. फरीद ने 11 रन, अजहरुद्दीन ने 8 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए ताज क्लब ने 9.4 ओवर में 97 रन बनाए और उनके 2 खिलाड़ी आउट हुए। बल्लेबाज विकास कोहली ने नाबाद 69 रन, अमित रावत ने 13 रन बनाए। ताज क्लब ने 8 विकेट से मैच जीत कर अगले राउंड में प्रवेश किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार ताज क्लब के विकास कोहली को ऑलराउंडर प्रदर्शन के लिए कमेटी अध्यक्ष ने दिया। कमेंटेटर मोहम्मद सईद सागर, मोहम्मद इरफान, जहीर जिया और अब्दुल रज्जाक रहे। स्कोरर नदीम गोरे तथा ऑनलाइन स्कोरर मौलाना जुनैद और आकिब गुल रहे। अंपायरिंग अब्दुल और इफ्तिखार शेखू ने की। यूट्यूब द्वारा लाइव प्रसारण नाजिम अली ने किया। टूर्नामेंट कमेटी संयोजक हाजी सरफराज, अध्यक्ष हाजी जुल्फिकार, हाजी मुबीन, अलकमा अमान, गुड्डू रहमान, शादाब कुरैशी, इफ्तिखार शेखू, सगीर माया, निजाम फरीदी, हाजी फुरकान, मोहम्मद इरफान, नूरुल हुदा, मुनीर बादशाह ,अमीर अहमद, शहजाद अली आदि उपस्थित रहे।



विजयी टीम को पुरस्कार देते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

# उद्योगों को अधिक स्पर्धी बनाएं: प्रीति

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** होटल रेडिएंस पार्क में भारत सरकार के डीपीआईटी, उद्योग और वाणिज्य मंत्रालय द्वारा एमएसएमई प्रतिस्पर्धी लीन योजना विषय पर कार्यशाला हुई। जिसमें राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद एवं आईआईए रामपुर चैप्टर की ओर से किया। डिप्टी डायरेक्टर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय प्रीति गंगवार ने उद्यमियों से लीन तकनीक का इस्तेमाल करने की सलाह दी।

आईआईए के चेयरमैन श्रीष गुप्ता ने उद्यमियों से लीन योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार का उद्देश्य उत्पादन को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाना है। बैठक में प्रीति गंगवार द्वारा लघु और मध्यम उद्यमों एमएसएमई को अधिक प्रतिस्पर्धात्मक कैसे बनाया जाए इस पर चर्चा की। कहा कि लीन तकनीक के माध्यम से उद्यम अपनी उत्पादकता कैसे बढ़ाएं, बजट कैसे कम हो, कचरा ओर अनावश्यक खर्च कैसे कम हो, उत्पाद की गुणवत्ता में कैसे सुधार हो, समय पर डिलीवरी कैसे हो, मशीनों के रख रखाव के बारे में बताया। विशेषज्ञों ने प्रक्रिया और प्रदर्शन को स्पष्ट रूप से दर्शाने के लिए दृश्य संकेतकों के उपयोग, मानक संचालन प्रक्रिया, जस्ट इन टाइम, कान बान प्रणाली, जस्ट इन टाइम, सेलुलर ले आउट, उत्पादन के लिए एक नियंत्रण प्रणाली का उपयोग करना, उत्पादन का केंद्रीय करण, पोका योक आदि के बारे में विस्तार से बताया।

बैठक में जीएमडीआईसी मनीष पाठक, चेयरमैन आईआईए श्रीष गुप्ता, उद्योगपति एस के गुप्ता, रमेश अग्रवाल, अमृत कपूर, उमेश अग्रवाल, अजय अग्रवाल, निर्यातक विपिन कुमार, आदर्श अग्रवाल, सचिव मनोज गर्ग, संजय अग्रवाल, अंकुर रस्तोगी, मनोज गुप्ता , संजय अग्रवाल विनीत गुप्ता आदि उद्योगपति मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद उद्यमी और मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

## पासवर्ड को हमेशा यूनिक बनाएं : आशाराम

**रामपुर, अमृत विचार :** शौकत अली रोड स्थित एमआईएमटी में साइबर क्राइम विषय पर वर्कशॉप हुई। प्रभारी आशाराम ने बताया कि डिजिटल युग में जिंदगी का बड़ा हिस्सा ऑनलाइन हो चुका है।

उन्होंने बताया कि वेबसाइट खोलने से पहले निश्चित करें कि यह सही या गलत है। पासवर्ड मजबूत और यूनिक बनाएं और नियमित रूप से बदलते रहें। अपने सभी ऑनलाइन खातों के लिए अलग पासवर्ड का उपयोग करें। डायरेक्टर डॉ. शादाब खां ने बताया कि सोशल मीडिया पर निजी जानकारी साझा न करें। अज्ञात लिंक या ईमेल पर क्लिक करने से बचें। हम्माद खां ने बताया कि साइबर सुरक्षा न केवल हमारी डिजिटल पहचान की रक्षा करती है, बल्कि व्यक्तिगत डेटा को भी सुरक्षित रखती है। इस अवसर पर फैसल खां, वकार अली, मुहासिब खां, फईम खां, अफज़ल अली, जीशान खां, फुरकान खां, अजाइम खां, अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### कार्रवाई की मांग को लेकर लखनऊ में धरना





**रामपुर, अमृत विचार :** आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर अजीतपुर निवासी गुरमेल सिंह 3 जून से लखनऊ में धरने पर बैठे गए हैं। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अजीतपुर बाईपास निवासी गुरमेल का कहना है कि उसके रिश्तेदार सतबिंदर सिंह व उसके बेटे सुखदेव ने पीड़ित के बेटे को इंग्लैंड भेजने के नाम पर 15 लाख रुपये हड़प लिए थे। वीजा नहीं मिलने पर चेक दिया था। जोकि वाउंस हो गया था। पैसे मांगने पर आरोपियों ने 25 सितंबर 2018 को साढ़े सात लाख रुपये का वाहन दामाद को दिलवा दिया था। बाद में लूट का मुकदमा दर्ज करवा दिया था। जिस कारण से पीड़ित को जेल भी जाना पड़ा था। पीड़ित तभी से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहा है। पिछले 6 वर्ष से फर्जी मुकदमे में पुलिस द्वारा उत्पीड़न किया जा रहा है। डीआईजी, एडीजी व मुख्यमंत्री कई बार जांच करने की मांग कर चुका है। परंतु कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इससे परेशान होकर पीड़ित 3 जून से लखनऊ में आमरण अनशन पर बैठा है।

### दुर्घटना में ग्रामीण की मौत

**मिलक, अमृत विचार :** बुधवार को नगर के बिलासपुर रोड स्थित ग्राम रठौंडा के पास ग्राम नवदिया निवासी लगभग 40 वर्षीय वीर सिंह अपने भतीजे आशीष के साथ अपने पैतृक ग्राम निपनिया से आ रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आकर चाचा भतीजे गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को नगर के सरकारी अस्पताल लाया। जहां वीर सिंह को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। भतीजे को इलाज के बाद घर भेज दिया गया। अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि मृतक अपने परिवार में सबसे बड़ा पुत्र था। मृतक की शादी नहीं हुई थी। वह घर पर रह कर ही खेती किसानी करता था। वीर सिंह की मौत से घर में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया।

### प्रेमी जोड़े का पंचायत में हुआ निकाह

**सैदनगर, अमृत विचार :** अजीमनगर थाना क्षेत्र में पंचायत के बाद प्रेमी जोड़े का निकाह कर दिया गया। प्रेमिका के साथ संदिग्ध हालत में पकड़े जाने के बाद पंचायत में यह फैसला लिया था। मामला अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव का है। रात करीब 12 बजे स्वार क्षेत्र का युवक अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर आया था। प्रेमिका के परिजनों ने संदिग्ध हालत में दोनों को पकड़ लिया तो हंगामा हो गया। परिजनों ने प्रेमी को कमरे के अंदर बंद कर दिया था। दिन निकलने पर प्रेमी के परिजनों को भी बुला लिया गया। समझौते के लिए दोनों पक्षों में पंचायत शुरू हुई। पंचायत में हुए समझौते के मुताबिक कई को बुलाकर दोनों का निकाह कर दिया गया। निकाह के बाद प्रेमी जोड़े की गांव से विदाई हो गई।

### मांगों को लेकर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**रामपुर, अमृत विचार :** मांगें पूरी नहीं होने पर सफाई कर्मचारियों ने नगर पालिका परिसर में प्रदर्शन किया। उसके बाद समस्याओं को लेकर ईओ नगर पालिका को ज्ञापन सौंपा। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष अनिल राज के नेतृत्व में कर्मचारी एकत्र होकर नगर पालिका परिसर पहुंचे। उसके बाद मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। फिर ईओ को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा कि 28 मई को 12 बजे प्रतिनिधिमंडल ईओ से मिला था। जिसमें समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया था। लेकिन ईद से पहले कुछ नहीं हुआ, कहा कि अगर ईद से पहले कर्मचारियों का वेतन नहीं मिला, तो कर्मचारी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। जिसकी जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन की होगी। इस मौके पर काफी कर्मचारी मौजूद रहे।

### कारोबारी के बैग में रखे 22 हजार रुपये निकाले

**रामपुर, अमृत विचार :** गंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला काशीपुर निवासी मोहनलाल का कहना है कि वह रोलर चलाता है। 2 जून को डोईवाला देहरादून से बस से वापस आने के बाद आंबडेकर पार्क के सामने उतर गया था। उसके बाद सवारी का इंतजार कर रहा, कि इस दौरान एक कार आकर रुकी। जिसको मैंने रोक लिया था। उसके बाद कार में बैठ गया। जिसमें पहले से दो सवारियां बैठी थी। जब तोपखाना रोड पर उतरा, तो बैग उठाने के बाद चेक किया तो उसमें से 22 हजार रुपये गायब थे। इस बीच कार वाला जा चुका था। जहां पीड़ित उसके बाद थाने गया। उसने तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### घर में घुसकर महिला से छेड़खानी, रिपोर्ट दर्ज

**रामपुर, अमृत विचार :** घर में सो रही महिला को कुछ लोगों ने लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। दो लोगों ने महिला से छेड़खानी की। पुलिस ने 6 नामजद और दो अज्ञात सहित आठ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। टांडा थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक महिला का कहना है कि 30 मई को उसकी पुत्रवधू से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। उसी के चलते महिला ने अपने रिश्तेदारों को 31 मई को बुला लिया। उसके बाद पीड़िता को सोते समय लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। आसिफ और रेहान ने महिला से छेड़खानी कर दी। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रेहान, शमशाद, शायरून, अल्ताफ, आसिफ, अशफाक, जीशान और दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### लूटपाट के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**पटवाई, अमृत विचार :** पटवाई थाना क्षेत्र के भौरकी कदीम गांव में नेमचन्द्र नाम के व्यक्ति ने अपने घर में लूटपाट और परिवार को जान से मारने की धमकी देने की बात कही है। शिकायतकर्ता नेमचन्द्र का कहना है कि वह 11 मई को शाम करीब 5 बजे गांव के ही नेतराम, हरकिशोर, राजेश और चंद्रपाल, त्रिमल सिंह उनके घर में घुस आए थे। आरोपियों ने उनके घर से 2,95,000 नकद, 8 क्विंटल गेहूं, घर के बर्तन, गैस सिलेंडर, सोने के तीन और चांदी के चार गहने और कपड़े लूट लिए थे। विरोध करने पर आरोपी उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। 15 मई को पटवाई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए लिखित शिकायत भेजी थीं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। कोर्ट के आदेश पुलिस ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### समस्याओं को लेकर किसानों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**रामपुर, अमृत विचार :** भाकियू अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह गंगवार ने कहा किसानों को परेशान किया जा रहा है। भाकियू अराजनैतिक की ओर से पंचायत का आयोजन आंबेडकर पार्क में हुआ। जिसमें जिलाध्यक्ष ने कहा कि पंचायत में कई समस्याओं को लेकर चर्चा की। जिसमें सहकारिता में ही किसानों का हिस्सा अंश धनराशि पर ब्याज दिलाने, जल जीवन मिशन योजना ग्रामीण भारत, पानी, पर्यावरण सुरक्षा, सरकारी जमीनों व निजी जमीन पर अवैध कब्जे शामिल है। तहसीलों में लेखपाल की मनमानी रोकने पुलिस थानों में चोरी लूट की वारदातें दर्ज न करना आदि शामिल हैं। किसानों ने उसके बाद प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जिसमे बाल किशोर पांडे, वीरेंद्र गंगवार, बृजेश पाल, अनिल, अनोखे लाल, भोपराम आर्य, नरेश कुमार अरविंद, मोहनलाल गंगवार, सुनील मौर्य, निशांत गंगवार, मोहम्मद रफीक, राम आर्य, लखविंदर सिंह, देवानंद, रामप्रताप गंगवार मौजूद रहे।

### युवती को फुसलाकर ले जाने में 3 पर रिपोर्ट

**मिलक, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खमरिया निवासी व्यक्ति ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया कि 1 जून को उसकी पुत्री लापता हो गई थी। उसे जानकारी हुई कि गांव निवासी सुमित उसे बहला फुसलाकर ले गया है। आरोप लगाया कि उसकी पुत्री घर में रखे 52000 रुपये और गहने ले गई है। उनकी पुत्री को फुसलाकर ले जाने के साजिश में केसरी लाल और मनीष ने भी सहयोग किया है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दुकानें बनाकर आवंटित करे पालिका : शंखधार

**मिलक, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष आदेश शंखधार ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र के मोहल्ला असदुल्लापुर में बंजर भूमि के नाम से कुल 23 स्थानों पर लगभग 19 बीघा जमीन है। उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि अगर नेशनल हाईवे के चौड़ीकरण होने कारण दुकानदारों को कोई नुकसान होता है तो नगर पालिका को उनकी भरपाई करते हुए बंजर भूमि पर दुकानें बनाकर उनको दुकानदारों के लिए आवंटित कर देना चाहिए। जिससे कि किसी भी दुकानदार का नुकसान न होने पाए। नगर पालिका की आमदनी भी निरंतर चलती रहेगी और भूमि भी सुरक्षित रहेगी।

## एक नजर

### प्रवेश के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 20 जून

**बहजोई, अमृत विचार :** गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद में स्नातक स्तर के प्रवेश के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 20 जून है। बहजोई महाविद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि महाविद्यालय में नि:शुल्क पंजीकरण की व्यवस्था भी हेल्पडेस्क के माध्यम से उपलब्ध रहेगी। इसके लिए प्रवेशार्थी अपने हाईस्कूल, इंटर अंकपत्र और आधार कार्ड की छाया प्रति के साथ एक फोटो लेकर आएं।

### कई लोगों ने थामा कांग्रेस का हाथ

**संभल, अमृत विचार :** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर संदीप कुमार एडवोकेट, गीतम सिंह यादव एडवोकेट, जान मोहम्मद सैफी ने समर्थकों के साथ कांग्रेस नेता राहुल गांधी के विचारों और पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर जिलाध्यक्ष आरिफ तुर्की की मौजूदगी में कांग्रेस ज्वाइन की। इस दौरान अतर सिंह यादव, रंजीत कुमार, विवेक कुमार, तनुज यादव, राकेश यादव, भगवान सिंह यादव, गुड्डू यादव, कल्पना सिंह, मुशीर तरीन खां, संजीव कुमार, तौकीर अहमद, डीके वाल्मीकि, अक्षय कुमार, ठाकुर बब्बू खां, अकील आदि रहे।

### युवक के साथ की जमकर मारपीट, तहरीर दी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** सेमर टोला बस्ती निवासी महिला सोनम ने कोतवाली में तहरीर दी कि रिश्तेदारों ने बुधवार की सुबह 10 उसके पति गगन के साथ मारपीट की। वह बचाने गई तो उसके साथ भी मारपीट की गई। कुछ लोगों के आने पर आरोपी पति को जान से मारने की धमकी देकर चले गए। घटना का वीडियो किसी ने वायरल कर दिया।

### डीएम से तीन माह का वेतन दिलाने की मांग

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मचारी रामनारायण पुत्र मक्खन सिंह ने डीएम को भेजे पत्र में कहा है कि 27 फरवरी 2025 को पुत्री के शादी के लिए ऋण लेने के लिए नगर पालिका में प्रार्थना पत्र दिया था। साथ ही एसडीएम व ईओ को अवगत कराया था। मगर लिपिक ने प्रार्थना पत्र आज तक नहीं दिया। उसका तीन माह का वेतन भी नहीं दिया है। उसने वेतन दिलाने की मांग की है।

# सरायतरीन सब्जी मंडी हटवाने की मांग

## मोहल्ले के लोगों ने एसडीएम से लगाई कार्रवाई की गुहार, सीओ ने दोनों पक्षों से की वार्ता



एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते सरायतरीन के लोग। ● अमृत विचार



सरायतरीन में नाले व सड़क पर बनाई गई दुकानें। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

**अमृत विचार:** सरायतरीन की सब्जी मंडी को अवैध बताकर लोगों ने प्रदर्शन करते हुए एसडीएम से उसे हटाने और नाले व सड़क पर बनीं दुकानों को भी तोड़ने की मांग रखी गई। आईपीएस सीओ आलोक भाटी ने समस्या का समाधान खोजने को दोनों पक्षों के साथ वार्ता की।

बुधवार को सरायतरीन के बाजार गंज के लोगों ने घरों के आगे अतिक्रमण कर अवैध सब्जी मंडी लगाकर वसूली करने और सरकारी चुंगी पर कब्जा किए जाने के विरोध में प्रदर्शन कर एसडीएम कार्यालय में शिकायती पत्र दिया। लोगों ने कहा कि उनके घरों के आगे कुछ लोग अवैध रूप से कब्जा करके बाजार लगवा रहे हैं। बाजार से जबरन वसूली की जा रही है। जब अतिक्रमण हटाने के लिए कहा जाता है तो लोग फौजदारी पर आमादा हो जाते हैं। उन लोगों ने निकलने का रास्ता रोक दिया है।

● **दूसरे पक्ष ने कहा-वर्ष 1973 में एसडीएम ने नीलाम किया था बाजार**

जिस कारण घरों से निकलना भी दूभर हो गया है। प्रदर्शनकारियों ने एसडीएम से प्रकरण का संज्ञान लेकर कार्रवाई की मांग की। नाले व सड़क पर दुकानें बना लेने का मामला भी रखा गया। इस दौरान जितेंद्र कुमार, हेमेंद्र कुमार, राजेश कुमार, कृष्ण गोपाल, निरंजन वार्ष्णेय, निर्दोष कुमार, धर्मेंद्र गुप्ता, मधुर गुप्ता, शोभित आदि रहे। इस मामले को लेकर दोपहर बाद आईपीएस सीओ संभल आलोक भाटी सरायतरीन पुलिस चौकी पहुंचे। जहां दोनों पक्षों को बुलाया गया।

सीओ ने काफी देर तक दोनों पक्षों के साथ वार्ता की। दोनों पक्षों ने अपने-अपने दस्तावेज प्रस्तुत किए। दूसरे पक्ष के सईदुद्दीन ने कहा कि वर्ष 1973 को एसडीएम द्वारा नीलाम किया गया बाजार उनके पिता ने खरीदा था।

## गुन्नौर में आग से दर्जन भर बिटोरे व बोंगे राख

**गुन्नौर, अमृत विचार:** आग लगने से दर्जनभर से अधिक भूसा के बोंगे और उपलों के बिटोरे धू धू कर जलने लगे। पुलिस और फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। तब तक सबकुछ राख हो चुका था।

कस्बे में बदायूं रोड पर स्थित काशीराम आवासीय कॉलोनी के बगल में पशुपालकों ने पशु चारा भूसा के बोंगे और जलाने के लिए उपलों के बिटोरे रख लिए हैं। बुधवार सुबह करीब 11 बजे अचानक बिटोरे में आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर आस-पास के बिटोरे और भूसा के बोंगो को अपनी चपेट में ले लिया।

इस भीषण अग्निकांड में दर्जनभर से अधिक बोंगे और बिटोरे जलकर राख हो गये। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद जैसे तैसे आग पर काबू पाया जा सका। रूपबसंत, रामकिशन, भजनसिंह, ओमप्रकाश, कल्लू समेत कई लोगों के बोंगे और बिटोरे जले हैं। आग लगने के कारण का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

## परिषद के प्राथमिक सदस्य बनाएं पदाधिकारी

**संभल, अमृत विचार :** राष्ट्रीय भ्रष्टाचार दमन परिषद की चामुंडा कॉलोनी में बैठक में प्राथमिक सदस्यता अभियान की समीक्षा की।

राष्ट्रीय अध्यक्ष केके मिश्र ने कहा कि पदाधिकारी अपने क्षेत्र में प्राथमिक सदस्य बनाएं और बैठक का आयोजन करें। यदि कोई कार्यकर्ता तीन बैठक में अनुपस्थित रहता है तो उसे निष्क्रिय घोषित कर जिला कार्यकारिणी को प्रेषित करें। परिषद का क्षेत्रीय अधिवेशन एवं कार्यकर्ता सम्मेलन 15 जून को पाठकपुर में होगा। व्यवस्था एवं जिम्मेदारी के लिए गठित समिति में ब्रजेश यादव के नेतृत्व में मलखान शर्मा, साझी चंद्रपाल, भानुप्रताप सिंह, बिलाल अली, भगतजी, रामनिवास शामिल किए हैं। बैठक में डीपी शर्मा, मोहम्मद अली, हाजी हाशिम अली, योगेश मिश्रा, मोहम्मद रफी, होराम सिंह, मोहम्मद उस्मान, राकेश वार्ष्णेय, सतीश शर्मा, ज्ञान प्रकाश उपाध्याय आदि रहे।

# मनरेगा व ग्राम निधि में घोटाले की जांच को पहुंची टीम

**संवाददाता, बहजोई (संभल)**

● **गुन्नौर के पूर्व विधायक अजीत कुमार उर्फ राजू यादव ने की थी शिकायत**

● **कमिश्नर ने मुख्यमंत्री कार्यालय के आदेश पर भेजी तीन सदस्यीय जांच टीम**

**अमृत विचार:** संभल के तीन विकास खंड में मनरेगा व ग्राम निधि में करोड़ों के घोटाले की जांच के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय के निर्देश पर मंडलायुक्त द्वारा गठित तीन सदस्यीय टीम पहुंची। पहले दिन शिकायत करने वाले पूर्व विधायक व अन्य से आरोपों को समर्थन में साक्ष्य लिए गए। डीपीआरओ पर लगाए गए गंभीर आरोपों को लेकर भी टीम ने बयान दर्ज किए।

गुन्नौर के पूर्व विधायक अजीत कुमार उर्फ राजू ने बीते माह मुख्यमंत्री से शिकायत कर कहा था कि गुन्नौर तहसील के ब्लॉक रजपुरा, जुनावई व गुन्नौर की ग्राम पंचायतों में मनरेगा तथा ग्राम निधि में करोड़ों रुपए का घोटाला किया जा रहा है। मुख्यमंत्री कार्यालय से कमिश्नर मुरादाबाद को जांच कराने के निर्देश मिले थे। कमिश्नर ने अमरोहा के सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्रा, परियोजना निदेशक अमरोहा अमरेंद्र प्रताप तथा राज्य कर अधिकारी संभल इंद्रजीत बाली को जांच की जिम्मेदारी दी। तीनों अधिकारी बुधवार को 11 बजे कलेक्ट्रेट पहुंच गए। मुख्य विकास अधिकारी के दफ्तर में टीम ने शिकायत करने वाले पूर्व विधायक अजीत कुमार राजू सहित अन्य शिकायतकर्ताओं के बयान दर्ज करते हुए साक्ष्य लिए।

डीपीआरओ उपेंद्र कुमार पांडेय पर लगे गंभीर आरोपों को लेकर भी जांच की। जांच टीम ने डीपीआरओ के भी बयान दर्ज किए। 2 घंटे तक जांच के बाद टीम वापस चली गई।



बहजोई के सीडीओ कार्यालय में घोटाले के आरोपों की जांच करती टीम।

> कमिश्नर मुरादाबाद द्वारा तीन सदस्यीय टीम गठित की गई थी। वह इस जांच टीम में हैं। शिकायतकर्ताओं से वार्ता की गई और साक्ष्य लिए गए हैं। सभी आरोपों को लेकर गहनता से जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट प्रेषित की जाएगी।
>
> **– अश्वनी कुमार मिश्रा**, सीडीओ अमरोहा

> हमने मुख्यमंत्री से मनरेगा तथा ग्राम निधि के तहत हो रहे घोटाले और डीपीआरओ उपेंद्र कुमार पांडेय की मिलीभगत की शिकायत की थी। तीन सदस्यीय जांच टीम को हमने साक्ष्य सहित अपना पक्ष रखा है। जांच समिति की जांच के बाद ही पूरे मामले का सच सामने आ जाएगा।
>
> **–अजीत कुमार** उर्फ राजू, शिकायतकर्ता

# गंगा दशहरा आज, राजघाट व अन्य घाटों पर खास इंतजाम

**संवाददाता, संभल/बबराला**

● **राजघाट से तीन किमी पहले योग पार्क में रोके जाएंगे भारी वाहन, डीजे पर रोक**

**अमृत विचार :** गंगा दशहरा पर गुरुवार को लाखों श्रद्धालु गंगा स्नान को पहुंचेंगे। राजघाट सहित सभी घाटों पर सुरक्षा के इंतजाम किये गये हैं। भारी वाहन गंगा घाट से तीन किमी पहले योग पार्क में ही रोके जा रहे हैं। डीजे पर भी रोक रहेगी।

बुधवार को थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान ने गंगा घाट का निरीक्षण किया। बताया कि घाट पर बैरिकेडिंग कराई गई है। सौ से अधिक दरोगा, हेड कांस्टेबल, कांस्टेबल और महिला कांस्टेबल तैनात किए गए हैं। सादे कपड़ों में भी महिला और पुरुष कांस्टेबल मौजूद रहेंगे। मोटर बोट के साथ एसडीआरएफ टीम और स्थानीय गोताखोरों को लगाया गया है। मेला स्थल पर खोया-पाया केंद्र बनाया गया है। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी ने बताया कि बबराला से राजघाट तक पूरे रास्ते में स्ट्रीट लाइटें दुरुस्त करा दी गई हैं। सफाई मित्र स्वच्छता अभियान चला रहे हैं। वहीं, मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था है। रूट डायवर्जन की भी व्यवस्था की गई है। मीरमपुर बांध के पास बैरियर लगा कर अस्थाई पार्किंग में दो पहिया वाहनों को रोकने की व्यवस्था है। मुख्य सड़क से घाट की ओर केवल पैदल श्रद्धालु ही जा सकेंगे।

## शार्ट सर्किट से कपड़े और परचून की दुकान में लगी आग

**संभल, अमृत विचार :** शार्ट सर्किट से परचून व कपड़े की दुकान में आग लग गई। करीब तीन लाख रुपये का माल जल गया।

गांव रसूलपुर सराय निवासी बबलू की गांव में ही कपड़े व परचून की दुकान है। मंगलवार को देर रात जब बबलू दुकान की तरफ घूमने के लिए पहुंचा तो दुकान से आग की लपटें व धुआं उठ रहा था। लोगों ने पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। दुकान में रखा कपड़ा, परचून सामान, फ्रिज और अन्य सामान जल गया। करीब 3 लाख रुपये का नुकसान हुआ। बबलू का कहना रहा कि शिकायत के बाद भी बिजली विभाग ने मीटर ठीक नहीं किया। पुलिस ने मौके का जायजा लिया।

# बस संचालक नहीं चलने दे रहे ऑटो, प्रदर्शन

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

● **प्राइवेट बस अड्डा के मुंशी पर ऑटो चालकों से मारपीट का आरोप**

● **बस संचालकों ने कहा, डग्गामार वाहन चलने से उन्हें होता है नुकसान**



संभल में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते आटो चालक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सिरसी से संभल के बीच चलने वाले ई-रिक्शा, ऑटो चालकों ने बस संचालकों के खिलाफ प्रदर्शन किया। चालकों का कहना है कि प्राइवेट बस संचालक उनके आटो नहीं चलने दे रहे हैं और मारपीट करते हैं।

मुरादाबाद मार्ग पर ऑटो लेकर पहुंचे चालकों ने बुधवार सुबह प्रदर्शन किया। सिरसी निवासी राजीव सैनी ने कहा कि प्राइवेट बस अड्डा के मुंशी ने ई ऑटो नहीं चलने दिये और मारपीट की। वहीं सलीम का कहना रहा कि मुंशी व बस चालकों ने मारपीट की और रुपये भी निकाल लिए। ऑटो चालकों ने आटो बेचने वाली एजेंसी संचालक से भी कहा कि जब उन्होंने लाखों रुपये खर्च करके ऑटो खरीदे हैं तो फिर सिरसी से संभल के बीच संचालन क्यों नहीं होने दिया जा रहा। ऑटो चालकों ने काफी देर तक एजेंसी पर भी आक्रोश जाहिर किया। कहा कि परिवार चलाने के लिए ऑटो खरीदे हैं। वहीं प्राइवेट बस संचालकों का कहना है कि उनके पास बस संचालन के परमिट हैं और वह सरकार को हर माह टैक्स देते हैं। डग्गामार वाहनों के संचालन से उनका नुकसान होता है।

**अभियान** 29 परिवारों को कांशीराम आवासों में किया गया पुनर्वासित

# भीख से सीख कार्यक्रम बदल रहा जिंदगी

**कार्यालय संवाददाता, संभल/बहजोई**

**अमृत विचार:** भीख मांगकर जीवन यापन करने वाले परिवारों के लिए भीख से सीख कार्यक्रम वरदान साबित हो रहा है। इस कार्यक्रम से तहत 146 परिवारों को लाभान्वित कर उनका पुनर्वास किया जा रहा है। 29 परिवारों को कांशीराम योजना के आवास दे दिये गये हैं जबकि बाकी को जिला प्रशासन व वीनस शुगर मिल मिलकर पुनर्वासित करने के लिए जुटे हैं।

भीख से सीख कार्यक्रम के जरिये भीख मांगने वाले परिवारों की जिंदगी बदलने की मुहिम का नेतृत्व कर रहे जिलाधिकारी संभल डा. राजेंद्र पैंसिया ने बताया कि इस बहुआयामी और समावेशी कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यपाल द्वारा किया गया। यह योजना भीख मांगने वाले परिवारों के पुनर्वास तक सीमित नहीं है। बल्कि उन परिवारों के बच्चों महिलाओं और वयस्कों को शिक्षा, सम्मान और जीवन में आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करने का मानवीय हस्तक्षेप है। डीएम ने बताया कि योजना के सफल संचालन के लिए जिला टास्क फोर्स का गठन किया गया है। जिसके वह खुद अध्यक्ष जबकि एसपी व सीडीओ सदस्य होंगे। जिला प्रोबेशन अधिकारी टास्क फोर्स के सचिव होंगे। 26 अन्य सदस्यों में समाजसेवी और एनजीओ प्रतिनिधि शामिल हैं।

### भीख की कुप्रथा को किया जा रहा दूर

जिलाधिकारी ने बताया कि कुप्रथा के तहत चंदौसी के 45, बहजोई के 70, बबराला और गुन्नौर के 13, संभल के 18 परिवारों को चिन्हित किया गया है। जिसमें 264 बच्चे औपचारिक रूप से शिक्षा से वंचित हैं और 305 वयस्कों में 155 पुरुष और 150 महिलाएं हैं। जिन्हें कौशल विकास से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। चिन्हित 74 बच्चे 6 से 15 वर्ष आयु वर्ग के हैं। जबकि 32 बच्चे 6 वर्ष से कम आयु के हैं। जिन्हें उम्मीद संस्था के द्वारा उनके क्षेत्र में प्रारंभ किए गए अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों से जोड़ा गया है। वह शिक्षा, रचनात्मक गतिविधि और जीवन कौशल के प्रशिक्षण में संलग्न हैं।

● **305 वयस्क व 264 बच्चों को भीख की कुप्रथा से किया जा रहा दूर**



डॉ. राजेंद्र पैंसिया, डीएम

### चंदौसी के 29 परिवारों को मिला आवास

डीएम ने बताया कि चंदौसी में 29 परिवार ऐसे हैं जिन्हें अस्थाई रूप से काशीराम योजना के तहत बने आवासों में पुनर्वासित किया गया है। उनके गृह जनपद में सत्यापन की प्रक्रिया प्रचलित है। वयस्कों को स्किल डेवलपमेंट के तहत विभिन्न रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा और महिलाओं को स्वयं सहायता समूह में संगठित कर माइक्रो फाइनेंस उद्यमिता तथा बचत योजना से जोड़ा जाएगा।

## 25 हजार रुपये और जेवरों पर किया हाथ साफ

**असमोली, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में चोरों ने नकब लगाकर घर से 25 हजार रुपये, सोने-चांदी के जेवर समेत लाखों रुपये का सामान समेट लिया।

असमोली थाना क्षेत्र गांव बदनपुर बसई में रईस का घर गांव के बाहरी छोर पर है। मंगलवार को रात चोरों ने नकब लगाया और घर में पहुंच गए। चोरों ने ताला तोड़कर अलमारी से 25 हजार रुपये, सोने के 6 और चांदी के 4 जेवर, कपड़े आदि सामान समेटा और निकल गए। बुधवार को सुबह रईस और परिजन जागे तो चोरी की जानकारी हुई। थाना प्रभारी राजीव मलिक ने कहा कि चोरी की तहरीर मिली है। जांच की जा रही है। वहीं कस्बा असमोली में भी देसी शराब की दुकान के पास चोरों ने एक घर से नकदी व जेवर आदि सामान चोरी कर लिया। थाना प्रभारी राजीव मलिक ने कहा कि असमोली में चोरी की जानकारी नहीं है।

# मालगाड़ी के आगे लेट युवक ने की आत्महत्या



रेलवे लाइन पर पुलिस व बड़ी संख्या में लोग। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

● **कब्रिस्तान रेलवे फाटक के पास हुई घटना, नहीं हुई शिनाख्त**

**अमृत विचार:** मालगाड़ी के आगे लेट युवक ने आत्महत्या कर ली। जीआरपी व पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। मगर शिनाख्त नहीं हो सकी। इस दौरान इंदौर-बरेली एक्सप्रेस करीब 20 मिनट तक खड़ी रही।

बुधवार की दोपहर 1.45 बजे बरेली से चन्दौसी के लिए मालगाड़ी आ रही थी। कब्रिस्तान रेलवे फाटक के पास एक युवक ट्रैक पर लेट गया। मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौके पर मौत हो गई। काफी संख्या में लोग एकत्र हो गए। सूचना पर जीआरपी व कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। युवक काली पेंट व लाल शर्ट पहने था। युवक की पैंट की जेब से पालीथिन में 400 रुपये एक चाबी निकली। पुलिस ने युवक की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। लोगों ने बताया कि उक्त युवक घटना से एक घंटा पूर्व ट्रैक के पास पेड़ के नीचे बैठा रो रहा था। घटना के चलते बरेली इंदौर एक्सप्रेस करीब 20 मिनट तक भैंतरी फाटक व फाटक 35 बी के बीच खड़ी रही।

## सार संक्षेप

### पूर्वी ने देहरादून में जीता कांस्य पदक



**चन्दौसी, अमृत विचार :** देहरादून के परेड ग्राउंड में 29 मई से 1 जून तक चौथी जूनियर एवं कैडेट नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में चन्दौसी ताइक्वांडो एकेडमी की पूर्वी राघव ने अंडर 37 भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया। जिला ताइक्वांडो सचिव सुरेश कुमार ने बताया कि सेमीफाइनल राउंड में वेस्ट बंगाल की समृद्धि से 1 अंक से चूक गई। चन्दौसी पहुंचने पर ताइक्वांडो खिलाड़ी का जोरदार स्वागत किया। पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुज चौधरी ने पूर्वी राघव को मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

### वैश्य एकता मंच पदाधिकारियों ने किया पौधरोपण




**चन्दौसी, अमृत विचार :** वैश्य एकता मंच के पदाधिकारियों ने पंजाबी कॉलोनी स्थित पार्क में पौधरोपण किया। अध्यक्ष लवित वार्ष्णेय व विधिक सलाहकार प्रवीण गुप्ता ने बताया कि पेड़ हवा को शुद्ध करते हैं, पानी को साफ रखते हैं और मिट्टी को बांधकर रखते हैं। अनुरोध कियाकि गुरुवार को पर्यावरण दिवस पर ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण और संरक्षण भी करें। आकाश वार्ष्णेय, तुषार कुमार, दीपेश वार्ष्णेय, बृजेश वार्ष्णेय, हेमंत वार्ष्णेय, प्रथम वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

### बकरीद पर ठीक हो सफाई, बिजली और पानी की व्यवस्था



**संभल, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के जिला सचिव सईद अख्तर इसराईली ने बकरीद पर व्यवस्थाओं को लेकर एसडीएम डॉ.वंदना मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। कहा कि मस्जिदों, मदरसों, इमामबाड़ों के आसपास सफाई व्यवस्था दुरुस्त रहे। कुर्बानी के बाद तुरंत मलबा उठाने के लिए नगर पालिका कर्मचारियों को निर्देश दिए जाएं। पेयजल व्यवस्था, सुरक्षा और 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुचारू किए जाने की मांग उठाई। मोहम्मद वसीम, रमीज राजा, इरशाद, सत्तार, डॉ.मुस्तफा, नवील अहमद, फैज, तालिब मलिक आदि रहे।

### एनकेबीमजी में छात्राओं को दिलाई योग की शपथ



**चन्दौसी, अमृत विचार :** एनकेबीएमजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के तहत योगा को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर संगीता गोयल ने छात्राओं को योग की शपथ दिलाई। छात्राओं को बताया कि हम प्रतिदिन 30 मिनट योग को देंगे तो उससे हमारा स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। योग का मुख्य लक्ष्य मन और शरीर को एकजुट करना है। योग का मूल उद्देश्य आत्म साक्षात्कार और आत्म ज्ञान प्राप्त करना है। बताया कि योग एक स्वस्थ जीवन जीने की कला और विज्ञान है। कार्यक्रम में डॉ. बविता सिंह, डॉ. विभा सिंह आदि मौजूद रहे।

### संघ ने आईटीआई परिसर में किया पौधरोपण

**चन्दौसी, अमृत विचार :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में मानवाधिकार संघ की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम का आरंभ संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. नरेंद्र सिंह पाल ने किया। शमी, अर्जुन, आंवला, सहजन, आम, पीपल, बेल आदि के पौधा का रोपण किया गया। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने बताया कि शमी का पौधा धार्मिक व आध्यात्मिक महत्व के साथ औषधीय गुण भी होते हैं। हरीश कठेरिया, त्रिमोहन सिंह, जयशंकर दुबे, विश्वजीत शर्मा, मुकेश गौतम, वीरपाल, वीरेंद्र कुमार, बब्बू शर्मा आदि मौजूद रहे।

### 7 ई रिक्शा सीज, 75 हजार का जुर्माना लगाया

**संभल, अमृत विचार :** शासन के निर्देश पर चल रहे चेकिंग अभियान में बुधवार को एआरटीओ प्रशासन एवं प्रवर्तन डॉ.पीके सरोज और पीटीओ योगेंद्र यादव ने 4 पंजीकृत और 3 पंजीकृत ई रिक्शों को पुलिस चौकी मंडी समिति में सीज किया। 75 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। 2 निजी वाहनों, ओवरलोडिंग में 1 वाहन का चालान किया। एआरटीओ ने वाहन चालकों से पंजीकरण के बाद ही ई रिक्शा संचालन की अपील की।

### चोरों ने तोड़ा घर के बाहर लगा कैमरा

**मनोटा, अमृत विचार :** ऐंचौड़ा कम्बोह थाना क्षेत्र के गांव मुंगरेजपुर निवासी मुजफ्फर का मकान गांव के बाहरी छोर पर है। मंगलवार को रात घरवालों को बाहर कुछ टूटने की आवाज आई। मुजफ्फर ने बाहर जाकर देखा तो तीन-चार बदमाश बाइक से भाग रहे थे। घर के सामने लगा सीसीटीवी कैमरा बदमाशों ने तोड़ दिया था। थाना प्रभारी संजीव बालियान का कहना रहा कि सीसीटीवी कैमरे पर किसी ने कुछ मार दिया था। जिससे कैमरे का शीशा टूट गया था।

### एसआईबी ने मेंथा फर्म में मारा छापा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** साहूकारा मोहल्ले में एक मेंथा फर्म में एसआईबी ने छापा मारा। टीम ने मेंथा फर्म के कागजात आदि चेक किए। टीम ने मीडिया को जानकारी देने से इंकार कर दिया। किसी को भी फर्म के अंदर नहीं जाने नहीं दिया गया। बुधवार की दोपहर 2 बजे एसआईबी की टीम पांच गाड़ियों में सवार होकर मोहल्ला साहूकारा स्थित एक मेंथा फर्म पहुंची और फर्म परिसर व आफिस के अंदर चली गई। इसके बाद मेंथा फर्म में प्रवेश बंद कर दिया। मेंथा फर्म के मालिक की ओर से कागजात देखने आरंभ कर दिया। एसआईबी टीम के छापे की खबर कुछ ही देर में पूरे शहर में पहुंच गई। जिससे अन्य मेंथा फर्म मालिकों में हड़कंप मच गया। छापे की सूचना पर मीडिया कर्मी मौके पर पहुंचे तो टीम से किसी भी जानकारी देने इंकार कर दिया। देर शाम तक जांच की जा रही थी।

### 10 बीघा जमीन पर अवैध प्लाटिंग कराई ध्वस्त



**संभल, अमृत विचार :** संभल में प्रशासन ने फिर से अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई की। सदर कोतवाली क्षेत्र में मुरादाबाद मार्ग पर स्थित तशतपुर गोसाई में अवैध प्लाटिंग को लेकर एसडीएम डॉ.वंदना मिश्रा से शिकायत की गई थी। बुधवार को सुबह एसडीएम, जेई विनियमित क्षेत्र सचिन सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। एसडीएम के निर्देश पर बुलडोजर ने अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त करने का काम शुरू कर दिया। एसडीएम ने कहा कि बिना मानक पूरे किए किसी को भी प्लाटिंग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

मूर्खशिष्योपदेशेन दुष्टास्त्रीभरणेन च।
दु:खितै: सम्प्रयोगेण पण्डितोऽप्यवसीदति॥

मूर्ख शिष्य को पढ़ाने पर, दुष्ट स्त्री के साथ जीवन बिताने पर तथा दु:खियों-रोगियों के बीच में रहने पर विद्वान व्यक्ति भी दु:खी हो ही जाता है।

## संपादकीय

# साइबर सुरक्षा प्राथमिकता

भारत में बढ़ते डिजिटल बुनियादी ढांचे के साथ, साइबर सुरक्षा खतरे भी बढ़ रहे हैं जो देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था और सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती बन रहे हैं। सूचना युद्ध और साइबर हमलों से भारत की राजनीतिक व्यवस्था को नुकसान हो सकता है। वित्तीय धोखाधड़ी, जैसे ऑनलाइन निवेश घोटाले और अवैध ऋृण देने वाले ऐप, डिजिटल वित्त में विश्वास को कमजोर करते हैं। साइबर अपराधियों ने 2024 में डिजिटल धोखाधड़ी के ज़रिए 1,750 करोड़ रुपये से अधिक की हानि पहुंचाई है। कहा जा सकता है कि भारत का बढ़ता डिजिटल बुनियादी ढांचा साइबर खतरे में है और सुरक्षा खतरे तेजी से जटिल होते जा रहे हैं। ये खतरे डेटा उल्लंघन, फिशिंग अटैक और रैनसमवेयर के रूप में सामने आते हैं। यह मुख्य रूप से साइबर अपराधों से निपटने के लिए मज़बूत बुनियादी अवसंरचना की कमी के कारण होता है। डेटा उल्लंघन एक प्रमुख चिंता है, जिसमें संवेदनशील जानकारी तक अनधिकृत पहुंच हो जाती है। फिशिंग अटैक में, साइबर अपराधी लोगों से संवेदनशील जानकारी प्राप्त करने के लिए ईमेल, संदेश या वेबसाइटों का उपयोग करते हैं। रैनसमवेयर हमले में, साइबर अपराधी डेटा को एन्क्रिप्ट कर देते हैं और उसे वापस प्राप्त करने के लिए फिरौती मांगते हैं।

साइबर सुरक्षा चुनौतियां बढ़ जाने की वजह से साइबर हमलों से विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सेवाएं बाधित हो सकती हैं। भारत के नेतृत्व, संस्थान और रणनीतिक संपत्ति डिजिटल निगरानी के निशाने पर रहे हैं। अधिकांश लोगों को साइबर सुरक्षा नियमों की जानकारी नहीं होती है, जिससे वे फ़िशिंग और अन्य सामाजिक इंजीनियरिंग तकनीकों के लिए अधिक असुरक्षित हो जाते हैं। देश की बढ़ती अर्थव्यवस्था में विकसित हो रहे डिजिटल बुनियादी ढांचे को सुरक्षित करने के लिए देश में लगभग 7,90,000 साइबर सुरक्षा पेशेवरों की कमी है। साइबर सुरक्षा को मजबूत करने के लिए, नियमित प्रशिक्षण, सिमुलेशन, और साइबर सुरक्षा ऑडिट आवश्यक हैं। साइबर खतरों के तेजी से परिष्कृत और अंधाधुंध होने के साथ, नैतिक हैकर्स, साइबर विश्लेषकों और डिजिटल रक्षकों की आवश्यकता बढ़ेगी और भारत को पहले से कहीं ज्यादा साइबर योद्धाओं की जरूरत होगी। कुल मिलाकर जब भारत की अर्थव्यवस्था और बुनियादी ढांचा डिजिटल होता जा रहा है, भारत डिजिटल क्रांति से गुज़र रहा है और साइबर सुरक्षा युद्ध अब हाशिये पर नहीं है, बल्कि यह सबसे आगे और केंद्र में है। साइबर सुरक्षा को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनना चाहिए।

# विरासत और विकास की नई इबारत लिख रहे योगी


डॉ. चंद्रमोहन
प्रदेश सचिव
उत्तर प्रदेश भाजपा

**कभी निवेश की राह देखने वाला उत्तर प्रदेश अब इंवेस्टमेंट के लिए पसंदीदा राज्य बन गया है। ग्लोबल इंवेस्टर समिट के माध्यम से यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने कई लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने का काम किया है।**

आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन है। ये अवसर इसलिए खास है, क्योंकि देश और दुनिया में आज जिस उत्तर प्रदेश के विकास की चर्चा हो रही है, उसका श्रेय योगी आदित्यनाथ को जाता है। योगी आदित्यनाथ ने 'जो कहा, वो करके दिखाया'। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज यूपी 'विरासत और विकास' की भावना को साथ लेकर एक दुनियाभर में एक नई पहचान बना रहा है। आपने देखा कि 14 जनवरी से लेकर 27 फरवरी तक तीर्थराज प्रयाग में अद्भुत तरीके से महाकुंभ का सफल आयोजन योगी के नेतृत्व में किया गया। मानवता के इस 'महायज्ञ' में, आस्था, एकता और समता का महापर्व में 66 करोड़ 21 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पावन त्रिवेणी में स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त किया। विश्व इतिहास में यह अभूतपूर्व और अविस्मरणीय आयोजन है। हमारी सांस्कृतिक विरासत को इतने भव्य तरीके से जीवंत करने और इस आयोजन में विभिन्न माध्यमों से लाखों लोगों को विकास और रोजगार की पावन धारा से जोड़ने का काम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। इस आयोजन से लाखों लोगों को रोजगार मिला और उनके जीवन का कायाकल्प हुआ।

इसी तरह अयोध्या नगरी में रामलला का भव्य मंदिर बना, जो रामलला बरसों से टाट में थे, वो अब अपने भव्य और दिव्य भवन में विराजमान हैं। योगी सरकार का प्रयास ही है कि देश-विदेश से हर रोज लाखों की संख्या में भक्त रामनगरी अयोध्या में दर्शन पूजन के लिए पहुंचते हैं। अयोध्या नगरी आज फेवरेट टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनकर उभरा है। 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी, इसके बाद एक वर्ष के भीतर 13 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने अयोध्या में रामलला के दर्शन किए। अयोध्या में दान का रिकॉर्ड भी टूट रहा है। यहां दस काउंटरों पर प्रतिदिन 10 लाख रुपये से अधिक चढ़ावा आ रहा है। अयोध्या और उसके आसपास का



क्षेत्र आज विकास की एक नई इबारत लिख रहा है। विरासत को विकास से जोड़ने का यह अद्भुत उदाहरण है। भगवान राम का विचार था कि प्रजा का एक भी व्यक्ति अगर चैन से नहीं सो पा रहा है, तो राजा को भी नींद लेने का कोई हक नहीं। भगवान राम अपना सुख, चैन त्यागकर, मानव कल्याण के लिए राक्षसों का सर्वनाश करने निकल पड़े थे। 14 बरस भोग की हर वस्तु का त्यागकर प्रभु राम जमीन पर सोए और नंगे पैर कांटों भरे रास्ते पर चले। आज हमारे प्रदेश के मुखिया योगी, उन्हीं के पदचिन्हों पर चल रहे हैं और उनके बताए मार्ग पर चलकर दिन रात प्रदेश के जनता की सेवा कर रहे हैं।

संतकबीर नगर में बाबा तामेश्वरनाथ धाम का कायाकल्प कर इसे एक भव्य तीर्थस्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। बाबा तामेश्वरनाथ धाम को अयोध्या और काशी की तर्ज पर एक सुव्यवस्थित व भव्य तीर्थस्थल का स्वरूप दिया जाएगा। वृंदावन में भव्य और दिव्य बांकेबिहारी कॉरिडोर का निर्माण जल्द शुरू होने जा रहा है। 500 करोड़ रुपये से बांके बिहारी मंदिर के निकटवर्ती क्षेत्र में सुविधाओं का सुधार किया जाएगा और श्रद्धालुओं के लिए बेहतर माहौल बनाया जाएगा। मिर्जापुर में मां विंध्यवासिनी धाम को दिव्य बनाने के लिए 331 करोड़ की लागत से कॉरिडोर का निर्माण हो रहा है। सहारनपुर में सिद्ध पीठ मां शाकुंभरी देवी मंदिर के विकास के लिए करोड़ों रुपये का बजट योगी सरकार ने स्वीकृत किया है। उत्तर प्रदेश सरकार राज्य में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 4560 करोड़ रुपये की लागत से धार्मिक स्थलों को जोड़ने वाले मार्गों का कायाकल्प किया जा रहा है। अयोध्या, वाराणसी, मथुरा, चित्रकूट, प्रयागराज, नैमिषारण्य और मीर्जापुर के धार्मिक स्थलों को विकसित कर नई पहचान दिलाने का काम योगी आदित्यनाथ की सरकार कर रही है। आज हर जनपद में जिस तरह मेडिकल कॉलेजों का निर्माण हो रहा है, पॉलिटेक्निक कॉलेज और आईटीआई कॉलेजों का कायाकल्प हो रहा है, उसी तरह वहां के प्रमुख धार्मिक स्थलों और विरासतों का मूलभूत विकास भी सरकार करा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज यूपी चहुंमुखी विकास की गाथा लिख रहा है। एक समय प्रभु राम की नगरी अयोध्या में जैसा शासन रहा होगा, उसी राम राज्य को स्थापित करने की कल्पना साकार होती दिख रही है।

स्वास्थ्य से लेकर शिक्षा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर हो रहा है। टूटी-फूटी सड़कें एक्सप्रेस का रूप ले रही हैं, गरीबों के खाते में सीधे सहायता राशि पहुंच रही है। आज योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी में रामराज्य की कल्पना साकार हो रही है। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार, गुंडाराज, घोटाला, अपराध, जंगलराज, धांधली, तुष्टीकरण, कोरोना, जबरन धर्मांतरण आदि पर जबरदस्त प्रहार हो रहे हैं। गुंडे-माफियाओं पर शिकंजा कसता जा रहा है। बदमाश गले में तख्ती डालकर थाने में स्वयं सरेंडर करने आ रहे हैं। बाहुबली और माफिया योगी राज में थर-थर कांप रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने दूसरे कार्यकाल से पहले लोक कल्याण संकल्प पत्र में जो संकल्प लिए थे, उन्हें एक-एक कर पूर्ण कर दिखाया है। प्रदेश में युवाओं को रोजगार की बात हो, प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर को निवेश के लायक बनाने की चुनौती हो, एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हो या फिर माफिया-अपराधियों पर नकेल कसने का संकल्प हो, हर मुद्दे पर योगी आदित्यनाथ ने जनता के प्रति समर्पण के भाव से प्रभावशाली काम किया है। अपने ऐतिहासिक कार्यकाल में योगी आदित्यनाथ ने न सिर्फ योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया, बल्कि समय-समय पर योजनाओं के विकास की समीक्षा भी की, जिससे कोई योजना सरकारी फाइलों में दब नहीं सकी और पूरी पारदर्शिता के साथ लोगों को उनका लाभ मिल सका।

योगी आदित्यनाथ पांच अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डों वाले यूपी में सभी मंडलों को एयर कनेक्ट करने की महात्वाकांक्षी परियोजना पर मिशन मोड में काम कर रहे हैं। यूपी में 1,225 किलोमीटर तक फैले एक्सप्रेस-वे के जाल ने न सिर्फ यात्राओं को सुगम और तेज बनाया है, बल्कि इनके दोनों ओर डेवलप किए जा रहे औद्योगिक क्षेत्र प्रदेश के विकास को भी गति दे रहे हैं। हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर की बात करें तो प्रदेश के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में हेल्थ एटीएम लगाए जा रहे हैं। हर जिले में मेडिकल कॉलेज के अलावा गोरखपुर-रायबरेली में एम्स का संचालन किया जा रहा है। 6.51 करोड़ प्रदेशवासियों को आयुष्मान कार्ड के जरिए पांच लाख रुपये तक के बीमा से कवर किया जा चुका है। मेट्रो को अब गोरखपुर, प्रयागराज, वाराणसी, झांसी, बरेली और मेरठ में भी चलाने की योजना बनाई जा रही है। आगरा में मेट्रो की सवारी शुरू हो चुकी है।

कभी निवेश की राह देखने वाला उत्तर प्रदेश अब इंवेस्टमेंट के लिए पसंदीदा राज्य बन गया है। ग्लोबल इंवेस्टर समिट के माध्यम से यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने कई लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने का काम किया है। योगी सरकार के पहले कार्यकाल में सबसे ज्यादा निवेश आईटी और इलेक्ट्रानिक्स सेक्टर में 94,632 करोड़ रुपए का हुआ है। हर हाथ को रोजगार देने की दिशा में योगी आदित्यनाथ आगे बढ़ रहे हैं।

## प्रसंगवश

# गंगाजल भारतीय चिंतन और दर्शन का प्रतीक

श्रीकृष्ण ने गीता के अध्याय 10 श्लोक 31 में स्वयं मुख से कहा है- 'स्रोतसामस्मि जाह्नवि' अर्थात्न दियों में भागीरथी गंगा मैं हूं। भगवद् स्कंद 11 अध्याय 16 में आता है-'तीर्थानां स्रोतसां गंगा' तीर्थों में गंगा सबसे श्रेष्ठ है। यों गंगाजल की लौकिक महत्ता भी कम नहीं है, पर इसका मूल महत्व तो परलौकिक एवं आध्यात्मिक ही है। गंगा से कितने मनुष्यों और अन्य जीव-जंतुओं की तृष्णा शांत होती है, कितनी भूमि हरी-भरी शस्यश्यामला बनती है, उसके जल से सिंचित होकर कितनी घास-पात, कितना अन्न, शाक, फलों का भंडार उत्पन्न होता है इसे सभी लोग जानते हैं।

सभी जानते हैं कि लाखों करोड़ों मनुष्यों और पशु-पक्षियों का जीवन गंगा पर निर्भर रहता है। यदि गंगा का अवतरण न हुआ होता तो आज जहां की भूमि हरी-भरी दीखती है, जहां अगणित मनुष्य और पशु-पक्षी आनंद से किलोल करते हैं, वहां का दृश्य दूसरा ही हुआ होता। उस भूमि पर आज श्मशान जैसी विभीषिका दृष्टिगोचर होती। गंगा जिस प्रदेश में होकर गुजरती है, वहां के समीपवर्ती लोगों को तो जीवन के बहुमूल्य आधार दिए ही हैं, साथ ही दूरवर्ती जनता को भी बहुत कुछ दिया है। यहां की समृद्धि दूर-दूर तक फैलकर प्रकारांतर से सारे देश की समृद्धि को बढ़ाती है। प्रसिद्ध नदीसूक्त में सर्वप्रथम गंगा का ही आह्वान किया गया है। ऋग्वेद में 'गंगय' शब्द आया है। महाभारत एवं पुराणों गंगा की महत्ता एवं पवित्रीकरण के विषय में सैकड़ों प्रशस्तिजनक श्लोक हैं। भारत की अनेक धार्मिक अवधारणाओं में गंगा नदी को देवी के रूप में निरुपित किया गया है।

बहुत से पवित्र तीर्थस्थल गंगा नदी के किनारे पर बसे हुए हैं। अनेक पर्वों और उत्सवों का गंगा से सीधा संबंध है। इस नदी के बारे में पं. जवाहर लाल नेहरू ने लिखा है, "गगा तो लोकतांत्रिक भारत की नदी है, जनता की प्रिय है, जिसकी झलक भारत की जातीय स्मृतियां, उसकी आशाएं और उसका भय, उसके विजयगान, उसकी विजय और पराजय है।" इसके तटों पर अनेक प्रसिद्ध मेलों का आयोजन किया जाता है और अनेक प्रसिद्ध मंदिर गंगा के तट पर ही बने हुए हैं। ये तीर्थ स्थल संपूर्ण भारत में सांस्कृतिक एकता स्थापित करते हैं। गंगा को लक्ष्य करके अनेक भक्ति ग्रंथ लिखे गए हैं। गंगाजल के बारे में प्रचलित मान्यताएं व तथ्य तो यहां तक कहते हैं कि यदि मृत्युशय्या पर पड़े व्यक्ति के मुख में गंगाजल डाल दिया जाए तो वह बंधनों से मुक्त हो जाता है। गंगा जी के प्रति हमारी श्रद्धा और आस्था अकारण नहीं है। इसका वैज्ञानिक आधार भी है।


आचार्य टेकनारायण उपाध्याय
वरिष्ठ अर्चक, श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर वाराणसी

अनेक शोधकर्ताओं ने परिक्षण से सिद्ध किया है कि गंगाजल में ऐसे बहुत से औषधीय गुण हैं, जो विविध शारीरिक और मानसिक रोगों से मुक्ति दिलाते हैं, इसके पान, स्नान, स्पर्शन और नव प्राणशक्ति का संचार होता है। पुरानी मान्यता है कि वृद्धावस्था में जब शरीर जर्जर और व्याधिग्रस्त हो जाए तो केवल गंगाजल ही इसका उपचार है। "शरीर जर्जरीभूते व्याधिग्रस्त कलेवर औषधि जाह्नवी तायं वैद्यो नारायणोहरि।" "वैज्ञानिक कहते हैं कि गंगा के पानी में बैक्टीरिया को खाने वाले बैक्टीरियोफाज वायरस होते हैं। ये वायरस बैक्टीरिया की तादाद बढ़ते ही सक्रिय होते हैं और बैक्टीरिया को मारने के बाद फिर छिप जाते हैं। पश्चिमी प्रकृति ने भी गंगा के जल की इस अद्भुत विशेषता को सिद्ध किया है। डॉ. एफ.सी. हरिसन के अनुसार गंगा जल में एक विशिष्ट गुण है, जिसका संतोषजनक वर्णन कठिन है। इसमें हैजे के जीवाणु की तीन से पांच घंटे में मृत्यु हो जाती है। जबकि कई नदियों में यही जीवाणु तेजी से फैलते हैं।

यह नदी उन खेतों के लिए पोषक तत्व भी प्रदान करती है, जिनसे यह गुजरती है। गंगा की सहायक नदियां 300 मिलियन से अधिक लोगों के लिए जीवनदायिनी हैं। गंगाजल को हर भारतीय अमृत तुल्य मानकर उसका पान करता है। अपने पूर्ण जीवन काल के अंतिम समय में हर भारतीय के प्राण गंगा की सिर्फ एक बूंद मात्र के लिए तरसते हैं। यहीं विशेषता गंगा को संसार की हर नदी से पृथक बनाती है और मुक्ति का यही विश्वास गंगा को एक सामान्य नदी के बजाय देवी के रूप में प्रतिष्ठित करता है।

# पर्यावरण संरक्षण में अग्रणी पहाड़वासी


प्रयाग पांडे
वरिष्ठ पत्रकार

**आजादी के बाद ग्रामीण समाज और वनों के बीच इस पुश्तैनी रिश्ते को पुनर्स्थापित करने के बजाय खटास को बढ़ाने की दिशा में ही ज्यादा जोर दिया गया।**

पहाड़ समस्त प्राणी जगत के मूलाधार हैं। पारिस्थितिकी और जैव विविधता के आश्रय स्थल हैं। बशर्ते कि पहाड़ विविध प्रजाति के जंगलों से आच्छादित हो। 'पहाड़' शब्द की कल्पना मात्र से मस्तिष्क में बर्फ की सफेद चादर से ढके हिमालय, श्रृंखलाबद्ध पहाड़ियों में गहनों की भांति सजे हरे वृक्ष, झरने, गाड-गधेरे और कल-कल करती नदियों का चित्र उभर आता है। पेड़, पानी और पहाड़ का वजूद एक-दूसरे से गहरे तौर पर जुड़ा है। पहाड़ हैं तो पेड़ हैं, पेड़ हैं तो पानी है। ये सब मिलकर पहाड़ को 'पहाड़' बनाते हैं। इनके बगैर पेड़, पहाड़, पानी और पर्यावरण की कल्पना भी नहीं की जा सकती है।

मनुष्य और जंगलों के बीच आदिम युग से अटूट रिश्ते रहे हैं। उत्तराखंड के ग्रामीण क्षेत्रों की समूची अर्थव्यवस्था सदियों से प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर रही है। पर्वतीय समाज का पूरा जीवन चक्र वनों की ऊर्जा से घूमता था। वन यहां के निवासियों के जीवनाधार थे। ग्रामीण क्षेत्रों की अधिकांश जरूरतें वनों से ही पूरी होती थीं। यही वजह है कि यहां के निवासियों का वनों के प्रति भावनात्मक और आत्मीय लगाव था। जंगल, पेड़ और पहाड़ के प्रति पहाड़वासियों की संवेदनशीलता के चलते वन महोत्सव की शुरुआत भी पहाड़ से ही हुई।

अविभाजित उत्तर प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी ने 1953 में वन महोत्सव की शुभारंभ नैनीताल से की थी। इस अवसर पर श्री मुंशी ने नैनीताल के राजभवन परिसर में बांज का पौधा लगाया था। जंगल, पेड़ और पर्यावरण के संरक्षण के लिए जन्मे 'चिपको आंदोलन' के प्रणेता भी पहाड़वासी ही हैं। पहाड़वासी सदियों से जंगल, पेड़ और पर्यावरण का संरक्षण करते आ रहे हैं। जंगलों और यहां के बाशिंदों के बीच सहअस्तित्व का रिश्ता रहा है, लेकिन उत्तराखंड में ब्रिटिश राज कायम होने के बाद वनों के संरक्षण के नाम पर थोपे गए तमाम अव्यावहारिक वन कानूनों ने पहाड़ के ग्रामीण समाज और वनों के बीच एक गहरी खाई पैदा कर दी। यहां के निवासियों का वनों के प्रति दिनों-दिन लगाव कम होते चला गया।

आजादी के बाद ग्रामीण समाज और वनों के बीच इस पुश्तैनी रिश्ते को पुनर्स्थापित करने के बजाय खटास को बढ़ाने की दिशा में ही ज्यादा जोर दिया गया। परिणामस्वरूप गांव के लोगों और जंगलों के बीच दरार और चौड़ी होती चली गई। आज इसका खामियाजा ग्रामीण समाज, जंगल, पर्यावरण तीनों को उठाना पड़ रहा है। दो शताब्दी पहले तक पहाड़ के जंगलों और इसके आसपास रहने वाले मनुष्यों के मध्य भावनात्मक रिश्ता था। कुमाऊं में देशज राजवंश के शासनकाल में यहां के निवासी संपूर्ण वन संपदा का नियंत्रित दोहन नैसर्गिक अधिकार के रूप में करते थे। उनका समूचा जीवन चक्र जंगलों से जुड़ा था, सो जंगलों की सुरक्षा करना उनकी नैतिक जिम्मेदारी हुआ करती थी। 1790 में यहां गोरखा सैनिक शासन कायम हो गया था। गोरखों ने बेहिसाब जंगल काटे। 1815 में उत्तराखंड में ईस्ट इंडिया कंपनी का राज कायम हो गया। इसके बाद यहां के ग्रामीणों और जंगलों के बीच सदियों पुराने रिश्तों में दरारें आनी शुरू हुई। धीरे-धीरे जंगलों और स्थानीय निवासियों के आदिकाल से चले आ रहे रिश्ते तार-तार हो गए।

हालांकि अंग्रेजी शासनकाल में पहाड़ के भीतर यातायात व संचार का विकास सामरिक जरूरतों और यहां की अकूत वन संपदा के दोहन के नजरिए से ही हुआ। इसके बावजूद यह भी सच्चाई है कि अंग्रेजों ने जंगलों के एकतरफा दोहन की नीति नहीं अपनाई। अंग्रेज वनों के दोहन के साथ संरक्षण पर भी उतना ही ध्यान देते थे। अंग्रेजी शासनकाल में वनों की निगरानी और हिफाजत की पुख्ता व्यवस्था थी। आजाद भारत में अंग्रेजों की वनों के प्रति संरक्षणवादी और दूसरे सकारात्मक पक्षों को तो तिलांजलि दे दी गई है, लेकिन वनों को जनता से जोड़ने के सवाल पर गंभीरता से नहीं सोचा गया। ग्रामीण जन समुदाय को वनों से जोड़ने की नीति बनाने की दिशा में ठोस पहल नहीं हो पाई। जबकि उत्तराखंड के वन सिर्फ उत्तराखंड के लिए ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भारत के संदर्भ में अमूल्य संपत्ति हैं।

यदि वनों के प्रति सुविचारित नीति हो, तो इन्हें सरकार और आम जनता, दोनों के लिए लाभदायी बनाया जा सकता है। वन संपदा को समृद्ध बनाकर वनोत्पादों पर आधारित लघु एवं कुटीर उद्योगों के माध्यम से बेरोजगारी और पलायन जैसी गंभीर समस्याओं से निपटा जा सकता है। असल सवाल सोच और इच्छाशक्ति का है, जो फिलवक्त दिखलाई नहीं पड़ती। याद रहे कि पहाड़ के वनों और वनोपज के संरक्षण और संवर्धन की ठोस एवं व्यावहारिक नीति बनाए बगैर वन और पर्यावरण संरक्षण की बात बेमानी है।

## सोशल फोरम

# उदार होना अधिक जरूरी है

आर्थिक उदारीकरण आया, बाजार को मुक्त करके और समाज को विभक्त करके चला गया। इस समय दुनिया सामाजिक रूप से दो जनवर्गों में विभक्त है-कूपमंडूक और उदार। हमारे देश में भी हर विचारधारा, हर धर्म, हर जाति, हर प्रांत में दो तरह के लोग हैं- कूपमंडूक और उदार। कूपमंडूक के पास भी बुद्धि होती है, पर उसकी बुद्धि उसे कुआं के बाहर कुछ भी सोचने नहीं देती। वह कुआं को ही पूरा विश्व समझता है।


शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

इसके विपरीत उदार व्यक्ति की बुद्धि में तर्क, संवेदना और खुलापन-ये तीन खास गुण होते हैं। यह एक बड़ी विडंबना है कि हमारे समय के लोग बाजार में उदार हैं, सब तरह के आधुनिक माल खरीदेंगे, चीन का भी माल खरीदेंगे, पर विचारों से धर्म, जाति और प्रांत के मामलों में कूपमंडूक होंगे। इस समय कूपमंडूकों की शक्ति और संख्या दोनों बढ़ी है। कूपमंडूक होने में फिलहाल बड़े फायदे हैं। निश्चय ही उनकी तुलना में उदार चित्त के लोग कम हो गए हैं, पर मनुष्यता या नागरिक भाव सचमुच यदि है, तो ऐसे ही लोगों में हैं, जो उदार हैं, उनकी सबसे बड़ी कमाई उनकी उदारता है, उन्हें इस मनुष्यता में ही आनंद है। जब समाज का भविष्य अंधकार में हो तो फिर उन्हें अपने लिए उज्ज्वल भविष्य क्यों चाहिए? उदारता क्या है, यह जानना हो तो, जिस 'वसुधैव कुटुंबकम्' को लोग तलवार की तरह इतना भांजते हैं, उसके पूरे श्लोक को एक बार देख लेना चाहिए- अयं निजः परे वेति गणना लघुचेतसाम्। उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुंबकम्॥ अर्थात् जो मोर-तोर की भिन्नता वाले लघु चित्त से ऊपर उठ जाए और उदार चरित्र का हो उसके लिए यह पृथ्वी घर-परिवार की तरह है।

भारत की सांस्कृतिक परंपरा का संबंध कूपमंडूकता से नहीं उदारवाद से है। यदि कुछ भी संस्कृति है, तो उसमें उदारता एक प्रमुख तत्व है। कूपमंडूकता विकृति है, जबकि उदारता संस्कृति है। प्रसाद ने 'लहर' में लिखा है : तुम हो कौन और मैं क्या हूं/इसमें क्या है धरा सुनो/ मानस जलधि रहे चिर चुंबित/ मेरे क्षितिज उदार बनो। साहित्य केवल पढ़ने-पढ़ाने के लिए ही नहीं है, अपने जीवन में जगह देने के लिए भी है। **-फेसबुक वॉल से**

# पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण की जरूरत


अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

**जल का दोहन स्रोत सालाना रिचार्ज से कई गुना बढ़ गया है। पेयजल और कृषिजल का संकट गहराने लगा है। भारत की गंगा और यमुना जैसी अनगिनत नदियां सूखने के कगार पर हैं। वह प्रदूषण से कराह रही हैं।**

वैज्ञानिकों का मानना है कि पृथ्वी का तापमान जिस तेजी से बढ़ रहा है, अगर उस पर समय रहते काबू नहीं पाया गया तो अगली सदी में तापमान 60 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा। आज जब 48 डिग्री सेल्सियस की गर्मी मनुष्य के लिए असहनीय है, तो 60 डिग्री सेल्सियस गर्मी को कैसे बर्दाश्त कर सकता है। तापमान बढ़ने से सूर्य की किरणें कैंसर जैसे भयंकर रोगों में वृद्धि करेंगी। कहीं सूखा पड़ेगा, कहीं गरम हवाएं चलेंगी तो कहीं भीषण तूफान व बाढ़ का सामना करना पड़ेगा। यदि पृथ्वी के तापमान में मात्र 3.6 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि हो जाए, तो आर्कटिक एवं अंटाकर्टिका के विशाल हिमखंड पिघल जाएंगे, जिससे समुद्र के जल स्तर में 10 इंच से 5 फुट तक वृद्धि हो सकती है। इसका परिणाम यह होगा कि समुद्रतटीय नगर समुद्र में डूब जाएंगे। भारत के मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, पणजी, विशाखापट्टनम, कोचीन और त्रिवेंद्रम नगर समुद्र में होंगे। इसी तरह न्यूयॉर्क, लॉस एंजिल्स, पेरिस और लंदन आदि बड़े नगर भी जलमग्न हो जाएंगे।

प्रत्येक वर्ष 5 जून को पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण हेतु पूरे विश्व भर में पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र ने पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनीतिक व सामाजिक जागृति लाने हेतु वर्ष 1972 में की थी। पर विडंबना यह है कि इस दिवस पर हम एक ओर पर्यावरण सुरक्षा के प्रति चिंता जाहिर करते हैं, संगोष्ठियां करते हैं, नए कानून गढ़ते हैं, वहीं दूसरी ओर अंधाधुंध विकास के नाम पर प्रति वर्ष 7 करोड़ हेक्टेयर वनों का विनाश करते हैं। आंकड़े बताते हैं कि पिछले सैकड़ों सालों में मनुष्य जाति ने विकास के नाम पर करोड़ों हेक्टेयर वनों का विनाश किया है। उसके इस कृत्य से प्रकृति की तकरीबन एक तिहाई से अधिक प्रजातियां नष्ट हुई हैं। जंगली जीवों की संख्या में 50 फीसद की कमी आई है। उदाहरण के लिए भारत में पिछले एक दशक में पर्यावरण को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले गिद्धों की संख्या में 97 फीसद की गिरावट दर्ज की गई है। इससे मृत पशुओं की सफाई, बीजों का प्रकीर्णन और परागण कार्य काफी हद तक प्रभावित हुआ है। गिद्धों की तरह अन्य प्रजातियां भी तेजी से विलुप्त हो रही हैं। वनों के विनाश से वातारण भी जहरीला होता जा रहा है। यानी प्रतिवर्ष दो अरब टन अतिरिक्त कार्बन-डाईआक्साइड वायुमंडल में घुल-मिल रहा है। इससे जीवन का सुरक्षा कवच मानी जाने वाली ओजोन परत को नुकसान पहुंच रहा है।

विडंबना यह है कि ओजोन परत की सुरक्षा से संबंधित संयुक्त राष्ट्र के मांट्रियल प्रोटाकाल में इन तत्वों पर नियंत्रण की कोई अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था नहीं है। ऐसे में यदि इनमें लगातार इजाफा हो रहा है, तो ओजोन परत के लिए नुकसानदायक स्वाभाविक है। पर्यावरण के साथ खिलवाड़ का सबसे घातक असर ध्रुवीय क्षेत्रों पर पड़ रहा है। अंतर्राष्ट्रीय अनुपात को देखते हुए उत्तरी ध्रुव क्षेत्र दोहरी तेजी से गरम हो रहा है। उत्तरी ध्रुव समुद्र में फैली स्थायी बर्फ की मोटी परत कम हो रही है। सदियों से बर्फ के मजबूत चादर में ढके क्षेत्र पिघल रहे हैं। वर्ष 2007 की इंटरगवर्नमेंटल पैनल की रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर के करीब 30 पर्वतीय ग्लेशियरों की मोटाई वर्ष 2005 में आधे मीटर से ज्यादा कम हो गई। वैज्ञानिकों का मानना है कि इसके लिए मुख्य रूप से ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन जिम्मेदार है। हिमालय क्षेत्र में पिछले पांच दशकों में माउंट एवरेस्ट के ग्लेशियर 2 से 5 किलोमीटर सिकुड़ गए हैं। इसके अलावा हिमालय के 76 फीसद ग्लेशियर चिंताजनक गति से सिकुड़ रहे हैं। कश्मीर और नेपाल के बीच गंगोत्री ग्लेशियर तेजी से सिकुड़ते ग्लेशियर का एक अन्य उदाहरण है। अनुमानित भूमंडलीय तापन से जीवों का भौगोलिक वितरण भी प्रभावित हो सकता है। कई जातियां धीरे-धीरे ध्रुवीय दिशा या उच्च पर्वतों की ओर विस्थापित हो जाएंगी। जातियों के वितरण में इन परिवर्तनों का जाति विविधता तथा पारिस्थितिकी अभिक्रियाओं इत्यादि पर असर पड़ेगा। विकास के लिए बिजली आवश्यक है, लेकिन जिस तरह बिजली के उत्पादन के लिए नदियों के सतत प्रवाह को रोककर बांध बनाया जा रहा है, उससे खतरनाक पारिस्थितिकीय संकट उत्पन हो गया है।

जल का दोहन स्रोत सालाना रिचार्ज से कई गुना बढ़ गया है। पेयजल और कृषिजल का संकट गहराने लगा है। भारत की गंगा और यमुना जैसी अनगिनत नदियां सूखने के कगार पर हैं। वह प्रदूषण से कराह रही हैं। नतीजतन मनुष्य को मौसमी परिवर्तनों से जुझना होगा। गौर करें तो आज भी मनुष्य अपने दुराग्रहों के साथ ही खड़ा है। प्रकृति से उसका खिलवाड़ का तरीका पहले से भी जघन्य हो गया है। नतीजा सामने है। प्रकृति भी प्रतिक्रियावादी बनती जा रही है। विडंबना है कि मानव जाति समझने को तैयार नहीं, किंतु उसे समझना ही होगा कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाकर वह स्वयं को सुरक्षित नहीं रख सकता।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्री की मौत

## मृतक की पत्नी व बेटा गंभीर घायल, हायर सेंटर रेफर किया गया

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** संभल मार्ग पर डीसीएम की बाइक से आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्री की मौत हो गई। जबकि मृतक की पत्नी व बेटा गंभीर घायल हैं। इनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



मृतक अमित।

बुधवार को थाना आदमपुर के गांव शीतला सराय निवासी अमित पुत्र कलुआ अपनी पत्नी रीनू, पुत्र कनिष्क एवं पुत्री दीक्षा के साथ बाइक से नगर को आ रहे थे। उनकी बाइक संभल मार्ग स्थित गांव काला खेड़ा के निकट पहुंची तो नडीसीएम से भिड़ंत हो गई। डीसीएम चालक गाड़ी को छोड़कर फरार हो गया। दुर्घटना में अमित की मौके पर मौत हो गई तथा उसकी पत्नी, बेटी व बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। इसी दौरान हसनपुर उप जिला अधिकारी विभा श्रीवास्तव उधर से निकल रही थीं। उन्होंने घायल कनिष्क को अपनी गाड़ी से सीएचसी भिजवाया जबकि घायल रीनू एवं दीक्षा को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में दीक्षा की भी मौत हो गई। मां-बेटे की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों द्वारा हायर सेंटर रेफर कर दिया। घायल रीनू आठ माह की गर्भवती बताई जा रही है। मृतक अमित चार बहनों का अकेला भाई था। पुलिस ने डीसीएम को अपने कब्जे में ले लिया। पिता-पुत्री की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।



घायल बच्चे का उपचार करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

### ट्रैक्टर- ट्राली नदी में गिरने से घायल बच्चे की मेरठ के अस्पताल में हो गई मौत



रहरा क्षेत्र के भावली मोड़ पर नदी में ट्रैक्टर-ट्राली गिरने से घायल बच्चे की भी मौत हो गई है। हादसे वाले दिन युवती की मौत हो गई थी। गजरौला थाना क्षेत्र के गांव कुदैना चक निवासी ग्रामीणों की ट्रैक्टर-ट्राली सोमवार रात थाना रहरा क्षेत्र में भावली मोड़ के नजदीक काली नदी की पुलिया से पलट गई थी। ये सभी लोग आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी शीशपाल सिंह के बेटे के मुंडन संस्कार की दावत से लौट रहे थे। हादसे में 20 वर्षीया माया पुत्री राम सिंह की मौत हो गई थी जबकि 20 वर्षीया संतोष पुत्री कुंदन, 12 वर्षीया अर्चना पुत्री लीलापत, 18 वर्षीया प्रीति पुत्री प्रकाश, 11 वर्षीय मनीष पुत्र ब्रह्म सिंह व दया सिंह समेत दस से अधिक लोग घायल हो गए थे। नाजुक हालत देख पांच घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया था। मेरठ के अस्पताल में उपचार के दौरान मंगलवार रात मनीष की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद बुधवार को उसका शव गांव लाया तो कोहराम मच गया। विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिया है। मनीष गांव के स्कूल में कक्षा छह में पढ़ रहा था। वह हादसे में मृत माया का भतीजा था। परिवार में दो मौत होने से हर कोई गमगीन है।

### ईको से भिड़ंत में टेंपो सवार आठ घायल,एक गंभीर

कोलकाता निवासी महताब आलम अपने परिवार के साथ थाना सैद नगली के गांव देहरा मिलक निवासी अपनी बहन के यहां सोमवार को आया था। बुधवार को वह अपने परिवार के साथ टेंपो से जोया जा रहा था, जहां से उसे दिल्ली जाना था। टेंपो गांव से कुछ दूरी पर पहुंचा तो सामने से आ रही ईको से आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। टेंपो सवार मोहम्मद इस्माइल, शब्बो, शाहिद, फरजाना परवीन, फायजा, रियान,आयान एवं फहाद घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए नगर स्थित सीएचसी में भर्ती कराया गया। शब्बो पत्नी टिंकू की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया और बाकी घायलों को उपचार के बाद घर भेज दिया गया। पुलिस ने ईको को कब्जे में ले चालक को हिरासत में ले लिया है।

# कॉल डिटेल, लैपटॉप में आत्महत्या की वजह तलाश रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

● पूर्व बसपा जिलाध्यक्ष के बेटे ने रिवाल्वर से गोली मार ली थी

**अमृत विचार :** बसपा नेता रामअवतार सिंह के बेटे अश्वनी की आत्महत्या का राज पुलिस उसके मोबाइल फोन की कॉल डिटेल और लैपटॉप से जानने की कोशिश कर रही है। बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष आवास विकास कॉलोनी निवासी राम अवतार सिंह के बेटे अश्वनी ने सोमवार को उनकी लाइसेंसी रिवाल्वर से कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। घटना से दो दिन पहले ही अश्वनी अपनी बहन शिवानी के साथ घर पर आया था।

वह दिल्ली में रहकर सीए कर रहा था। घटना वाले दिन सोमवार की सुबह रामअवतार पत्नी व बेटी के साथ मेरठ दवाई लेने गए थे। अश्वनी ने दोपहर करीब 3 बजे मां को कॉल की थी। रात में करीब 10:30 जब वे घर पहुंचे तो अश्वनी का शव मिला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार अश्वनी ने सोमवार की शाम करीब 6 बजे आत्महत्या की थी। दो दिन बाद भी आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस अश्वनी के मोबाइल की कॉल डिटेल निलवा रही है। साथ ही उसके लैपटॉप की भी जांच की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि अश्वनी की आत्महत्या की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। कॉल डिटेल निकलवाई जा रही है। जल्द ही वजह स्पष्ट होगी।

# महेश नवमी पर निकाली भगवान भोलेनाथ की भव्य शोभायात्रा



शोभायात्रा में शामिल लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

● शोभायात्रा का जगह-जगह फूलों और शरबत से हुआ स्वागत

**अमृत विचार :** महेश नवमी पर बुधवार को महेश्वरी सभा, महेश्वरी महिला मंडल और महेश्वरी युवा मंडल ने भगवान भोलेनाथ की भव्य शोभा यात्रा निकाली। बड़े बाजार की धर्मशाला में रूद्राभिषेक व महाआरती की गई।

शोभायात्रा बड़ा बाजार, कोतवाली, बसावन गंज, गुजरी, बाजार कटरा, बेगम सराय, शफात पोता और कोट चौराहा होती हुई आर्य समाज मंदिर पहुंची। शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। कई जगह लोगों ने शरवत भी शोभायात्रा में शामिल लोगों को पिलाया। सुरक्षा की दृष्टि से काफी संख्या में पुलिस बल भी शोभायात्रा के साथ चल रहा था। आलोक महेश्वरी, नीता महेश्वरी, महेश्वरी समाज के अध्यक्ष संजीव धूत, सचिव राहुल लदडा, कोषाध्यक्ष आलोक लदडा, संरक्षक दिवेश बाहेती, राहुल चांडक, मनोज झंवर , शिखा महेश्वरी, निधि घूत, पूनम खटोड़, रीना घूत, सचिन मालीवाल, आशीष मालीवाल, विकास महेश्वरी, विनय लाखोटी, हर्ष महेश्वरी, वरुण महेश्वरी , रश्मि घूत आदि शामिल रहे।

# भाकियू टिकैत ने किया धरना प्रदर्शन, हाईवे जाम

संवाददाता गजरौला

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के बैनर तले भारी संख्या में जुटे किसानों ने भानपुर फाटक के पास नेशनल हाईवे-9 को पूरी तरह से जाम कर दिया। हाईवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। किसान नेता अधिकारियों के मौके पर आकर समस्याओं का निस्तारण करने की मांग करते रहे। एएसपी के आश्वासन पर किसानों ने धरना समाप्त कर दिया।

सबसे ज्यादा नाराजगी बिजली विभाग को लेकर थी। किसानों ने कहा कि बिजली विभाग के अधिकारी ट्रांसफार्मर बदलने के नाम पर अवैध उगाही करते हैं। आपूर्ति सही नहीं मिलती। किसान अन्य कई समस्याओं से भी जूझ रहे हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब तक जिम्मेदार अधिकारी मौके पर आकर जवाब नहीं देंगे, तब तक न तो धरना खत्म होगा और न ही हाईवे खोला जाएगा। मौके पर पुलिस प्रशासन की टीमें तैनात रहीं। बाद में पहुंचे अधिकारियों ने किसानों की मांगों को विस्तार से सुना। एएसपी ने जल्द समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। धरना समज्ञपत होने के बाद यातायात सुचारू हो सका। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजयपाल सिंह, दानवीर सिंह उर्फ पिन्टू, जिलाध्यक्ष चौ. चन्द्रपाल सिंह, कालं सिंह, नरेन्द्र सिंह, सुभाष चीमा, मुकेश कुमार, टिंटू त्यागी, धर्मवीर सिंह, राहुल यादव, वचन सिंह, इरफान चौधरी, गुरूमीत सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह, भगवान सिंह, आलोक सिंह, मोहन बेनिवाल, महिला जिलाध्यक्ष सीता आर्य, विजेन्द्र शर्मा, अभीराज सिंह, मुजम्मिल, राजेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।



किसानों के धरने को संबोधित करते विजयपाल सिंह। ● अमृत विचार

● अधिकारियों ने सुनीं किसानों की समस्याएं, मांगें पूरी करने का दिया आश्वासन



नेशनल हाईवे पर जाम में फंसे वाहन।

# सार-संक्षेप

### बाइक से स्टंट करने का वीडियो वायरल



**हसनपुर,अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक का बाइक को एक हाथ से घुमाने का वीडियो सामने आया है। वीडियो हसनपुर तहसील क्षेत्र के बृजघाट गंगा के नजदीक का बताया जा रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि युवक स्टंट करते हुए चलती बाइक को एक हाथ से घूमा रहा है। फेसबुक, इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स बढ़ाने के चक्कर में युवा अपनी जिंदगी को दाव पर लगाने से बाज नहीं आ रहे हैं। कोतवाल वरुण कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो का मामला जानकारी में है,जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जाएगी।

### स्कूल संचालक के घर में घुसकर मारपीट, दो घायल



**हसनपुर,अमृत विचार :** हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव बाईखेड़ा निवासी स्कूल संचालक टीकम सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके भाई की शादी 13 मई को आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव से हुई थी। इस शादी में बिचौलिया भी गांव का ही रहने वाला है। जिस युवती से भाई की शादी हुई है,बिचौलिया उसका जीजा लगता है। आरोप है कि बिचौलिया भाई की पत्नी को अपने घर ल जाने आया था। उसेने भाई की पत्नी को उसके घर पर भेजने के लिए मना किया तो आरोपी आग बबूला हो गया और घर में घुसकर उनके परिवार के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की एवं ईंट- पत्थर चलाए। मारपीट में वह, जसवंत घायल हो गए। पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग। कोतवाल वरुण कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

### बरातियों से मारपीट के आरोपियों पर कार्रवाई हो



**अमरोहा, अमृत विचार :** गजरौला थाना क्षेत्र के रहदरा गांव में बरातियों से मारपीट मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर सुभासपा के जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर और भीम रक्षक सेना के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने घटना में संलिप्त नामजद आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। ज्ञात हो कि रहदरा गांव में रविवार को आयोजित एक विवाह समारोह के दौरान उस समय तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई बरातियों पर कुछ लोगों ने अचानक हमला कर दिया। बरात मुरादाबाद के शिरकोई भूड़ से आई थी। मारपीट में चार बराती गंभीर रूप से घायल हो गए, कुल सात लोगों को चोटें आईं। बुधवार को सुभासपा जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर व भीम रक्षक सेना ने प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी नहीं की गई तो संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा। पुलिस प्रशासन का कहना है कि मामले की जांच जारी है और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी अमरोहा के जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर, कोषाध्यक्ष आदेश अमरोही, सुरेन्द्र सिंह, अर्जुन सिंह, सोनू सिंह, सचिन, गजराज सिंह आदि मौजूद रहे।

### बकरीद पर व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने को दिया ज्ञापन



**अमरोहा,अमृत विचार :** बकरीद पर व्यवस्थाओं को लेकर मुस्लिम कमेटीके अध्यक्ष हाजी खुर्शीद अनवर के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल डीएम निधि गुप्ता और एसपी अमित कुमार आनंद से मिला। बिजली पानी सहित अन्य व्यवस्थाओं को सही कराने की मांग का ज्ञापन सौंपा। कमेटी ने सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। मुस्लिम कमेटी के चेयरमैन मंसूर अहमद एडवोकेट, हाजी अब्दुल कय्यूम राईनी, मौहम्मद हुसैन एडवोकेट, हाजी मुजफ्फर अली अंसारी, अली इमाम रिज़वी एडवोकेट, कमर नकवी, मरगूब सिद्दीकी, फैज आलम राईनी, इकराम हुसैन जैदी, फजल चौधरी, मुताजिम अब्बासी, सूफ़ी निशात, शाहबाज अमरोहवी, आलम खान मौजूद रहे।

### वकील व उसके पति पर मारपीट के आरोप में रिपोर्ट दर्ज

**अमरोहा, अमृत विचार :** धर्म बदलकर शादी करने वाली वकील व उसके पति पर अन्य महिला वकील की शिकायत के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपियों पर चेंबर में घुसकर गाली गलौज करने सहित मारपीट करने का आरोप लगाया गया है। मामला नगर कोतवाली क्षेत्र का है। यहां की निवासी अधिवक्ता इशरत जहां उर्फ यीशु जिला सत्र न्यायालय में प्रेक्टिस करती है। सोमवार को उसने थाना अमरोहा देहात में छह महिलाओं समेत 8 वकीलों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। आरोप था कि क्षेत्र के गांव पंडकी में रहने वाले शुभम कुमार एडवोकेट से उन्होंने धर्म बदलकर प्रेम विवाह किया है। इसी बात पर रंजिश मानने वाले कुछ वकीलों ने उनके चेंबर में घुसकर हमला कर दिया तथा रिश्ता तोड़कर संप्रदाय के वकील से शादी करने का दबाव बनाया। शिकायत के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं अब कस्बा बछरायूं के मोहल्ला चौधरियन निवासी अधिवक्ता सबा चौधरी ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। आरोप लगाया कि इशरत जहां उर्फ यीशु तथा शुभम कुमार एडवोकेट सोमवार दोपहर अपने साथियों के साथ चेंबर में घुस आए। गाली गलौज और मारपीट की। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने बताया कि दूसरे पक्ष की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# मंडलायुक्त को वकीलों ने बताई समस्याएं

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** तहसील बार एसोसिएशन के एक प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह द्वारा आयोजित बैठक में भाग लिया। तहसील स्तर पर चकबंदी न्यायालयों और राजस्व न्यायालयों में व्याप्त समस्याओं से अवगत कराया। मंडलायुक्त ने अधिवक्ताओं से अनावश्यक हड़ताल न करने और बातचीत से समस्याओं के निस्तारण का आह्वान किया। उन्होंने अधिवक्ताओं की समस्याओं के शीघ्र निराकरण के भी निर्देश दिए।

एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष मुजाहिद चौधरी व महीपाल सिंह व सुबोध शर्मा पूर्व महासचिव सुरमित कुमार गुप्त, पूर्व कोषाध्यक्ष फतेह सिंह एडवोकेट ने ज्ञापन देकर तहसील हसनपुर में चकबंदी व राजस्व न्यायालयों में व्याप्त समस्याओं का निराकरण करने तथा समस्त न्यायालयों व कार्यालयों को ग्राम करनपुर माफी में नवनिर्मित तहसील भवन हसनपुर में स्थानांतरित करने की मांग की।

अधिवक्ताओं के पक्के चैंबरों हेतु मल्टी स्टोरी बिल्डिंग निर्मित करने,सब रजिस्ट्री कार्यालय तथा चकबंदी न्यायालयों को नवीन तहसील परिसर में स्थापित करने की भी मांग दोहराई। इसी के साथ प्रस्तावित निबंधन मित्रों की नियुक्ति का विरोध करते हुए इस योजना को अधिवक्ताओं के हितों के प्रतिकूल बताया। बैठक में रामपुर, बिजनौर, मुरादाबाद,अमरोहा एवं संभल के अधिवक्ताओं ने भाग लिया।



मंडलायुक्त आंजनेय कुमार को मांग पत्र सौंपते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

● तहसील बार एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने दिया ज्ञापन

# क्षतिग्रस्त पोल सही कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन

**हसनपुर, अमृत विचार :** काफी दिनों से क्षतिग्रस्त विद्युत पोल को सही करने की मांग कर लोगों ने प्रदर्शन किया।

नगर के मोहल्ला लालबाग स्टेट संभलयान मस्जिद के निकट एक विद्युत पोल काफी दिनों से क्षतिग्रस्त है।जिसके कारण हादसा होने का डर बना रहता है। पूर्व में मोहल्ले वासियों द्वारा विद्युत विभाग से विद्युत पोल सही करने की मांग की गई थी लेकिन विद्युत विभाग द्वारा इस और कोई ध्यान नहीं दिया गया। बुधवार को मोहल्ले वासियों ने एकत्र होकर विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए जल्द से जल्द विद्युत पोल सही करने की मांग की। चेतावनी दी है कि अगर जल्द पोल सही नहीं कराया गया तो वह उच्च अधिकारियों से मिलकर अपनी शिकायत दर्ज कराएंगे। प्रदर्शन करने वालों में बाबा फरीद, मारूफ अंसारी,फ़िरोज़, आसिफ़, अनस रज़ा,मुनैद,रहीम आदि मौजूद रहे।

# बीएसए सहित सात पर एफआईआर के आदेश

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

● शिक्षिका पर फर्जी गर्भपात के नाम से सरकारी पैसा लेने का आरोप

**अमृत विचार :** कोर्ट ने एक मामले में बीएसए, बीईओ, शिक्षिका, लिपिक व दो अन्य के खिलाफ पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

आरटीआई एसोसिएशन ऑफ इंडिया के जिलाध्यक्ष पं. मनु शर्मा एडवोकेट ने वर्षा गुप्ता की शिकायत अमृत महिला के राशन कार्ड से सरकारी राशन घोटाले को लेकर भी की थी। तभी से शिक्षिका व उनका शिक्षक पति अर्पित उनसे रंजिश मानते हैं। वर्षा उच्च प्राथमिक विद्यालय ग्राम पपसरा में सहायक अध्यापिका हैं। आरोप है कि वर्षा ने 4 जुलाई से 14 अगस्त 2016 तक बिना चिकित्सीय उपचार, परामर्श संबंधी दस्तावेजों के 42 दिन का वेतन हड़पने और सरकारी धन का गबन करने की मंशा से गर्भपात अवकाश प्राप्त किया था। जबकि वास्तव में उनका गर्भपात ही नहीं हुआ था। मनू ने बताया कि इस संबंध में बीईओ जोया ने 23 फरवरी 2022 को जानकारी दी थी। उन्होंने बीएसए एवं डीएम को कई शिकायती पत्र दिए। जांच में पाया गया कि अध्यापिका के प्रार्थना पत्र और शपथ पत्र के आधार पर ही गर्भपात अवकाश स्वीकृत कर दिया गया। जिस कारण घर बैठे 42 दिन का वेतन मिल गया। इस कृत्य में मौजूदा बीएसए द्वारा भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। मनु शर्मा ने विभाग में लिपिक व अन्य दो कर्मचारियों पर भी आरोप लगाया। उनकी याचिका पर कोर्ट ने पुलिस को संबंधितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिये हैं। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि कोर्ट के आदेश प्राप्त हुए हैं। जल्द ही रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच की जाएगी।

# नाला और पुलिया के लिए ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



पुलिया को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता हसनपुर

**अमृत विचार :** राष्ट्र सेवी संगठन के कार्यकर्ताओं की बैठक ग्राम नगलिया मुंशी निवासी संगठन संस्थापक सदस्य रूपचंद चौहान के आवास पर आयोजित की गई।

बैठक में ग्राम वासियों ने कहा कि पांच वर्ष पूर्व नहर विभाग द्वारा सिंचाई नाले का निर्माण शुरू किया गया था। तभी नगलिया मुंशी औसा माफी मार्ग पर पुलिया निर्माण हेतु गड्ढा खोदा गया था। नाले की एक साइड बना दी गई थी। तब से न तो नाले की दूसरी साइड बनी है और न ही पुलिया का निर्माण किया गया है। ग्रामीणों ने शीघ्र पुलिया निर्माण के साथ नहर निर्माण पूरा कर मध्य गंगा नहर में पानी छोड़े जाने की मांग की। संगठन संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा, महिपाल सिंह प्रांत मंत्री, रूपचंद चौहान, राजेश, विजय, रुनीत, मुकेश, शीश पाल, सतवीर , रमेश, करन सिंह सभापति सहकारी संघ कुंदरखी भूड़, नन्हे, अर्जुन सिंह, गौरव आदि मौजूद रहे।

मुसीबत में किसान | फसलों को नुकसान पहुंचाने के अलावा लोगों पर कर देते हैं हमला, वाहनों के लिए भी हैं खतरा

# सड़कों पर घूम रहे छुट्टा पशु खड़ी कर रहे बड़ी मुसीबत

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** सलेमपुर गोसाईं समेत आसपास के अन्य गांवों में छुट्टा पशुओं का आतंक बढ़ता जा रहा है। सड़कों पर घूम रहे छुट्टा पशु आए दिन लोगों पर जानलेवा हमला कर रहे हैं। फसलों को नष्ट कर किसानों को भी भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। बावजूद इसके प्रशासनिक स्तर पर समस्या से निजात के लिए कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है।

नेशनल हाईवे समेत अन्य सड़कों पर घूम रहे छुट्टा पशु वाहन सवार लोगों के लिए हादसों का सबब बने हैं। सबसे ज्यादा हादसे बाइक सवारों के साथ हो रहे हैं। पशुओं से टकराने के बाद बाइक सवारों की मौत तक हो जाती है। प्रशासन के छुट्टा पशुओं की धरपकड़ के दावों से उलट क्षेत्र में इनकी संख्या लगातार बढ़ रही है। बीते दिनों गांव ख्यालीपुर में छुट्टा पशु के हमले में एक बुजुर्ग की मौत भी हो चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारियों से कई बार छुट्टा पशुओं को पकड़वाने की मांग कर चुके हैं। बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारियों का इस ओर कोई ध्यान नहीं जा रहा है। मुख्यमंत्री स्तर से छुट्टा पशुओं को पकड़कर गोशाला भेजने के आदेश का भी स्थानीय स्तर पर जिम्मेदार अधिकारी कोई पालन नहीं कर रहे हैं। एसडीएम चंद्रकांता ने बताया कि जल्दी ही अभियान चलाकर छुट्टा पशुओं को पकड़कर गोशाला भेजा जाएगा।



नेशनल हाईवे पर छुट्टा पशुओं का झुंड। ● अमृत विचार

### रात में फसल की रखवाली कर रहे किसान

छुट्टा पशुओं की बढ़ रही संख्या से किसान परेशान हैं। पशुओं का झुंड जिस खेत में घुस जाता है, उसे नष्ट करने के बाद ही बाहर निकलता है। यही वजह है कि किसान रात में भी खेतों पर पहरा देकर अपनी फसलों को छुट्टा पशुओं से किसी तरह बचा रहे हैं। भीषण गर्मी हो या कड़ाके की सर्दी या बारिश हो सभी मौसम में किसानों को खेतों पर ही रहना पड़ रहा है।



किसान घनश्याम सिंह ने बताया कि क्षेत्र में कुछ ही दिन छुट्टा पशु दिखाई नहीं दिए थे तो लगा कि फसल ठीक से हो जाएगी, लेकिन अब करीब एक माह से फिर क्षेत्र में छुट्टा पशु देखने को मिल रहे हैं। छुट्टा पशुओं के कारण जीना दुश्वार बना है।



किसान देवेंद्र सिंह ने कहा कि किसान एक तरफ मौसम की मार झेलता है तो दूसरी ओर छुट्टा पशु किसानों का जीना दूभर किए हुए हैं। सरकार इन पर पूरी तरह से अंकुश लगाने में असमर्थ बनी हुई है। जिसके कारण किसानों को काफी नुकसान झेलना पड़ रहा है।

## एक नजर

### वाहन की टक्कर से गुलदार के शावक की मौत

बिजनौर,अमृत विचार :बुधवार सुबह नूरपुर मुरादाबाद हाइवे पर ईंट के भट्ठे के निकट एक वाहन की टक्कर से गुलदार के शावक की मौत हो गई |ग्रामीणों की भीड़ जुट गई जिसके कारण हाइवे पर घण्टों आवागमन प्रभावित रहा |पुलिस व वन विभाग की टीम गुलदार के शव को अपने साथ ले गई। वन विभाग रेंजर का कहना है कि पोस्टमार्टम करया जायेगा। ग्रामीणों ने क्षेत्र में गुलदार की आशंका जताते हुए पिंजरा लगाने की मांग की है।

### युवक ने चाकू से डराकर महिला से किया दुष्कर्म

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में युवक ने घर में घुसकर चाकू के बल पर महिला से दुष्कर्म किया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने बुधवार को पुलिस को तहरीर दी कि उसका पति दिल्ली में रहकर मेहनत मजदूरी करता है। वह घर पर अकेली रहती है। दोपहर में गांव का ही एक युवक घर में घुस गया। उसने सीने पर चाकू रखकर जान से मारने की धमकी दी और दुष्कर्म किया। महिला जब शिकायत करने के लिए थाने जा रही थी तो आरोपी और उसके भाई ने रास्ते में घेरकर मारपीट की। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

### लोगों ने की मारपीट, मां-बेटा घायल

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नाला में कुछ लोगों ने घर पर पहुंचकर मारपीट की। जिसमें यासमीन पत्नी मोहम्मद अबरार और उसका बेटा एहतेशाम घायल हो गए। पुलिस ने दोनों का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया। एहतेशाम का कहना रहा कि बहन को उसके ससुराली परेशान करते हैं। बहन को उसके देवर ने मारा। इसके बाद लोग घर पर आ गए और मारपीट की। इस मामले में पुलिस को तहरीर दी है।

# धारा 307 में दोषी को 10 वर्ष की सजा, 20 हजार जुर्माना

## न्यायालय ने साक्ष्यों के अभाव में एक आरोपी को किया दोष मुक्त

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- 22 वर्ष बाद आया जानलेवा हमले के मामले में फैसला

**अमृत विचार :** न्यायालय सत्र न्यायाधीश ने धारा 307 में दोषसिद्ध होने पर एक दोषी को 10 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा व 20 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। जबकि दूसरे आरोपी को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। उक्त फैसला घटना के 22 वर्ष बाद आया है।

थाना बहजोई गांव पगौना की मढ़ैया निवासी प्रकाश सिंह पुत्र नन्हुकी ने थाने में तहरीर दी थी उसके भाई पप्पू सिंह के घेर के पास सहकारी दूध की डेरी है। उसने 10 अक्टूबर 2003 को गांव के रामवीर को दूध के अलावा 12 हजार रुपये एडवांस दिए थे जिनमें से 2 हजार रुपये वापस कर दिए। उसी दिन 8.30 बजे उसने बाकी के रुपये रामवीर से मांगे तो वह गाली-गलौज करने लगा। इसके बाद रामवीर अपने घर चला गया और घर की छत पर जाकर नाजायज बंदूक से जान से मारने की नीयत से नीचे ओर फायर किया। इसके बाद आरोपी के भाई श्रीपाल व चंद्रपाल भी हाथों में तमंचे लेकर घर से बाहर डेरी पर आ गए। तीनों ने जान से मारने की नीयत से फायर किए। जिससे डेरी पर मौजूद परिवार के मुनेश, राजवीर, सुखवीर, योगेंद्र, वीरेश, अमर पाल, आराम सिंह, वीरवती, ओमवती, फूलवती, भूरा देवी, बेबी फायर लगने से घायल हो गए। घायलों को गांव के कुछ लोग ट्रैक्टर-ट्राली से लेकर थाने आए और घटना की तहरीर दी। पुलिस ने रामवीर, श्रीपाल व चंद्रपाल तीनों भाइयों के विरुद्ध धारा 307 में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। रिपोर्ट की विवेचना एसआई अशोक कुमार ने की और उसके बाद न्यायालय सत्र न्यायाधीश में विवेचना जमा कर दी। मुकदमे के दौरान रामवीर की मौत हो गई। न्यायालय ने दोनों पक्षों की बहस सुनने श्रीपाल को दोषी मानते हुए 10 वर्ष सश्रम कारावास व 20 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। जबकि दूसरे आरोपी चंद्रपाल के विरुद्ध साक्ष्य न मिलने के कारण दोषमुक्त कर दिया। न्यायालय का फैसला घटना के करीब 22 वर्ष बाद आया है।

# जिला अस्पताल का डीएम ने किया निरीक्षण, निर्देश दिए



जिला अस्पताल में व्यवस्थाओं की जानकारी लेते डीएम डा. राजेंद्र पैंसिया।

**संभल, अमृत विचार :** डीएम ने जिला अस्पताल का निरीक्षण करते हुए दिव्यांगजनों के लिए केंद्र खोलने को स्थान देखा। सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही, जिला अस्पताल में एक और जन औषधि केंद्र बनवाने की बात कही।

डीएम डॉ.राजेंद्र पैंसिया बुधवार को दोपहर में जिला अस्पताल पहुंचे। रैन बसेरा खुलवाकर देखा। टेनिस खेलने के स्थान को देखने के बाद डीएम और सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने दो पौधे लगाए। जन औषधि केंद्र के लिए स्थान देखा। दिव्यांग लोगों के लिए केंद्र के लिए भी स्थान देखा गया।अच्छे तरीके से साफ सफाई कराने के निर्देश दिए। कहा कि सीएमएस भी पर्सनली देखेंगे।

एक और जन औषधि केंद्र नया बनवाया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिले। सीएमओ डॉ. तरुण पाठक, सीएमएस डॉ.राजेंद्र सिंह, एसडीएम डॉ.वंदना मिश्रा, डॉ.अजफर कमाल, डॉ. जया कौशल आदि रहे।

# जमीन के विवाद में भतीजी के पेट में घोंपी तलवार

संवाददाता, बिजनौर

- बचाने आए पिता को भी गंभीर घायल किया

**अमृत विचार :** जमीन की रंजिश में ताऊ ने भतीजी के पेट में तलवार घोंप दी। बचाने आए छोटे भाई को भी घायल कर दिया।

उमरपुर आशा गांव निवासी अनिरुद्ध सुबह किसी अदालती कार्य से लौटने के बाद शिव मंदिर पर बैठे थे। उनकी बेटी रिंकी खाना देने आई। इसी दौरान बड़े भाई प्रदुमन ने दोनों पर हमला कर दिया। प्रदुमन ने नवविवाहिता भतीजी रिंकी (24) के पेट में तलवार घोंप दी, जिससे उसकी आंतें बाहर आ गईं। बेटी को बचाने दौड़े पिता अनिरुद्ध को भी घायल कर दिया। दोनों को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। युवती को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया

वारदात को अंजाम देने के बाद प्रदुमन और उसकी पत्नी राधा फरार हो गए। रिंकी की शादी 15 दिन पहले हुई थी। घटना के समय उसका पति भी वहीं मौजूद था। एसपी पूर्वी अमित किशोर श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है और फरार महिला की तलाश की जा रही है।

# सड़क दुर्घटना में दो की मौत परिजनों ने जाम किया हाईवे

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार:** एक ईंट भट्टा मजदूर की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई।द आक्रोशित ग्रामीणों ने हाईवे जाम कर दिया। वहीं मंडावर में ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार किसान की मौत हो गई। तीसरा घटना में बस असंतुलित होकर पलटने से 17 यात्री घायल हो गए।

बुधवार सुबह अवनीश (25) ईंट भट्टे पर काम करने जा रहा था, तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचे और शव को हाईवे पर रख जाम लगा दिया जिससे यातायात ठप हो गया। नहटौर, हल्दौर और धामपुर थानों की पुलिस मौके पर बुलानी पड़ी।पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने कार्रवाई का आश्वासन दिया, तब परिजन माने। वहीं बिजनौर के मंडावर क्षेत्र में बुधवार को एक ट्रक ने साइकिल सवार किसान 54 वर्षीय भोपाल सिंहको टक्कर मार दी। उनकी मौत हो गई। भोपाल सिंह खेतों से घर लौट रहे थे। थाना प्रभारी राजकुमार सरोज के अनुसार, पुलिस ने ट्रक और चालक को हिरासत में ले लिया है।

### बस पलटने से 17 सवारियां घायल

बुधवार तड़के करीब 5 :30 बजे मुरादाबाद से मुजफ्फरनगर जा रही मुजफ्फरनगर डिपो की एक रोडवेज बस हल्दौर थाना क्षेत्र के गांव खासपुरा के निकट असंतुलित होकर पलट गई। इस हादसे में बस चालक और परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि बस में सवार 17 यात्रियों को भी हल्की चोटें आईं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य कराया और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।


## युग निर्माण विद्यापीठ इण्टर कॉलेज मड़कावली (संभल)

की प्रबंध समिति का चुनाव कार्यक्रम

| | |
|---|---|
| 1. प्रबंध समिति के 12 सदस्यों के पद हेतु नामांकन | दिनांक 22.06.2025 समय प्रात: 10 बजे से 11 बजे तक |
| 2. नामांकन पत्रों की जांच | दिनांक 22.06.2025 समय प्रात: 11 से 11:30 तक |
| 3. प्रबन्ध समिति के सदस्यों की नाम वापसी | दिनांक 22.06.2025 समय 11:30 से 12:30 तक |
| 4. प्रबन्ध समिति के 12 सदस्यों का चुनाव | दिनांक 22.06.2025 समय अपरान्ह 1 बजे से 3 बजे तक |
| 5. पदाधिकारियों का चुनाव एवं परिणाम की घोषणा | दिनांक 22.06.2025 समय अपरान्ह 3 बजे से 4 बजे तक |

विशेष पाल सिंह
प्रबंधक
युग निर्माण विद्यापीठ इण्टर कॉलेज मड़कावली (सम्भल)

वीरेन्द्र सिंह
अध्यक्ष
युग निर्माण विद्यापीठ इण्टर कॉलेज मड़कावली (सम्भल)


# चिन्हित स्थलों पर ही डाले जाएं पशुओं के अवशेष

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



बैठक लेतीं डीएम निधि गुप्ता व एसपी अमित आनंद। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** डीएम ने धार्मिक लोगों व अधिकारियों के साथ बैठक कर बकरीद को सकुशल संपन्न कराए जाने को निर्देश दिए। बिजली पानी साफ सफाई के हों बेहतर इंतजाम, शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में निर्बाध बिजली आपूर्ति करने को लेकर निर्देश दिए। कहा कि कुर्बानी अवशेष निस्तारण को लेकर शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर इन्तजाम होने चाहिए। चिन्हित स्थल पर ही अवशेष डाला जाए।

डीएम निधि गुप्ता ने कहा कि कोई भी नई परम्परा नहीं डाली जाए। नमाज मस्जिद पर ही पढ़ी जाए। आपसी भाईचारे प्रेम और सौहार्द के साथ त्योहार मनाएं। शरारती तत्वों पर विशेष नजर रखी जाये और उनसे कड़ाई से निपटा जाये। अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये। कहा कि अतरिक्त ट्रांसफॉर्मर प्रत्यक विद्युत केंद्र में रहना चाहिये एक कंट्रोल रूम बना लिया जाए। जिसमे 24 घण्टे स्टाफ की तैनाती रहे। सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिये कि जहां-जहां कुर्बानी होनी है, वहां पर्याप्त सफाई कर्मी तैनात किये जायें और अवशेषों के निस्तारण के लिये पर्याप्त व्यवस्था कर ली जाये। इस दौरान एडीएम बृजेश कुमार त्रिपाठी, एएसपी, एसडीएम हसनपुर , सीआ, अधिशासी अधिकारी, सहित अन्य अधिकारी, एवं बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## सार- संक्षेप

### ससुराल वालों पर दर्ज कराई दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

**चन्दौसी, अमृत विचार :** महिला ने डीआईजी के निर्देश पर ससुराल वालों के विरुद्धदहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई है। हरिद्वार के थाना सिडकुल के गांव ब्रह्मपुरी मेहदूद निवासी ममता निवासी छोटे लाल ने तहरीर में कहा है कि उसकी शादी 25 नवंबर 2020 को संजय पुत्र अमर पाल निवासी मंडी समिति के पीछे गुमथल रोड आनंद बिहार कॉलोनी के साथ हुई थी। माता–पिता ने दान दहेज के साथ 25 लाख रुपये मकान बनवाने के लिए दिए थे। ससुराल वाले संतुष्ट नहीं हुए और मारपीट करने लगे। उसकी मां ने कई बार रुपये की व्यवस्था करके दी। 14 मई 2025 को वह अपनी मां के साथ की ससुराल आई तो घर पर ताला लगा था। मोहल्ले वालों ने बताया कि उसके पति ने दूसरी शादी कर ली है। इसके बाद उसने तहरीर दी है। इसके बाद वह रेलवे स्टेशन पर रही। 24 मई को ससुराल पहुंची तो ताला बंद था। रास्ते में ससुर व उनके रिश्तेदारों मिले। उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की कोशिश की। डीआईजी के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने पति संजय, ससुर अमर पाल व अन्य पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### बिजली घर पर भाकियू टिकैत ने किया धरना प्रदर्शन

**हसनपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को बिजली घर पर धरना प्रदर्शन किया। किसान पर दर्ज मुकदमे को वापस लेने की मांग की। बुधवार को भारी संख्या में भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता बिजली घर पहुंचे और धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह ने बताया कि झकड़ी देहात फीडर से अहरौला महमदपुर को जाने वाली विद्युत लाइन आंधी के चलते क्षतिग्रस्त हो गई थी। किसान द्वारा लाइन को ठीक करने की मांग की गई थी। लेकिन विद्युत विभाग के अधिकारियों ने इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया। किसान ने लाइन को अपने खर्चे से ठीक करा दिया। जेई ने किसान को 45 हजार रुपए का एस्टीमेट बनाकर दे दिया और मुकदमा भी पंजीकृत कर दिया। मांग की कि किसान पर दर्ज किया गया मुकदमा वापस लिया जाए तथा एस्टीमेट को निरस्त किया जाए। अनूप सिंह,सीता आर्य,चंद्रा देवी,भागवती,शांति, वीरवती, क्रांति,बिजेंदर,विजयपाल सिंह, रामपाल सिंह,सतवीर सिंह,वीरेंद्र सिंह,हरपाल सिंह,कमल सिंह,सागर सिंह,फूल सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

### कालिया नाग मर्दन लीला का किया मंचन



**बबराला, अमृत विचार :** गांव ईसमपुर डांडा के समीप स्थित बाबा रघुवीर दास आश्रम परिसर में भगवत शरण के निर्देशन में आयोजित रासलीला के चौथे दिन बुधवार को कालिया नाग के मान मर्दन की लीला का मंचन किया गया। कृष्ण ने कालिया को यमुना छोड़कर समुद्र में जाने के लिए वचन बद्ध किया। इसके बाद कालिया नाग के फन पर नृत्य किया। इस तरह भगवान कृष्ण ने मथुरा वासियों को कालिया नाग के साथ यमुना को भी मुक्ति दिलाई। लीला को देखकर दर्शक मुग्ध होकर कन्हैया के जयकारे लगाने लगे। महंत तिलक दास महाराज, विजय सिंह यादव, नरेशपाल कानूनगो, दिनेश कुमार, गजेंद्र सिंह, श्याम बाबू, कल्याण सिंह, लखपत सिंह, रामकिशन यादव, प्रकाश वीर यादव, बनवारी लाल गुप्ता, मोहन लाल श्रीवास्तव, उमा शंकर, नन्हू यादव, महाराज सिंह, मोती राम, दिलीप कुमार आदि रहे।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गड़बड़ी के शक में पूछताछ

**बहजोई, अमृत विचार :** जिले में संदिग्ध हालात में दो मौतों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गड़बड़ी करने के शक को लेकर पुलिस ने एक फार्मासिस्ट सहित चार लोगों को उठाकर पूछताछ की है। हालांकि पुलिस ने पूछताछ के बाद चारों को छोड़ दिया। एसओजी व स्थानीय पुलिस ने बहजोई सीएससी पर छापेमारी कर फार्मासिस्ट को हिरासत में लिया। साथ ही एक चिकित्सक को पूछताछ के लिए एसओजी दफ्तर बुलाया था। इस दौरान चंदौसी से पोस्टमार्टम हाउस में तैनात कंप्यूटर आपरेटर और एक अन्य फार्मासिस्ट से भी पूछताछ की गई। फार्मासिस्ट समेत सभी को शाम सात बजे तक पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, रजपुरा थाना क्षेत्र में एक युवती और गुन्नौर क्षेत्र में एक किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद हुए पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गड़बड़ी करने को लेकर सवाल उठे थे। इन दोनों पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पुलिस को शक हुआ था। जिसके बाद जांच की दिशा पोस्टमार्टम प्रक्रिया में लगे कर्मचारियों तक पहुंची। पुलिस ने मृतक किशोरी के परिजनों से बातचीत के बाद कई अहम जानकारी जुटाई है। अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा ने बताया कि पुलिस को शिकायत में प्राप्त हुई थी जिनके आधार पर पूछताछ की गई है बाद में उन्हें छोड़ दिया गया है।

### डीएम की मौजूदगी में दो कंपनियों ने किया अनुबंध

**बहजोई,अमृत विचार :** किसानों को वैश्विक बाजार से जोड़ने तथा उनकी आय वृद्धि करने को लेकर सर्व हितकारी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड बहजोई तथा दौलत राइस एंड एग्रो प्रोडक्ट्स बहजोई के बीच महत्वपूर्ण अनुबंध डीएम की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए गए। सर्व हितकारी एफपीओ के प्रबंध निदेशक डॉक्टर पवन कुमार जैन निदेशक संभव जैन दौलत ग्रुप के निदेशक शिवम वार्ष्णेय प्रदीप कुमार ने हस्ताक्षर किए। जनपद में किसानों के लिए इस अनुबंध को नई दिशा की शुरुआत बताया गया। अनुबंध के अनुसार दोनों संस्थाएं मिलकर किसानों की उपज के मूल्यवर्धन बेहतर विपणन और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कार्य करेंगे। इस दौरान उप कृषि निदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ रितेश शर्मा, जिला कृषि अधिकारी प्रबोध कुमार, जिला उद्यान अधिकारी शुघर सिंह आदि मौजूद रहे।

### खेत में चारा लेने गई महिला को सांप ने डसा

**हसनपुर,अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती को चारा काटते समय सांप ने डस लिया। हालत गंभीर होने पर महिला को परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव अल्लीपुर मिलक निवासी निवासी कुसुम मंगलवार को पशुओं के लिए खेत से चारा लेने गई थी। चारा काटते समय महिला को जहरीले सांप ने डस लिया जिससे महिला की हालत बिगड़ गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला की स्थिति गंभीर देख हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### चोरों ने घर से नकदी और जेवर किए चोरी

**संभल/कैला देवी, अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव भटौला निवासी कालीचरन मंगलवार को रात पत्नी तथा बच्चों के साथ घेर में सो रहा था। चोरों ने कालीचरन के घर की दीवार में नकब लगाया और अंदर दाखिल हो गए। चोरों ने बक्से में रखे 80 हजार रुपये, सोने के आभूषण, आधा किलो चांदी के जेवर, पीतल के बर्तन चोरी कर लिए। बुधवार को सुबह पड़ोसी युवक गनपत ने कालीचरन को घर में कूमल लगने की जानकारी दी तो वह परिवार के साथ घर पहुंचा। प्रभारी निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि चोरी की घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### उधार के रुपये मांगने पर मारपीट, दंपती पर रिपोर्ट

**संभल/कैला देवी, अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र के सैमला गांव निवासी नरेश ने 15 फरवरी को प्लाट खरीदने के लिए हरपाल से 2 लाख रुपये उधार मांगे तो उसने नरेश को रुपये दे दिए थे। बाद में हरपाल ने रुपये वापस मांगे तो नरेश टालता रहा। 4 मई को हरपाल रुपये मांगने के लिए नरेश के घर पहुंचा। आरोप है कि नरेश और उसकी पत्नी सुहागवती ने गाली गलौज कर मारपीट की। जिससे हरपाल घायल हो गया। हरपाल ने पुलिस को तहरीर दी लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। अब एसपी के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है

### विनय मिश्रा को बनाया गया एसडीएम चंदौसी

बहजोई, अमृत विचार : डीएम ने चंदौसी एसडीएम के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है। जहां एक और निधि पटेल को चंदौसी एसडीएम से डिप्टी कलेक्टर मुख्यालय बनाया है। दूसरी ओर डिप्टी कलेक्टर विनय मिश्रा को चंदौसी का एसडीएम बनाया गया है।

### योग समिति ने महिलाओं को वितरित कीं जैकेट



**अमरोहा,अमृत विचार :** महिला पतंजलि योग समिति अमरोहा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर महिलाओं को योग समिति द्वारा दी गईं जैकेट वितरित की गईं। समिति की अमरोहा की प्रभारी अनीता भटनागर ने महिलाओं को प्रेरित किया। 21 महिलाओं को जैकेट वितरित की गई। तहसील प्रभारी कमलेश शर्मा, पूजा, ज्योति आदि महिलाएं मौजूद रहीं।


Admission Open
Session 2025-26
BIUCOP BAREILLY Towards Professional Excellence

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY

BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)

ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)

KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)

BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com

Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)



FOPS BAREILLY Towards Professional Excellence

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow

Courses
▪ BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
▪ BRIT (Intake-80 Seats)
▪ BPT (Intake-40 Seats)
▪ B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
▪ BOTT (Intake-40 Seats)
▪ M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
▪ MPT (Intake-20 Seats)
▪ MMLS (Intake-20 Seats)

Admission Open
Session 2025-26

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
▪ B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
▪ M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
▪ Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
▪ Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
▪ Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)

Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
▪ Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
▪ Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
▪ Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
▪ Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com,
bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com

Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

## एक नजर

### संयुक्त आयकर आयुक्त योगेंद्र मिश्रा निलंबित

**अमृत विचार, लखनऊ :** इनकम टैक्स ऑफिस में ही एक आईआरएस अफसर पर दूसरे आईआरएस अफसर के हमला कर देने के मामले में सख्त कार्रवाई की गई है। हमला करने वाले ज्वाइंट कमिश्नर योगेंद्र मिश्रा को बुधवार को निलंबित कर दिया गया। उन्हें बंगाल और सिक्किम रीजन से अटैच कर दिया गया है। 29 मई को हुई इस घटना में आईआरएस अफसर उपायुक्त गौरव गर्ग ने योगेंद्र मिश्रा पर हमला करने, कांच का गिलास फेंककर मारने और प्राइवेट पार्ट पर पैर से मारने का आरोप लगाया था।

### वीआईपी सुविधाएं देने पर डिप्टी जेलर निलंबित

**अमृत विचार, लखनऊ :** ललितपुर जेल में बंद पूर्व सांसद रिजवान जहीर को नियमों के खिलाफ जाकर वीआईपी सुविधाएं देने के आरोप में डिप्टी जेलर जय नारायण भारती को निलंबित कर दिया गया है। उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही भी शुरू की गई है। इसके अलावा जेल अधीक्षक मुकेश कुमार के खिलाफ विभागीय कार्यवाही करने की शासन से संस्तुति की गई है। वहीं जेलर जीवन सिंह के खिलाफ भी विभागीय कार्यवाही की जा रही है।

### दो पीसीएस अधिकारियों के तबादले

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार ने बुधवार को दो पीसीएस अफसरों के तबादले कर दिये। विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी उन्नाव प्रमेश श्रीवास्तव को जिले में ही उप जिलाधिकारी पुरवा बनाया गया है। सहायक अभिलेख अधिकारी उन्नाव प्रशांत नायक को वर्तमान कार्यभार के साथ विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी उन्नाव का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है।

### सर्वाधिक डॉल्फिन उप्र. में, बाघों की संख्या हुई 205

**अमृत विचार, लखनऊ :** देश में सबसे अधिक डॉल्फिन की संख्या उत्तर प्रदेश में है। बाघों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। वन विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार राज्य में 2018 में इनकी संख्या 173 थी जो 2022 में बढ़कर 205 हो गई। इस बीच राज्य सरकार कछुओं के अवैध शिकार एवं इनके व्यावसायिक उपयोग पर अंकुश लगाने के साथ संरक्षण योजना चला रही है।

### वनावरण व वृक्षावरण में उत्तर प्रदेश देश में दूसरे स्थान पर

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश का वनावरण व वृक्षावरण 23437.53 वर्ग किमी (9.73 प्रतिशत) से बढ़ कर 23996.72 वर्ग किमी (9.96 प्रतिशत) 559.19 वर्ग किमी. बढ़ गया है। वनावरण का अर्थ है वन के द्वारा आच्छादित क्षेत्र, जबकि वृक्षावरण का अर्थ है किसी भी प्रकार के वृक्षों द्वारा आच्छादित क्षेत्र, चाहे वह वन का हिस्सा हो या न हो। भारतीय वन सर्वेक्षण देहरादून द्वारा वर्ष 2023 में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार वनावरण व वृक्षावरण वृद्धि की नजर से उत्तर प्रदेश, पूरे देश में दूसरे स्थान पर रहा है।

# पुख्ता होगी सहकारी बैंकों की सुरक्षा, बनेगा साइबर सिक्योरिटी कवच

- उप्र. कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड व 50 जिला सहकारी बैंकों में टेक्नोलॉजी एडॉप्शन की बड़ी तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्य सरकार राज्य में सहकारी बैंकों को आधुनिक और सुरक्षित बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाने जा रही है।

अब प्रदेश के 50 जिला सहकारी बैंकों और उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड को साइबर सुरक्षा कवच से लैस किया जाएगा। इसके लिए बैंकों को कोर बैंकिंग सिस्टम (सीबीएस) आधारित क्लाउड प्लेटफॉर्म पर ऑनबोर्ड किया जाएगा। जिससे ग्राहकों की बैंकिंग से जुड़ी हर गतिविधि सुरक्षित और पारदर्शी होगी।

इस महत्वाकांक्षी योजना को धरातल पर उतारने के लिए तकनीकी क्षेत्र की अग्रणी टीसीएस और विप्रो जैसी कंपनियां सहयोग करेंगी। ये कंपनियां सहकारी बैंकों के डाटा सुरक्षा, सर्वर मैनेजमेंट और साइबर हमलों से बचाव जैसी अत्याधुनिक तकनीकों के साथ पूरे सिस्टम को सशक्त बनाएंगी। इस पूरी परियोजना के संचालन में नाबार्ड का सहयोग लिया जाएगा। इसमें तकनीकी मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और निगरानी के साथ-साथ आर्थिक सहायता भी मिलेगी। इससे यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी सहकारी बैंक सुरक्षित, सशक्त और ग्राहकों के लिए और ज्यादा भरोसेमंद बनें।

### 10 करोड़ रुपये का विशेष प्रावधान

राज्य सरकार ने योजना को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 10 करोड़ रुपये का विशेष बजटीय प्रावधान किया है। यह राशि तकनीकी संसाधनों की स्थापना, सर्वर सुरक्षा, प्रशिक्षण, साइबर जागरूकता और क्लाउड प्लेटफॉर्म पर व्यय की जाएगी। इस पहल के तहत जिला सहकारी बैंकों की न केवल साइबर सुरक्षा को मजबूती दी जाएगी, बल्कि उनकी वित्तीय स्थिति को भी सशक्त बनाया जाएगा।

### उप्र. में एयरोस्पेस और डिफेन्स निवेश को एसओपी जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार ने डिफेन्स एवं एयरोस्पेस सेक्टर में भारी निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'एयरोस्पेस तथा रक्षा इकाई एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2024' के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को अधिसूचित किया है। इसके अंतर्गत अलीगढ़, आगरा, लखनऊ, कानपुर, झांसी और चित्रकूट राज्य के 6 डिफेन्स नोड विकास के केंद्र बनेंगे। सरकार का मानना है इन क्षेत्रों में एयरोस्पेस और रक्षा उद्योगों की स्थापना के लिए प्रचुर संभावनाएं हैं। सरकार का लक्ष्य है कि इन नोड्स के माध्यम से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, स्थानीय उत्पादन और रोजगार के अवसरों में भारी वृद्धि हो। इस नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए उप्र. राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) को नोडल एजेंसी नामित किया है। इसी क्रम में शासनादेश के तहत एसओपी को लागू किया गया है, जिससे निवेश प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, अनुमोदन की तीव्रता और उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण सुनिश्चित किया जा सकेगा।

### भाजपाई नेताओं के कुकृत्य की वीडियों क्लिपें शर्मनाक

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि अपराध पर जीरो टॉलरेंस नीति का डंका पीटने वाली भाजपा अपराधियों को संरक्षण देने और अपने विरोध की हर आवाज को दबाने के लिए उनका उत्पीड़न करने का काम पूरी ईमानदारी से कर रही है। भाजपा सरकार में असहिष्णुता और नफरत को खुली छूट मिली हुई है और भ्रष्टाचार फल-फूल रहा है।

# भारी खर्च फिर क्यों नहीं सुधरी बिजली कंपनियों की दक्षता

## विद्युत नियामक आयोग ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन से मांगा जवाब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्य विद्युत नियामक आयोग ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन से पूछा है कि भारी-भरकम रकम खर्च होने के बाद भी बिजली कंपनियों की दक्षता में सुधार क्यों नहीं हुआ। आयोग ने पावर कॉरपोरेशन को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

आयोग ने पावर कॉरपोरेशन की ओर से दाखिल वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए नई बिजली दरों के प्रस्ताव पर यह सवाल उठाए हैं। आयोग ने राजस्व वसूली का भी पूरा विवरण मांगा है। यह भी कहा है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर लग जाने के बाद 'कलेक्शन एफिशिएंसी' कितनी हो जाएगी।

नियामक आयोग ने बिजली कंपनियों के लिए 'लॉस रिडक्शन' में लगभग 16,112 करोड़ अनुमोदित किया था। इसमें वर्ष 2024-25 के अंत तक बिजली कंपनियों ने लगभग 12,693 करोड़ खर्च किया। स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के लिए आयोग ने 27,342 करोड़ अनुमोदित किया, इसके बाद भी बिजली कंपनियों की लाइन हानियां बढ़ गईं। आयोग ने इस पर सवाल उठाया है।

मालूम हो कि पावर कॉरपोरेशन ने बिजली दर के प्रस्ताव में पहले 10 हजार करोड़ का घाटा दिखाया था, पर एक सप्ताह बाद बिजली दरों में 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी का प्रस्ताव देते हुए घाटा 19,600 करोड़ दिखा दिया। आयोग ने बिजली दर संबंधी प्रस्ताव 'वार्षिक राजस्व आवश्यकता' को तीन दिन में समाचार पत्रों में प्रकाशित करने का निर्देश दिया है।

### मनगढंत आंकड़ों पर सुनवाई कराना गलत

विद्युत उपभोक्ता परिषद ने बिजली दरों पर आम जनता की सुनवाई को लेकर बुधवार को नियामक आयोग में याचिका दाखिल की। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बिजली कंपनियों के मनगढंत आंकड़ों पर आम जनता की सुनवाई कराना गलत है।

| वितरण कंपनी | अनुमोदित हानियां (भारत सरकार) | प्रस्तावित हानियां पावर कॉरपोरेशन |
|---|---|---|
| दक्षिणांचल | 18.97 | 28.48 |
| मध्यांचल | 17.97 | 21.93 |
| पश्चिमांचल | 12.69 | 13.35 |
| पूर्वांचल | 18.49 | 36.08 |
| केस्को | 8.07 | 10.37 |
| कुल | 16.43 | 23.44 |

(नोट-लाइन हानियां प्रतिशत में)



मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अधिकारी को देते किसान संगठन के प्रतिनिधि।

### निजीकरण के विरोध में किसानों ने किया प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में किसानों ने प्रदेश भर में विरोध प्रदर्शन किया और जिलाधिकारियों के जरिये मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। इस बीच, बिजली कर्मियों का विरोध प्रदर्शन जारी रहा। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने पावर कॉर्पोरेशन प्रबंधन पर आरोप लगाया कि इस भीषण गर्मी में प्रबंधन अनावश्यक तौर पर बड़े पैमाने पर अभियंताओं का उत्पीड़न कर ऊर्जा निगमों में औद्योगिक अशांति फैला रहा है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के नाम पर 87 अभियंताओं पर उत्पीड़नात्मक कार्रवाई की जा रही है। संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली कर्मचारी व अभियंता इस भीषण गर्मी में उपभोक्ता सेवाओं के प्रति संवेदनशील हैं। इसीलिए संघर्ष समिति की नोटिस में कहा गया है कि आंदोलन के कारण उपभोक्ता सेवाएं प्रभावित नहीं होनी चाहिए। ऐसे वातावरण में जब उपभोक्ता सेवाओं की प्राथमिकता सबसे ऊपर है तब पावर कॉरपोरेशन के शीर्ष अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर अभियंताओं को डांटने-फटकारने में लगे हैं। उपभोक्ता सेवाओं की दृष्टि से ही संघर्ष समिति ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का बहिष्कार करने का निर्णय लिया था, जो कार्पोरेशन प्रबंधन को सूचित कर दिया गया था। इसके बाद भी प्रबंधन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के नाम पर 87 अभियंताओं को चार्ज शीट दी है। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक ने कई अभियंताओं को दंडित करने की दृष्टि से उनका स्थानांतरण कर दिया है।

### इलेक्ट्रिक बसों में तब्दील होंगी डीजल बसें, ट्रॉयल की तैयारी

**अमृत विचार, लखनऊ:** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम पुरानी डीजल बसों को इलेक्ट्रिक बसों में बदलने जा रहा है। इस कवायद के तहत कानपुर की राम मनोहर लोहिया वर्कशाप में दो डीजल बसों को इलेक्ट्रिक में बदला जा चुका है। इन बसों को झांसी-ललितपुर रूट पर ट्रायल के लिए चलाया जाएगा। दरअसल, पुरानी डीजल बसों को परिवहन निगम की गाइडलाइन के अनुसार 10 वर्ष या 11 लाख किमी की दूरी तय करने पर बस बेडे.से हटाया जाना अनिवार्य है। बड़ी संख्या में परिवहन निगम की बसों का प्रतिवर्ष नीलामी होती है। डीजल बसों को इलेक्ट्रिक बसों में परिवर्तित करने से विभाग को बसों की खरीदारी पर अतिरिक्त व्यय नहीं करना होगा।

# जोशी और सावंत को ओबीसी सूची में शामिल करने की कवायद

- पिछड़ा वर्ग आयोग 23 को करेगा प्रारंभिक सुनवाई
- आयोग ने आवेदन के पक्ष व विपक्ष में सुझाव मांगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** जोशी (भड्डरी) और सावंत को अन्य पिछड़ा वर्ग की सूची में शामिल करने की कवायद शुरू कर दी गई है। दोनों जातियों के आवेदन पर पिछड़ा वर्ग आयोग 23 जून को प्रारंभिक सुनवाई करेगा। आयोग ने पक्ष व विपक्ष से सुझाव मांगे हैं।

आयोग के सचिव मनोज कुमार ने बताया कि दोनों जातियों के प्रतिनिधियों ने आयोग में आवेदन प्रस्तुत किया था। जिसमें इन जातियों को प्रदेश की अन्य पिछड़ा वर्ग सूची में शामिल करने का अनुरोध किया गया है। जोशी भड्डरी महासभा के अध्यक्ष सुमित कुमार जोशी की ओर से दिए गए आवेदन में कहा गया है कि महाकवि घाघ भड्डरी से संबंधित जोशी भड्डरी डाकोत समाज लाखों की संख्या में प्रदेश में निवास करता है।

इन्हें देश भर में बोलचाल की भाषा में जोशी, जोशी भड्डरी, भडरी, भतरी, भटरी, भठरी, डाकोत, देशांतरि, पडिया, ज्योतिषी आदि नामों से पुकारा जाता है। यह समुदाय ज्योतिष का पैतृक कार्य करता है। शनिवार को शनिदेव का दान लेती है। मूल शांति कराती है।

वर्तमान तकनीकी युग में यह समुदाय काफी पिछड़ गया है। इनके पास खेती के लिए भूमि भी नहीं है। इसी तरह, सावंत समुदाय के प्रतिनिधियों ने खुद को पिछड़ा बताते हुए तर्क पेश किये हैं।

### इन जिलों में हैं जोशी भड्डरी

जोशी भड्डरी लखनऊ के अलावा बाराबंकी, रायबरेली, सीतापुर, कानपुर, फतेहपुर, इटावा, ओरैया, फर्रुखाबाद, जालौन, मैनपुरी, आगरा, एटा, बिजनौर, मेरठ, सहारनपुर, बदायूं, रामपुर, बरेली, मुरादाबाद, पीलीभीत और प्रयागराज आदि में निवास कर रही है।

# सरकार ने शुरू किया हर बच्चा खास है पोस्टर अभियान

## 1,32,716 विद्यालयों तक पहुंच रहे छह प्रकार के 2.65 लाख पोस्टर सेट्स

- विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए पोस्टर अभियान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** ऐसे बच्चे जो बोल नहीं सकते है, सुन नहीं सकते हैं या वो बच्चे जो सामान्य बच्चों की तरह पढ़ने में कठिनाई महसूस करते हैं, उन विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को सामान्य बच्चों की तरह सम्मान व दक्ष बनाने के लिए राज्य सरकार ने जन-जागरूकता अभियान शुरू किया है। यह अभियान सिर्फ नीति की बात नहीं करता, बल्कि बेसिक शिक्षा विभाग की देखरेख में तैयार किए गए पोस्टर के माध्यम से दिलों को छूने का प्रयास करता है।

अभियान की शुरुआत से अब तक 75 जिलों के सभी प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों, पंचायत भवनों, सीएचसी-पीएचसी, बाल विकास केंद्रों और आशा केंद्रों पर पोस्टर लगाए जा रहे हैं। प्रदेश में 15,92,592 पोस्टरों के माध्यम से अभियान चलाया जा रहा है। पोस्टरों में इन बच्चों के अधिकारों, आवश्यकताओं और समाज की भूमिका को केंद्र में रखा गया है। पोस्टर वितरण के साथ-साथ स्कूल शिक्षकों को प्रशिक्षण, अभिभावकों से संवाद और समुदाय स्तर पर जागरूकता गतिविधियों को भी प्राथमिकता दी गई है। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने कहा कि हम केवल स्कूलों में बेंच बढ़ाने की बात नहीं कर रहे, हम दायरे बढ़ाने की बात कर रहे हैं। समावेशी शिक्षा बच्चों के साथ-साथ पूरे समाज को बेहतर बनाती है। राज्य सरकार पोस्टर को केवल सूचना का माध्यम नहीं, बल्कि संवेदनशीलता और संवाद की चिंगारी मान रही है। यह एक ऐसा प्रयास है जो किसी बजट, टेंडर या स्कीम से आगे जाकर समाज की सोच में बदलाव लाने की क्षमता रखता है, क्योंकि असली समावेश वही है, जो सिर्फ नीति में नहीं, नजरिए में दिखे।

### सरकारी व सहायता प्राप्त विद्यालयों में पोस्टर वितरण

राज्य के एक लाख 32 हजार 716 सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालयों में ये पोस्टर वितरित किए जा रहे हैं। प्रत्येक विद्यालय को एक सेट (छह पोस्टर) उपलब्ध कराया गया है, जिनमें सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने वाले संदेश शामिल हैं।

### पोस्टर से समझा रहे 'सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श'

इन पोस्टरों की सबसे खास बात है इनका भावनात्मक, सरल और व्यावहारिक होना। ये न केवल जानकारी देते हैं, बल्कि आत्ममंथन को प्रेरित करते हैं। इन पोस्टरों से प्रेरणा मिलती है कि समावेशी शिक्षा केवल बच्चों के लिए नहीं, बल्कि पूरे समाज के भविष्य के लिए आवश्यक है। यह भी समझ में आता है कि हर बच्चा खास है, लेकिन कुछ बच्चों को थोड़ा और खास समझे जाने की जरूरत है। इस अभियान में ''सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श'' जैसे अति आवश्यक विषय पर भी विशेष ध्यान दिया गया है।

### 25 जून तक चलेगा कृषि विभाग का बीज शोधन अभियान

**अमृत विचार, लखनऊ :** फसलों को कीट, रोग, खरपतवारों और चूहों आदि के नुकसान से बचाने के लिए इन दिनों सरकार द्वारा बीज शोधन अभियान चलाया जा रहा है। सभी जिलों में 25 जून तक बीज शोधन अभियान चलेगा। दरअसल, उप्र. के 01 ट्रिलियन डॉलर इकोनामी का लक्ष्य प्राप्त करने में कृषि क्षेत्र की अहम भूमिका है। प्रदेश की लगभग 65 प्रतिशत जनसंख्या प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कृषि पर आधारित है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के मुताबिक, उत्पादन में बीज जनित रोगों से बचाव के लिए बीज शोधन तकनीक का अत्यधिक महत्व है। इसे बीज का टीका भी कहते है। जिससे फसलो में भविष्य में जीवाणु और कवकों आदि से होने वाले रोगों का बचाव किया जाता है। इसके निवारण के लिए इस अभियान के तहत बीज शोधन के महत्व की जानकारी देकर कृषकों को शत-प्रतिशत बीज शोधन के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है।

**सुनवाई** राज्य सरकार की ओर से गठित कमेटी को मामले निस्तारित करने के लिए तीन माह का समय

# पेंशन में कटौती संबंधी हजारों याचिकाएं निस्तारित

लखनऊ, विधि संवाददाता

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने पेंशन में कटौती संबंधी राज्य सरकार के सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों की हजारों याचिकाओं को निस्तारित कर दिया है। न्यायालय ने उक्त मामले के संबंध में राज्य सरकार द्वारा गठित कमेटी को याचियों का प्रत्यावेदन लेने व तीन माह के भीतर इसे निस्तारित करने का आदेश दिया है। यह भी स्पष्ट किया है कि कमेटी द्वारा मामले के निस्तारण तक याचियों के पेंशन से वसूली नहीं की जाएगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान की एकल पीठ ने पारित किया। याचियों की दलील थी कि उन्होंने सेवानिवृत्ति के समय पेंशन के आधार पर जो एकमुश्त धनराशि ली थी उसकी वसूली के तौर पर याचियों के मासिक पेंशन से एक निश्चित रकम की कटौती होती है, मासिक कटौती की धनराशि कर्मचारी द्वारा सेवानिवृत्ति के समय ली गई धनराशि के एक प्रतिशत से कुछ अधिक है। कहा गया कि इस प्रकार जो मासिक कटौती की जा रही है, उससे कर्मचारी से लिए गए उक्त एडवांस पेंशन का भुगतान ब्याज समेत 10 वर्ष 11 माह में हो जाता है। जिसे मोटे तौर पर 11 वर्ष किया जा सकता है या अधिकतम 12 वर्ष तक वसूला जा सकता है।

दलील दी गई कि राज्य सरकार द्वारा 8 दिसम्बर 2008 को जारी शासनादेश के जरिए मासिक कटौती की मियाद 15 वर्ष कर दी गई जो विधिपूर्ण नहीं थी। वित्त विभाग की ओर से न्यायालय को बताया गया कि याचियों की समस्या के निवारण के लिए एक कमेटी का गठन किया गया है। इस पर न्यायालय ने याचियों को एक माह में उक्त कमेटी के समक्ष प्रत्यावेदन देने का समय दिया तथा उसके पश्चात तीन के भीतर याचियों के प्रत्यावेदनों को निस्तारित करने का आदेश दिया। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि कमेटी के निर्णय से क्षुब्ध याची दोबारा याचिका दाखिल कर सकते हैं। न्यायालय ने यही प्रक्रिया अपनाने का आदेश रेलवे के कर्मचारियों के संबंध में रेलवे को दिया है।

### वर्ग पहेली- 452

**बाएं से दाएं**

1.1. जो कहने योग्य न हो 2. जो कहा न जा सके, अकथनीय 3. जो कहा न गया हो।

4. बीज के लेन-देन की एक रीति जिसमें फ़सल काटने पर लेने वाले को डेढ़ा देना पड़ता है।

5.1. गंधयुक्त 2. चूहे की तरह का एक जंतु, छछूंदर।

6. झींगुर का बोलना।, झींगुर की तरह आवाज़ पैदा करना।

9.1. रेखाचित्र, रेखाओं के द्वारा बनी आकृति 2. लेखन में किसी बात पर बल देने के लिए उसके नीचे खींची हुई लकीर।

**ऊपर से नीचे**

1.1. झमेला 2. किसी बात पर होने वाली कहा-सुनी या विवाद, झंझट-बखेड़ा 3. सुख-भोग में होने वाली बाधा, रंग में भंग।

2.1. कृपा करने वाला, दयालु 2. कृपा करना जिसका स्वभाव हो।

3. इस्लाम, ईसाई, मूसाई आदि कुछ धर्मों में ईश्वर का पैगाम या संदेशा लाने वाला, नबी, (प्रॉफ़ेट)।

7.1. कोमल, सुकुमार, मृदु 2. जो जल्दी टूट जाए या नष्ट हो जाए, कमज़ोर 3. महीन, बारीक 4. मार्मिक, गूढ़, गंभीर।

8.1. गांठ के रूप में होने वाली पौधों की जड़, गांठ 2. लहसुन आदि की गांठ।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | ■ | ■ | 2 |
| | ■ | ■ | 3 | ■ | |
| 4 | | ■ | 5 | | |
| | ■ | ■ | | ■ | ■ |
| ■ | 6 | | | 7 | ■ |
| 8 | ■ | ■ | ■ | | ■ |
| | ■ | 9 | | | |

### वर्ग पहेली -451 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 जु | मा | ■ | 2 अ | यो | 3 नि |
| हू | ■ | ■ | खं | ■ | छो |
| ■ | 4 को | ■ | ड | ■ | ह |
| ■ | 5 हि | म | पा | त | ■ |
| ■ | नू | ■ | ठ | ■ | 6 मुँ |
| 7 भे | र | वी | ■ | ■ | द |
| ■ | ■ | ■ | 8 खि | ल | ना |

### सुडोकू -176

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | | | |
| | | | | | | | 3 | |
| | 2 | | | | | | | |
| | | | | 7 | | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| 7 | | | | 3 | | | | |
| | | | | | | | | 1 |
| | 5 | | | | 8 | | | |

### सुडोकू - 175 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 2 | 9 | 3 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 6 | 5 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 4 | 9 | 5 | 2 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 |
| 2 | 6 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 | 3 | 1 |
| 3 | 4 | 1 | 7 | 9 | 2 | 5 | 6 | 8 |
| 5 | 8 | 7 | 3 | 1 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 9 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 5 |
| 1 | 3 | 6 | 5 | 8 | 7 | 9 | 2 | 4 |
| 7 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 3 | 1 | 6 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 जून, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- दशमी 6 जून 02.15 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- दक्षिण। **ऋतु**- ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल- अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र- हस्त पूर्ण रात्रि तक।

**मेष** - आज आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। अनुशासनहीनता के कारण दिनचर्या बिगड़ सकती है। बच्चे छुट्टी का आनंद उठाएंगे। कार्यक्षेत्र में काफी अच्छे परिणाम मिलेंगे। पैरों में खिंचाव हो सकता है। सेहत से जुड़े मामलों की अनदेखी न करें।

**वृष** - आज नए कार्यों की योजना बना सकते हैं। अपनी रूचि के अनुसार ही कार्य करें। कारोबारी उद्देश्य से यात्रा करनी पड़ सकती है। व्यस्तता के कारण परिवार को समय मुश्किल से दे पाएंगे। छोटे बच्चों की सेहत का ध्यान रखें।

**मिथुन** - आज राजनीति से जुड़े लोगों को विरोध झेलना पड़ सकता है। अनजान व्यक्तियों पर अधिक विश्वास न करें। आपकी कार्यशैली की खूब प्रशंसा होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दांतों में दर्द की शिकायत हो सकती है।

**कर्क** - आज बुद्धिमत्ता से अटके हुए काम बना लेंगे। पार्टनरशिप संबंधी कार्यों से आपको बेहतरीन लाभ प्राप्त हो सकता है। मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र से जुड़े व्यवसाय में प्रगति होगी। घर का वातावरण बहुत अच्छा रहने वाला है। दोस्तों के साथ धार्मिक यात्रा की योजना बनाएंगे।

**सिंह** - आज मित्रता और प्रेम को लेकर आपकी सोच बदल सकती है। गोपनीय विषयों के प्रति आपका झुकाव बढ़ेगा। बच्चों को लेकर सुखद समाचार मिल सकते हैं। व्यवसाय में संघर्ष वाली परिस्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। केवल बातों पर विश्वास करके कोई डील न करें।

**कन्या** - आज कोर्ट-कचहरी के मामले में आपको विजय प्राप्त होगी। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कार्यस्थल में वाद-विवाद जैसी स्थितियां निर्मित हो सकती हैं। योग और अध्यात्म के प्रति आपकी रुचि रहेगी।

**तुला** - आज आपका बजट गड़बड़ा सकता है। ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान थोड़ी सावधानी रखें। आपके व्यक्तिगत कार्यों में व्यवधान आने की संभावना है। आलस्य के कारण अच्छे मौकों को चूक सकते हैं।

**वृश्चिक** - आज व्यापार में अपेक्षानुसार धन लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में आप सहकर्मियों के ऊपर अपना प्रभाव डालेंगे। संतान की सफलता से उत्साहित रहेंगे। संपत्ति से जुड़े विवादों का निवारण हो सकता है। पति-पत्नी के आपसी संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**धनु** - आज लवमेट के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आयात-निर्यात से जुड़े कारोबार में बेहतरीन लाभ मिल सकता है। विद्यार्थियों को शिक्षकों से मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बच्चों की बातों का खंडन करने के बजाय उनका शांतिपूर्वक समाधान करें।

**मकर** - आज नया व्यापार शुरू करना चाहते हैं, तो उसकी पूरी योजना बना लें। आर्थिक स्थिति को लेकर थोड़े चिंतित रहेंगे। किसी बड़े काम के लिए लोग आपसे सलाह ले सकते हैं। सहकर्मी आपका उपहास कर सकते हैं।

**कुंभ** - आज अपनी कमजोरी पर नियंत्रण कर लें। ससुराल पक्ष के साथ अपने संबंध मधुर रखें। बचपन के मित्रों से मुलाकात हो सकती है। अनावश्यक यात्राओं से बचना चाहिए। पुरानी स्वास्थ्य समस्याओं से दोबारा परेशान होना पड़ सकता है।

**मीन** - आज करियर को लेकर सावधानी रखनी चाहिए। मानसिक तनाव से मुक्ति मिलेगी। लंबे समय से सोचे हुए कार्य पूर्ण होंगे। जीवनसाथी का भावनात्मक सहयोग आपको प्राप्त होगा। नई वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं।

# बेंगलुरु में आरसीबी के लिए बिछे पलक-पांवड़े

## बड़ी संख्या में प्रशंसकों ने टीम का किया गर्मजोशी से अभिवादन, विराट कोहली की झलक पाने को रहे बेताब

**बेंगलुरु, एजेंसी**



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम बुधवार दोपहर जब यहां पहुंची तो हवाई अड्डे के बाहर सड़क पर दोनों तरफ बड़ी संख्या में खड़े प्रशंसकों ने उनका अभिवादन किया। प्रशंसक करिश्माई विराट कोहली के साथ टीम के खिलाड़ियों की झलक पाने के लिए सड़कों पर कतार में खड़े थे। यही हाल चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भी दिखा जहां प्रशंसकों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

रजत पाटीदार के नेतृत्व वाली टीम का राज्य के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने हवाई अड्डे पर स्वागत किया। शिवकुमार ने कहा, विराट कोहली ने पिछले 18 सालों से अपना अनुभव, अपना प्यार और अपना दिल (आरसीबी को) देकर हमारे राज्य को गौरवान्वित किया है। मैं अपने राज्य के सभी युवाओं की तरफ से उनके प्रति प्यार और सम्मान लेकर यहां खड़ा हूं। उन्होंने कहा, कर्नाटक सरकार की ओर से हम इस अभियान में शामिल सभी को बधाई देते हैं। मैं उनकी निरंतर सफलता की कामना करता हूं। 18 साल का संघर्ष कोई छोटी बात नहीं है। विधान सौध (विधानसभा) में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के कार्यालय के रास्ते में सड़क के दोनों ओर खड़े प्रशंसकों ने चैंपियन टीम का उत्साह बढ़ाया। आरसीबी ने मंगलवार को अहमदाबाद में आईपीएल फाइनल में पंजाब किंग्स को छह रन से हराकर 18 साल में अपना पहला खिताब जीता था। यह टीम के करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली के लिए बड़ी उपलब्धि है। कोहली लीग की शुरुआत से केवल इसी फ्रेंचाइजी के लिए खेल रहे हैं।

मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद आरसीबी के खिलाड़ी एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में प्रशंसकों से मुखातिब होंगे। मुख्यमंत्री द्वारा विशेष अनुमति दिए जाने के बाद विधान सौध से स्टेडियम तक बहुप्रतीक्षित खुली बस परेड भी शाम पांच बजे शुरू होगी। इससे पहले बेंगलुरु ट्रैफिक पुलिस के एक्स पर जारी बयान के अनुसार विधान सौधा से स्टेडियम तक बहुप्रतीक्षित खुली छत वाली बस परेड यातायात संबंधी परेशानियों के कारण नहीं हो सकती है। आरसीबी ने 'एक्स' पर लिखा, हम सभी प्रशंसकों से पुलिस और अन्य अधिकारियों द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों का पालन करने का अनुरोध करते हैं, ताकि सभी लोग शांतिपूर्वक इसका मजा ले सकें। चिसोशल मीडिया पर साझा तस्वीरों और वीडियो में कोहली को ट्रॉफी पकड़े हुए और टीम के बस मार्ग पर खड़े हजारों प्रशंसकों को सुखद आश्चर्य से देखते हुए देखा जा सकता है।

### सरकार ने किया विधान सौध में चैंपियन आरसीबी का स्वागत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने बुधवार को 18 साल में पहला आईपीएल खिताब जीतने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू टीम को सम्मानित किया । कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गेहलोत, मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने रजत पाटीदार की कप्तानी वाली टीम का विधान सौध के सामने बनी भव्य सीढ़ियों पर स्वागत किया । एक छोटे से कार्यक्रम में खिलाड़ियों को मैसुरू फेटा (पारंपरिक पगड़ी), शॉल और पुष्पमाला पहनाई गई । इस कार्यक्रम को देखने के लिये बड़ी तादाद में प्रशंसक जमा थे ।



### तुमने मुझे 18 साल इंतजार कराया : कोहली

अहमदाबाद। 18 साल के इंतजार के बाद आईपीएल ट्रॉफी जीतने के साथ विराट कोहली ने अपना हाल-ए-दिल इंस्टाग्राम पर लिखा, इस टीम ने सपना सच कर दिया। इस सत्र को मैं कभी नहीं भुला सकूंगा। यह आरसीबी के सभी प्रशंसकों के लिए है, जिन्होंने खराब से खराब समय में भी टीम का साथ नहीं छोड़ा। यह बरसों की निराशाओं और दिल टूटने के सिलसिले के लिए है। यह टीम के लिए खेलते समय एक ही पल के योगदान के लिए है। कोहली ने कहा, जहां तक आईपीएल ट्रॉफी का सवाल है तो तुमने मुझे तुम्हे थामने और जश्न मनाने के लिए 18 साल तक इंतजार कराया, लेकिन यह पल इंतजार के लायक था। वहीं उन्होंने इंस्टाग्राम स्टेटस पर दक्षिण अफ्रीका और आरसीबी के पूर्व धुरंधर एबी डिविलियर्स के साथ तस्वीर साझा की है, जिसमें उन्होंने आईपीएल ट्रॉफी को थामा हुआ है। कैप्शन में लिखा, समान रूप से तुम्हारी भी बिस्कोटी (दोनों एक दूसरे को प्यार से यही बुलाते हैं) वहीं दूसरे स्टेटस में फिल साल्ट के साथ ट्रॉफी को थामे हुए तस्वीर डाली है। इसमें कैप्शन में लिखा है, शानदार प्रदर्शन पार्टनर।

### चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप ने वंशिका से की सगाई

**कानपुर, अमृत विचार।** भारतीय टीम के गेंदबाज कुलदीप यादव ने बुधवार को अपनी बचपन की दोस्त वंशिका से सगाई कर ली। यह समारोह लखनऊ में हुआ। वंशिका कानपुर के श्याम नगर की रहने वाली हैं। कुलदीप और वंशिका बचपन से ही एक दूसरे को जानते हैं। जानकारी के अनुसार वंशिका ऑस्ट्रेलिया में जॉब करती हैं और उनके पिता एलआईसी में अधिकारी हैं। लखनऊ में हुये समारोह में कुलदीप के परिवार समेत क्रिकेटर रिंकू व यूपी के कई क्रिकेटर भी शामिल हुए। अपने संघर्ष और मेहनत के बल में टीम इंडिया में जगह बनाने वाले कुलदीप पूरे विश्व में चाइनामैन बॉलर के रूप में जाने जाते हैं। वह सर्वश्रेष्ठ स्पिनरों में गिने जाते हैं। उन्होंने भारतीय टीम और आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की टीम से खेलते हुए कई मुकाम हासिल किए। कुलदीप यादव का जन्म उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में 14 दिसंबर 1994 को हुआ था। इसके बाद पढ़ाई और प्रशिक्षण के लिए पिता परिवार सहित कानपुर शिफ्ट हो गए थे।



## अनुभवहीनता से हमें नुकसान हुआ, युवा टीम भविष्य में बहुत कुछ जीतेगी: पोंटिंग

**अहमदाबाद, एजेंसी**



पंजाब किंग्स के मुख्य को रिकी पोंटिंग ने माना कि आरसीबी के खिलाफ आईपीएल के फाइनल में लक्ष्य का पीछा करते हुए उनकी टीम को मध्यक्रम में अनुभव की कमी का खामियाजा भुगतना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज ने उम्मीद जताई कि टीम के युवा खिलाड़ी भविष्य में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।आईपीएल के इस सत्र में पंजाब किंग्स का प्रदर्शन फाइनल में आरसीबी से 6 रन की हार के साथ समाप्त हुआ।

पोंटिंग ने मैच के बाद कहा कि आप महसूस कर सकते हैं कि शायद थोड़ी सी अनुभवहीनता से हमें हार का सामना करना पड़ा। आज मध्यक्रम में थोड़ा सा अनुभव शायद हमारी मदद कर सकता था। उन्होंने कहा कि मुझे पता है कि वे आगे चलकर हमारे लिए कई मैच जीतने जा रहे हैं। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल रही लेकिन मैच के आगे बढ़ने के साथ यह धीमी होती चली गयी। पोंटिंग ने हालांकि हार के लिए कोई 'बहाना' बनाने से इन्कार कर दिया।

दूसरी पारी में पिच के बदले मिजाज पर उन्होंने कहा कि नहीं, मुझे ऐसा नहीं लगता। हम कोई बहाना नहीं बनाना चाहते हैं। शशांक ने मैच के बाद कहा कि यह पूरे सत्र की सबसे अच्छी विकेट थी। हमने मैच के अहम चरण में लय गवां दी। हम पावरप्ले के आखिरी ओवरों में थोड़ा पिछड़ने लगे थे। हमने इसके बाद जरूरी मौकों पर अपने अहम विकेट गंवा दिये। पोंटिंग ने कहा कि उनकी टीम आरसीबी को 190 रन पर रोककर संतुष्ट थी। उन्होंने कहा कि आरसीबी को भी लगा होगा कि उन्होंने थोड़े कम रन बनाये है। हम हालांकि लक्ष्य का पीछा करते समय अच्छा नहीं खेल सके। पोंटिंग ने कहा कि मैंने सत्र शुरू होने से पहले मुल्लांपुर में श्रेयस (अय्यर) के साथ कहा था... यह एक बेखौफ, आक्रमण और अलग टीम बनाने के बारे में था।

## नए कैप्टन कूल के तौर पर उभरे अय्यर



**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **धोनी व रोहित के बाद श्रेयस टीम को आईपीएल के तीन फाइनल में पहुंचाने वाले तीसरे कप्तान**

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के 10 साल के खिताबी सूखे को खत्म करने वाले श्रेयस अय्यर पंजाब किंग्स को पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग चैंपियन बनाने से बेहद मामूली अंतर से चूक गए, लेकिन उन्होंने खुद को एक ऐसे कप्तान के रूप में स्थापित कर लिया है जिसकी भारत को शायद भविष्य में जरूरत हो सकती है। महेंद्र सिंह धोनी व रोहित शर्मा के बाद अय्यर आईपीएल के तीन फाइनल में पहुंचाने वाले तीसरे कप्तान हैं। उनकी यह उपलब्धि बेहद खास है क्योंकि उन्होंने पांच सालों में तीन अलग-अलग फ्रेंचाइजी टीमों के साथ ऐसा किया है। यह एक ऐसे खिलाड़ी के लिए बड़ी बात है, जिसे इस महीने इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में जगह नहीं मिली है। केकेआर ने पिछले साल उन्हें जाने दिया क्योंकि फ्रेंचाइजी को बड़ी रिटेंशन फीस की उनकी मांग उचित नहीं लगी। केकेआर का यह नुकसान पंजाब किंग्स के लिए एक बड़ा फायदा साबित हुआ। पंजाब की टीम को इस खिलाड़ी के रूप में समझदार और जज्बे वाला कप्तान मिला।

शुभमन गिल की कप्तानी की परीक्षा अभी नहीं हुई है। उन्हें इंग्लैंड में कप्तान के रूप में कड़ी परीक्षा का सामना करना पड़ेगा, लेकिन 3 जून 2025 के बाद श्रेयस संतोष अय्यर को भारतीय क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में से एक माना जाना चाहिए। अय्यर की कप्तान में अपनी समझदारी के साथ महेंद्र सिंह धोनी जैसा संयम और विराट कोहली जैसा आक्रामक रवैया के साथ मुंबई के उनके सीनियर रोहित शर्मा की तरह बिंदास मुंबईकर के मिश्रण का पुट दिखा।

आईपीएल के फाइनल में हार के बावजूद अय्यर के आत्मविश्वास में कोई कमी नहीं दिखी। उन्होंने निराशा को पीछे छोड़ते हुए कहा, अभी काम आधा बाकी है, हमें अगले साल जीतना है। इंग्लैंड के लिए टीम में उनका न होना पंजाब किंग्स के कोच रिकी पोंटिंग के लिए भी काफी हैरानी भरा रहा। पोंटिंग ने आईपीएल प्लेऑफ से पहले आईसीसी रिव्यू में कहा था कि मैं वास्तव में बहुत दुखी था लेकिन उसने इसे बहुत अच्छे से स्वीकार कर लिया है और वह आगे बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि उनकी आंखों में हर बार अच्छा प्रदर्शन करने की ललक रहती है। वह हर मैच को जीतना चाहता है और एक सर्वश्रेष्ठ कप्तान के रूप में विकसित होना चाहता है। दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान का यह बयान काफी मायने रखता है। पोंटिंग ने यह बात सिर्फ फ्रेंचाइजी कप्तान का समर्थन करने के लिए नहीं कही। 2017 में जब गौतम गंभीर ने बीच सत्र में कप्तानी छोड़ने का फैसला किया, तो पोंटिंग की सलाह पर अय्यर दिल्ली आईपीएल फ्रेंचाइजी के कप्तान बने।

### खेल डायरी



इंग्लैंड के लीसेस्टर में अप्टनस्टील काउंटी ग्राउंड पर इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच खेले जा रहे दूसरे एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान वेस्टइंडीज की करिश्मा रामहरैक द्वारा आउट किए जाने के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त करतीं इंग्लैंड की एमी जोन्स।

#### इंग्लैंड के तेज गेंदबाज एटकिंसन का भारत में टेस्ट खेलना संदिग्ध

**लंदन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गुस एटकिंसन का हैमस्ट्रिंग चोट से भारत के खिलाफ 20 जून से शुरू हो रहे पहले टेस्ट में खेलना संदिग्ध है। भारत और इंग्लैंड जून से पांच टेस्ट मैचों की शृंखला खेलेंगे। गेंदबाज गुस एटकिंसन का भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में खेलना संदिग्ध है क्योंकि उनकी दाहिनी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव है। 27 वर्ष के एटकिंसन को जिम्बाब्वे में पिछले महीने टेस्ट के दौरान चोट लगी थी, जिससे वह वेस्टइंडीज के खिलाफ 3-0 से जीती शृंखला में नहीं खेल सके। अगर एटकिंसन फिट नहीं होते हैं तो यह इंग्लैंड के लिए बड़ा झटका होगा क्योंकि मार्क वुड और ओली स्टोन पहले से चोटिल हैं।

#### सीनियर वर्ल्ड म्यू थाई चैंपियनशिप में भारत ने जीते तीन कांस्य

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त संस्था इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ मुएथाई एसोसिएशन आईएफएमए द्वारा अंटालिया टर्की में आयोजित सीनियर वर्ल्ड म्यू थाई चैंपियनशिप में भारत के म्यू थाई खिलाड़ियों ने तीन कांस्य पदक जीते। राजस्थान के साहिल ने दो कांस्य पदक एक टीम और एक व्यक्तिगत स्पर्धा में जीता। राजस्थान के ही आदित्य देवन्दा, छत्तीसगढ़ की टिकेश्वरी साहू और अरुणाचल की पनि मंजू जोराम ने एक-एक कांस्य पदक जीता।

## करुणाकरण-वरियाथ की जोड़ी ने भारत की उम्मीदें रखीं कायम

**जकार्ता, एजेंसी**

सतीश करुणाकरण और आद्या वरियाथ ने इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के मिश्रित युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया, लेकिन भारत की अन्य जोड़ियां बुधवार को शुरुआती दौर के बाद बाहर हो गईं। करुणाकरण और वरियाथ ने 45 मिनट चले मुकाबले में चीनी ताइपे की ये होंग वेई और निकोल गोंजालेस चैन को हराया।

INDONESIA OPEN

इस स्पर्धा में हालांकि अन्य भारतीय जोड़ियों ने निराश किया क्योंकि वे अगले दौर में आगे बढ़ने में असफल रहीं। रोहन कपूर और रुतविका शिवानी गाड्डे को युची शिमोगामी और सयाका होबारा की जापान की जोड़ी से शिकस्त मिली। आशिथ सूर्या और अमृता प्रमथेश को डेनमार्क के मैड्स वेस्टरगार्ड और क्रिस्टीन बुश के हाथों हार का सामना करना पड़ा। ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो की जोड़ी भी शुरुआती दौर की बाधा को पार करने में विफल रही। इस जोड़ी को मलेशिया के दूसरे वरीय टैंग जी चेन और ई वेतोह के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।



सतीश करुणाकरण और आद्या वरियाथ

### थाईलैंड से अभियान शुरू करेगी भारतीय महिला हॉकी टीम

**एशिया कप**

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम एशिया कप में अपने अभियान का आगाज पांच सितंबर को थाईलैंड के खिलाफ करेगी जिसके बाद गत चैम्पियन जापान और सिंगापुर से खेलना है। हॉकी इंडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। पिछली बार कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम को पूल बी में जापान, थाईलैंड और सिंगापुर के साथ रखा गया है। पूल ए में मेजबान चीन, कोरिया, मलेशिया और चीनी ताइपै हैं।

टूर्नामेंट चीन के हांगझोउ में 5-14 सितंबर तक खेला जाएगा। इसके विजेता को 2026 विश्व कप में सीधे प्रवेश मिलेगा। भारत को 6 सितंबर को जापान से खेलना है जबकि 8 सितंबर को सिंगापुर से मुकाबला होगा। भारतीय कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि पूल बी में गत चैंपियन जापान के साथ होने से हमें अच्छी चुनौती मिलेगी और खुद को आंकने का मौका भी। हम चतुर और अनुशासित हॉकी खेलने का प्रयास करेंगे। हमारा लक्ष्य विश्व कप में सीधे जगह बनाना है। हर पूल से शीर्ष दो टीमें सुपर चार में पहुंचेंगी जहां सभी को एक दूसरे से एक बार खेलना है।

## नॉर्वे शतरंज के आठवें दौर में हिकारू ने गुकेश को हराया

**स्टवान्गर।** नॉर्वे शतरंज 2025 के आठवें दौर में अमेरिका के ग्रैंड मास्टर हिकारू नाकामुरा ने मौजूदा विश्व चैंपियन डोमराजू गुकेश को हराया। नाकामुरा ने शुरुआत में ही जोरदार हमला करके बढ़त हासिल की और शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए गुकेश के खिलाफ जीत हासिल करने में सफल रहे। इस जीत के साथ नाकामुरा ने पूरे तीन अंक प्राप्त किए।



इस बीच, अर्जुन एरिगैसी और फैबियानो कारुआना ने एक लंबा और कड़ा मुकाबला खेला। ऐसा लग रहा था कि कारुआना का पलड़ा भारी रहेगा। कारुआना ने एक निर्णायक गलती की जिसका फायदा अर्जुन एरिगैसी ने उठाकर पूरे तीन अंक जीत कर फिर से खिताबी दौड़ में वापसी कर ली है। टूर्नामेंट के अभी दो दौर शेष हैं। गुकेश 11.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। नाकामुरा 12.5 अंक के साथ अभी भी शीर्ष पर हैं। जबकि कार्लसन आर्मागेडन में वेई यी से हारकर 12 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

## अल्काराज, स्वियातेक और सबालेंका सेमीफाइनल में

**पेरिस, एजेंसी**



विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी और मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने बुधवार को अमेरिका के टॉमी पॉल को हराकर फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं महिला वर्ग में पोलैंड की इगा स्वियातेक और विश्व की नवंबर वन खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने भी अगले दौर में जगह बना ली हैं।

स्पेन के अल्काराज ने टॉमी पॉल पर 6-0, 6-1, 6-4 से शानदार जीत दर्ज रोलांड-गैरोस में लगातार तीसरे सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में अल्कराज का सामना इटली के लोरेंजो मुसेटी से होगा। मुसेटी ने फ्रेंच ओपन में अमेरिका को टियाफो को 6-2,4-6, 7-5, 6-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। मुसेटी ने पहली बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। वहीं महिला वर्ग में पोलैंड की स्टार टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने क्वार्टर फाइनल में यूक्रेन की एलीना स्वितोलिना को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में स्वियातेक का मुकाबला बेलारुस की आर्यना सबालेंका से होगा। सबालेंका ने चीन की किनवेन झेंग को 7-6, 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की है।

## वेस्टइंडीज का इंग्लैंड ने वनडे शृंखला में किया सूपड़ा साफ



**लंदन, एजेंसी**

- **सात विकेट से मैच जीतकर शृंखला को 3-0 से किया अपने नाम, दोनों टीमें अब खेलेंगी तीन मैचों की टी-20 शृंखला**

आदील राशिद के नेतृत्व में गेंदबाजों के प्रदर्शन के बाद जैमी स्मिथ की वनडे करियर की पहली अर्धशतकीय पारी से इंग्लैंड ने तीन मैचों की शृंखला के बारिश से प्रभावित आखिरी वनडे में वेस्टइंडीज को 7 विकेट से शिकस्त दी। इंग्लैंड ने इसके साथ ही इस शृंखला को 3-0 से अपने नाम किया। दोनों टीमें शुक्रवार से 3 मैचों की टी-20 शृंखला में भिड़ेंगी।

स्मिथ ने 28 गेंद की ताबड़तोड़ पारी में 10 चौके और 3 छक्के की मदद से 64 रन बनाने के साथ पहले विकेट के लिए बेन डकेट (58) के साथ 93 रन की साझेदारी की, जिससे इंग्लैंड ने डकवर्थ लुईस पद्धति से 40 ओवर में जीत के लिए मिले 246 रन के लक्ष्य को 62 गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। मैच में दो बार देरी हुई। वेस्टइंडीज की टीम बस ट्रैफिक लाइट की खराबी से देर तक फंसी रही। टीम टॉस के लिए तय समय पर मैदान तक नहीं पहुंच सकी। इसके बाद बारिश से 90 मिनट का खेल प्रभावित हुआ। यातायात की इस समस्या से निपटने के लिए इंग्लैंड के खिलाड़ी टीम बस को छोड़ किराए की साइकिल से स्टेडियम पहुंचे। नेट सत्र में वार्मअप के बिना मैदान पर उतरी वेस्टइंडीज की टीम ने गेंदबाजों के अनुकूल परिस्थितियों में 28 रन पर 3 विकेट गंवा दिए। इसके बाद मैच में बारिश ने खलल डाला। मैच दोबारा शुरू हुआ तो वेस्टइंडीज ने 154 रन तक 7 विकेट गंवा दिए। टीम नौ विकेट पर 251 रन बनाने में सफल रही। शेरफेन रदरफोर्ड ने 70 रन बनाकर टीम को 250 रन के पार पहुंचने में योगदान दिया। गुडाकेश मोती और अल्जारी जोसेफ ने आठवें विकेट के लिए 11.2 ओवरों में 91 रनों की साझेदारी करके अपनी टीम को संघर्ष करने का मौका दिया। इंग्लैंड के खिलाफ वेस्टइंडीज की ओर से आठवें विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। जोसेफ 41 और मोती 63 रन बनाकर आउट हुए। स्पिनर आदिल राशिद ने तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते इंग्लैंड ने पावर प्ले में एक विकेट पर 121 रन बना लिए थे। जो रूट (44) व जोस बटलर (नाबाद 41) ने इसके बाद टीम को आसान जीत दिला दी।



बेंगलुरु में विधान सौधा में आरसीबी द्वारा आईपीएल 2025 जीतने के बाद टीम के सम्मान समारोह के दौरान एकत्रित प्रशंसकों की भीड़।

# 35 हजार क्षमता, पहुंच गए 3 लाख लोग

## अनियंत्रित प्रशंसक, तैयारियों में चूके अधिकारी, नतीजा मातम में बदला जश्न

बेंगलुरू, एजेंसी

मुझे नहीं पता कि मेरी गलती क्या है? हमारे पास टिकट थे, आरसीबी के एक समर्थक ने चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर यह बात कही जो आईपीएल में टीम की जीत के जश्न को देखने आया था लेकिन भगदड़ में प्रशंसकों की मौत के बाद का मातम देखकर स्तब्ध था। इसके अलावा 33 चोटिल प्रशंसकों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा । वहीं एक प्रशंसक ने कहा कि क्षमता से अधिक भीड़ का पहुंचना लापरवाही उजागर करता है। स्टेडियम की क्षमता 35 हजार है, जबकि करीब 3 लाख भीड़ वहां पहुंच गई।

आनन फानन में आयोजित इस कार्यक्रम के टिकट भी हड़बड़ी में बेचे गए । मुख्य द्वार नंबर 12 और 13 के अलावा क्लब हाउस प्रवेश द्वार नंबर 10 पर भी भारी भीड़ जमा हो गई जिन पर नियंत्रण के लिए



स्टेडियम में घुसने के लिए जद्दोजहद देखी गई।

पर्याप्त सुरक्षाबल नहीं था। दोपहर साढ़े तीन बजे तक प्रशंसकों की संख्या कई गुना बढ़ गई जिससे पुलिस और स्टेडियम के सुरक्षा अधिकारियों को सारे दरवाजे बंद करने पड़े ताकि वे लोग भीतर नहीं आ सकें जिनके पास टिकट नहीं था। अपने दोस्तों के साथ आये पोस्ट ग्रेजुएट छात्र प्रशांत शेट्टी ने कहा, हम अपने सितारों को देखने आए थे। मैने समारोह के टिकट लिए थे लेकिन भीतर नहीं जा सका। पुलिस ने अचानक सारे रास्ते और दरवाजे बंद कर दिए और मुख्य द्वार के पास लाठीचार्ज शुरू कर दिया। गेट नंबर दस पर बच्चे और महिला भगदड़ का शिकार हुए और पुलिस ने इस रिपोर्टर पर भी लाठी चलाई और स्थानीय भाषा में अपशब्द कहे ।

### पिछले कुछ महीनों में यहां मची भगदड़

**जुलाई 2024, हाथरस सत्संग**

उप्र के हाथरस में भोले बाबा के नाम से चर्चित नारायण साकार हरि के सत्संग कार्यक्रम में मची भगदड़ से 121 लोगों की मौत।

**जनवरी 2025, महाकुंभ**

प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन हुआ था। मौनी अमावस्या के दिन घाट पर भगदड़ मच गई और 30 लोगों की मौत हो गई थी।

**जनवरी 2025, तिरुपति मंदिर**

आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर में वैकुंठ धाम दर्शन के लिए टोकन की बिक्री के दौरान मची भगदड़ में 6 लोगों की जान चली गई थी।

## एक नजर

### असद सरकार गिरने के बाद पहली बार सीरिया से हमला

**इजराइल।** इजराइली सेना ने कहा कि सीरिया से मंगलवार को दो रॉकेट दागे गए जो इजराइल नियंत्रित गोलान हाइट्स के खुले क्षेत्रों में गिरे। सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद की सरकार दिसंबर में गिरने बाद पहली बार सीरियाई क्षेत्र से इजराइल की ओर हमला किया गया है। सीरियाई सरकारी मीडिया ने बताया कि रॉकेट दागे जाने के बाद इजराइल ने सीरिया के दारा प्रांत के पश्चिमी ग्रामीण इलाकों पर बमबारी की।

### पाकिस्तान में मुठभेड़ में 14 आतंकवादी मारे गए

**पेशावर।** सुरक्षा बलों ने उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में अफगानिस्तान की सीमा से लगे एक कबायली जिले में खुफिया जानकारी के आधार पर अभियान चलाकर 14 आतंकवादियों को मार गिराया। सेना की मीडिया शाखा ने बुधवार को यह जानकारी दी। सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर दो-तीन जून, 2025 को उत्तरी वजीरिस्तान जिले में दत्ता खेल के सामान्य क्षेत्र में खुफिया सूचना के आधार पर एक अभियान चलाया था।

### भारत से फिर संघर्ष शुरू होने की आशंका कम : डार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने बुधवार को कहा कि नई दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच फिर से सैन्य संघर्ष शुरू होने की आशंका बहुत कम है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान ऐसी किसी भी स्थिति (सैन्य संघर्ष) में मुंहतोड़ जवाब देगा। डार ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की।

### सिंगापुर: भारतीय मूल के व्यक्ति को धोखाधड़ी में जेल

**सिंगापुर।** सिंगापुर में भारतीय मूल के एक व्यक्ति को धोखाधड़ी के 62 आरोपों में से 21 में दोषी पाए जाने पर बुधवार को ढाई साल की जेल की सजा सुनाई गई। एशियन रिपोर्ट चैनल की खबर के अनुसार, अरिवलागन मुथुसामी (40) ने छह माह के भीतर कम से कम 61 पीड़ितों से लगभग 3,10,000 सिंगापुर डॉलर की ठगी की।

# ट्रंप का कर विधेयक घृणित : मस्क

## कुछ दिन पूर्व दक्षता विभाग से इस्तीफा देने के बाद कहा- इसे और बर्दाश्त नहीं कर सकता

वाशिंगटन, एजेंसी

अरबपति कारोबारी एलन मस्क ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कर और खर्च में कटौती के विधेयक को घृणित करार किया है। रिपब्लिकन पार्टी के विधायी एजेंडे के केंद्रबिंदु माने जाने वाले इस विधेयक को निशाना बनाने वाला मस्क का यह बयान रिपब्लिकन पार्टी में उनकी प्रभाव की परीक्षा होगा। मस्क ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब कुछ ही दिन पहले राष्ट्रपति ट्रंप ने ओवल ऑफिस (अमेरिका के राष्ट्रपति का कार्यालय) में उनके सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया था।

मस्क ने कुछ दिन पहले सरकारी दक्षता विभाग का नेतृत्व किया था और हाल में उन्होंने इस पद से इस्तीफा दे दिया था। मस्क ने एक्स पर लिखा, मुझे खेद है लेकिन मैं अब इसे और बर्दाश्त नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, खर्च संबंधी संसद का यह बड़ा, अपमानजनक, घटिया विधेयक घृणित है। इसके लिए वोट देने वालों पर शर्म आती है: आप जानते हैं कि आपने गलत किया। आप यह जानते हैं। यह विधेयक प्रतिनिधि सभा में पारित हो चुका है और सीनेट में इस पर चर्चा होनी है। यह विधेयक मस्क की इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी टेस्ला को मिलने वाली सब्सिडी में कटौती करेगा। मस्क ने रिपब्लिकन पार्टी के नेताओं को धमकी भरे अंदाज में एक पोस्ट में लिखा, अगले वर्ष नवंबर में हम उन सभी नेताओं को बर्खास्त कर देंगे जिन्होंने अमेरिकी जनता के साथ विश्वासघात किया है। यह दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति मस्क के रुख में बड़े बदलाव को दर्शाता है जिन्होंने ट्रंप के चुनाव प्रचार अभियान के समर्थन में कम से कम 25 करोड़ डॉलर खर्च किए थे। इससे पहले वह ट्रंप के प्रति पर्याप्त रूप से वफादार नहीं माने जा रहे थे, लेकिन अब वह ऐसा सुझाव देते प्रतीत होते हैं कि यदि सांसद राष्ट्रपति की विधायी प्राथमिकता का समर्थन करते हैं तो उन्हें हटाने का प्रयास किया जाए। ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान 2017 में स्वीकृत कर कटौती को आगे बढ़ाने और नयी कर कटौती को इसमें जोड़ने का प्रयास किया गया है।



### अस्पतालों को आपात स्थिति में गर्भपात करने की अनुमति देने संबंधी दिशा-निर्देश वापस लेगा ट्रंप प्रशासन

**वाशिंगटन।** ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन ने कहा कि वह देश के अस्पतालों को आपात स्थिति में महिलाओं का गर्भपात करने की अनुमति देने संबंधी दिशानिर्देश को वापस लेगा। यह दिशानिर्देश 2022 में अस्पतालों को जारी किया गया था, जब अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने अमेरिका में राष्ट्रीय गर्भपात अधिकारों को खत्म कर दिया था। यह दिशानिर्देश अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने उन गंभीर मामलों में गर्भपात की अनुमति देने के लिए जारी किया था।

### तेल व गैस के नए खनन पर ट्रंप प्रशासन की आलोचना

**अमेरिका।** पर्यावरणविदों ने अलास्का में तेल और गैस के नए खनन को लेकर ट्रंप प्रशासन की आलोचना की है और कहा है कि इससे जलवायु संकट में वृद्धि हो सकती है। दर्जनों प्रदर्शनकारी एंकरेज में गवर्नर माइक डनलेवी द्वारा आयोजित वार्षिक अलास्का सतत ऊर्जा सम्मेलन के आयोजन स्थल के बाहर एकत्र हुए, जहां अमेरिका के आंतरिक मामलों के मंत्री डग बर्गम, ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट और पर्यावरण संरक्षण एजेंसी के प्रशासक ली जेल्डिन मुख्य वक्ता थे। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां और बैनर ले रखे थे जिन पर अलास्का बिकाऊ नहीं है और हमारी सार्वजनिक जमीनों की रक्षा करें जैसे नारे लिखे थे।

## वियतनाम में बढ़े बुजुर्ग तो दो बच्चों की नीति खत्म की

**हनोई।** वियतनाम ने घटती हुई जन्म दर को रोकने और देश में बुजुर्गों की बढ़ती संख्या के दबाव को कम करने के प्रयास के तहत लंबे समय से लागू दो बच्चों की अपनी नीति को समाप्त कर दिया है। वियतनाम ने बुधवार को बताया कि नेशनल असेंबली ने उन नियमों को खत्म करने के लिए संशोधन पारित किया है, जो परिवारों को एक या दो बच्चे पैदा करने की ही अनुमति देते थे। मौजूदा समय में वियतनामी परिवारों में पहले की तुलना में कम बच्चे पैदा हो रहे हैं।

वियतनाम में वर्ष 2021 में जन्म दर प्रति महिला 2.11 बच्चे थी, जो कि लंबे समय में जनसंख्या में कमी से बचने के लिए आवश्यक प्रतिस्थापन दर से थोड़ा अधिक है। तब से, जन्म दर में लगातार गिरावट आई है: 2022 में जन्म दर 2.01, 2023 में 1.96 और 2024 में यह घटकर 1.91 रह गयी। वियतनाम कम प्रजनन दर वाला एकमात्र एशियाई देश नहीं है। लेकिन जापान, दक्षिण कोरिया या सिंगापुर के विपरीत यह अभी तक एक विकासशील अर्थव्यवस्था है। वियतनाम की राजधानी हनोई में मार्केटिंग मैनेजर 37 वर्षीय गुयेन थू लिन्ह ने कहा कि उन्होंने और उनके पति ने केवल एक ही बच्चा पैदा करने का निर्णय लिया, क्योंकि वे यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि वे बेटे को सर्वोत्तम शिक्षा और पालन-पोषण दे सकें।

# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हम भारत के साथ: आस्ट्रेलिया

- रक्षामंत्री राजनाथ ने नई दिल्ली की ठोस जवाबी कार्रवाई के प्रति ऑस्ट्रेलिया के स्पष्ट समर्थन की सराहना की



रक्षामंत्री राजनाथ के साथ मौजूद आस्ट्रेलियाई समकक्ष।

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत तथा ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को अपने रणनीतिक संबंधों को और बढ़ाने का संकल्प लिया। इसके साथ ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बर्बर पहलगाम आतंकी हमले पर नयी दिल्ली की ठोस जवाबी कार्रवाई के प्रति ऑस्ट्रेलिया के स्पष्ट समर्थन की सराहना की।

सिंह ने अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष रिचर्ड मार्लेस के साथ द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं तथा पाकिस्तान से लगती अपनी सीमा पर भारत की गंभीर चुनौतियों पर व्यापक चर्चा की। ऑस्ट्रेलिया में लेबर पार्टी की जीत के बाद प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के दूसरी बार सत्ता में बने रहने के बाद मार्लेस भारत की यात्रा करने वाले पहले वरिष्ठ ऑस्ट्रेलियाई मंत्री हैं। मार्लेस की नई दिल्ली यात्रा भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर हो रही है। इस साझेदारी से दोनों देशों के बीच विशेष रूप से समुद्री क्षेत्र में रक्षा संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने में मदद मिली है।

### आतंकवाद विरोधी संदेश देने लिए अमेरिका पहुंचा भारतीय प्रतिनिधिमंडल

**वाशिंगटन।** कांग्रेस नेता शशि थरूर के नेतृत्व में एक सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल अमेरिकी सांसदों, अधिकारियों, विभिन्न थिंक टैंक के सदस्यों एवं नीतिगत मामलों के विशेषज्ञों से मुलाकात करेगा और उन्हें ऑपरेशन सिंदूर, भारत के सामने मौजूद आतंकवाद की चुनौती और क्षेत्रीय सुरक्षा संबंधी स्थिति की जानकारी देगा। यह प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को अमेरिका की राजधानी पहुंचा और बृहस्पतिवार तक यहां रहेगा।

## कंचनजंगा पर संयुक्त रूप से चढ़ाई करने से मजबूत होंगे संबंध

**काठमांडू।** नेपाल के रक्षा मंत्री मनबीर राय ने कहा है कि भारतीय एवं नेपाली सेना के सदस्यों के कंचनजंगा पर्वत पर संयुक्त रूप से चढ़ाई करने से द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

राय ने यह टिप्पणी सोमवार को यहां सेना मुख्यालय में आयोजित नेपाल-भारत संयुक्त माउंट कंचनजंगा पर्वतारोहण अभियान के ध्वजारोहण समारोह के दौरान की। नेपाली सेना के 10 और भारतीय सेना के पांच जवानों के संयुक्त दल ने 19 और 20 मई को दुनिया की तीसरी सबसे ऊंची चोटी कंचनजंगा पर चढ़ाई की थी। सोमवार को आयोजित समारोह में दल के सदस्यों ने इस अभियान का झंडा रक्षा मंत्री को सौंपा।

# बांग्लादेश : मुजीबुर्रहमान की राष्ट्रपिता की उपाधि वापस ली

- अंतरिम सरकार ने संशोधित किया कानून, देश के संस्थापक व पूर्व पीएम हसीना के पिता हैं मुजीबुर्रहमान

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने कानून में संशोधन करके बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान की राष्ट्रपिता की उपाधि वापस ले ली है और उनका उल्लेख स्वतंत्रता सेनानी के तौर पर किया गया है। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली सरकार ने देश के संस्थापक और अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के पिता मुजीबुर्रहमान के चित्र को नए मुद्रा नोटों से हटाने के कुछ दिन बाद मंगलवार को यह कदम उठाया है।

ढाका ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, अंतरिम सरकार ने राष्ट्रीय स्वतंत्रता सेनानी परिषद अधिनियम में संशोधन करते हुए स्वतंत्रता सेनानी



की परिभाषा में परिवर्तन कर दिया है। कानून, न्याय और संसदीय मामलों के मंत्रालय ने मंगलवार रात को संबंधित अध्यादेश जारी किया। खबर में कहा गया है कि कानून में संशोधन के तहत राष्ट्रपिता बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान शब्द को भी संशोधित किया गया है।

## संरा सुरक्षा परिषद में गाजा में संघर्षविराम के प्रस्ताव पर होगा मतदान

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में उस प्रस्ताव पर मतदान होना है जिसमें गाजा में तत्काल, बिना शर्त और स्थायी युद्धविराम की मांग की गई है जिसका सभी पक्षों द्वारा सम्मान किया जाए। अमेरिका के इस प्रस्ताव पर वीटो करने की करने की संभावना है। परिषद के 10 निर्वाचित सदस्यों द्वारा तैयार प्रस्ताव में सात अक्टूबर 2023 को किए गए हमले के बाद दक्षिणी इजराइल से हमास और अन्य समूहों द्वारा बंधक बनाए गए सभी लोगों की रिहाई की मांग दोहराई गई है। प्रस्ताव में गाजा में प्रवेश पर लगे सभी प्रतिबंधों को तत्काल और बिना शर्त हटाने तथा संरा व मानवीय साझेदारों के साथ राहत सामग्री को सुरक्षित और निर्बाध तरीके से वितरित करने की भी मांग की गई है।

# संरा में भारतीय मुस्लिमों पर टिप्पणी करने पर बिलावल भुट्टो की बेइज्जती

न्यूयॉर्क, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी के उस बयान को लेकर एक पत्रकार ने यहां उनको आड़े हाथ लिया जिसमें उन्होंने भारत में मुस्लिमों की कथित तौर पर खराब और खतरनाक छवि पेश किए जाने को लेकर टिप्पण की थी।

भारत के साथ हालिया संघर्ष के बारे में दुनिया को जानकारी देने के लिए रवाना हुए पाकिस्तानी विशेषज्ञों की एक टीम का नेतृत्व कर रहे बिलावल मंगलवार को मीडिया को अपने दृष्टिकोण से अवगत करा रहे थे। सवाल-जवाब सत्र के दौरान, मिस्र-अमेरिकी पत्रकार अहमद फातही, जो कि अमेरिकी टेलीविजन समाचार

- खराब और खतरनाक छवि पेश किये जाने पर पत्रकार ने घेरा



(एटीएन) के संरा में संवाददाता हैं, ने बिलावल से मुसलमानों के साथ भारत के व्यवहार पर उनकी टिप्पणियों के बारे में पूछा और उन्हें याद दिलाया कि संघर्ष के दौरान मीडिया को जानकारी देने वाली एक भारतीय मुस्लिम सैन्य अधिकारी थीं। फातही ने कहा, मैं आज आपके (बिलावल) द्वारा दिए गए एक बयान से शुरुआत करना चाहता हूं, जिसमें कहा गया है कि कश्मीर में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले का इस्तेमाल भारत में मुसलमानों को बदनाम करने के लिए एक राजनीतिक उपकरण के रूप में किया जा रहा है।

महोदय, मैंने दोनों पक्षों की ओर से प्रेस को घटनाक्रम से अवगत कराने के कार्य को देखा है, जहां तक मुझे याद है भारतीय पक्ष की ओर से मीडिया को अवगत कराने का काम एक मुस्लिम भारतीय सैन्य अधिकारी कर रही थीं। वह अपना दूसरा सवाल पूछने ही वाले थे कि बिलावल ने उन्हें बीच में ही रोक दिया। इसके बाद पाकिस्तानी नेता ने भारत की आलोचना की और हमेशा की तरह बयानबाजी जारी रखी।

# सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया- प्रतिबंध के बावजूद काजीरंगा के पास अवैध खनन बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति (सीईसी) ने उच्चतम न्यायालय को बताया है कि शीर्ष अदालत द्वारा 2019 में रोक लगाने के बावजूद असम में काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के पास पार्कुप पहाड़ क्षेत्र में अवैध खनन जारी है तथा और तेज हो गया है। न्यायालय ने 2019 में उद्यान के पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्र में और उसके आसपास खनन और संबंधित गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया था।

यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल काजीरंगा में दुनिया में लुप्तप्राय एक सींग वाले गैंडों की लगभग 65 प्रतिशत आबादी निवास करती है। यह ब्रह्मपुत्र बाढ़ क्षेत्र और कार्बी आंगलोंग पहाड़ियों के बीच एक महत्वपूर्ण वन्यजीव गलियारे

- शीर्ष कोर्ट द्वारा 2019 में रोक लगाने के बावजूद खनन जारी



का हिस्सा है। उच्चतम न्यायालय ने सीईसी के पूर्व निष्कर्षों पर कार्रवाई करते हुए महत्वपूर्ण वन्यजीव आवासों और वन्य परिदृश्यों के क्षरण को रोकने के लिए इस क्षेत्र में खनन और संबंधित गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया था। असम में एक अज्ञात सरकारी कर्मचारी की शिकायत और फील्ड स्तरीय सत्यापन के आधार पर, सीईसी ने 30 मई को सुप्रीम कोर्ट को एक नई रिपोर्ट सौंपी, जिसमें कहा गया कि चार अप्रैल 2019 को सुप्रीम कोर्ट के प्रतिबंध के आदेश के बावजूद क्षेत्र में खनन गतिविधियां जारी हैं तथा और तेज हो गई हैं। बड़े पैमाने पर खनन जारी है, विशेष रूप से पार्कुप पहाड़ रेंज में, जो एक घोषित वन्यजीव अभयारण्य है और काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान की दक्षिणी सीमा बनाता है। दिसंबर 2024 में सरकारी कर्मचारी से प्राप्त शिकायत में 2019 से 2023 तक की गूगल अर्थ इमेजरी और स्थल-विशिष्ट डेटा शामिल थे। कथित तस्वीरों से पता चलता है कि खनन कोर्ट के 2019 के प्रतिबंध आदेश के बाद बंद हो गया था लेकिन 2021 के बाद फिर से शुरू हुआ तथा तेज हो गया।

**प्रतिक्रिया** पाकिस्तान में भारत के उच्चायुक्त रह चुके टीसीए राघवन ने दोनों देशों के बीच तनाव के मद्देनजर दी प्रतिक्रिया

# समग्र दृष्टिकोण से ही सुलझेगा भारत-पाकिस्तान विवाद

नई दिल्ली, एजेंसी

पाकिस्तान में भारत के उच्चायुक्त रह चुके टीसीए राघवन ने दोनों देशों के बीच तनाव के मद्देनजर कहा कि इस समस्या का कोई सैन्य समाधान नहीं है तथा इसके लिए एक अधिक समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता है जिसमें कूटनीतिक, सामाजिक एवं राजनीतिक साधनों सहित भारत की पूरी ताकत का लाभ उठाया जा सके।

राघवन ने मंगलवार को इंडिया हैबिटेट सेंटर में ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर भारत-पाकिस्तान संबंध विषय पर अपने विचार रखते समय इस बात पर जोर दिया कि भारत का वास्तविक प्रभाव उसकी आर्थिक जीवंतता, सामाजिक बहुलवाद, संस्थागत लचीलेपन और सांस्कृतिक पहुंच में निहित है, न कि केवल उसकी सैन्य शक्ति में। पाकिस्तान में सात साल तक सेवा देने वाले पूर्व राजनयिक ने कहा कि दरअसल पाकिस्तानी सेना भारत की सैन्य शक्ति से खतरा महसूस नहीं करती, बल्कि वह उसके सामने खड़ा होना चाहती है। उन्होंने कहा, पाकिस्तानियों को आपकी सेना की चिंता नहीं है, बल्कि एक राष्ट्र के रूप में आपकी समग्र प्रगति- आपकी आर्थिक वृद्धि, आपकी सामाजिक प्रगति, आपके समाज की बहुलता और आपकी संस्थाओं की ताकत उसकी चिंता है। यही वह चीज है जिससे वे वास्तव में डरते हैं, कोई सैन्य समाधान नहीं है, आपको अपनी पूरी ताकत लगानी होगी। राघवन ने कहा, वास्तविक अर्थों में आपकी ताकत बहुत बड़ी है, वास्तव में आपका सांस्कृतिक, सामाजिक व राजनीतिक रूप से आधिपत्य पाकिस्तान की चिंता है। इसलिए अगर हम पूरी तरह से सुरक्षा आधारित संबंध की ओर बढ़ते हैं तो यह सब एक तरफ रह जाएगा। आपको पाकिस्तान से केवल दो, तीन या पांच साल के लिए ही नहीं, बल्कि बहुत लंबे समय के लिए निपटना है तथा यह देखते हुए आपको अधिक व्यापक दृष्टिकोण की जरूरत है। इस बात को रेखांकित किया कि पाकिस्तान के साथ स्थिति महज एक सामरिक या सैन्य मुद्दा नहीं है।



टीसीए राघवन

### संबंध 2017-18 से उत्तरोत्तर खोखले हो रहे : राघवन

राघवन (69) ने जोर देकर कहा कि आज मुख्य चुनौती यह है कि एक कार्यशील द्विपक्षीय संबंध की अनुपस्थिति में उस पड़ोसी के साथ अस्थिर एवं टकराव वाली स्थिति का प्रबंधन कैसे किया जाए जिससे निपटना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि ये संबंध 2017-18 से उत्तरोत्तर खोखले हो रहे हैं। राघवन ने कहा कि सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को स्थगित करने का हालिया निर्णय दर्शाता है कि मेज पर कितने कम राजनयिक विकल्प बचे हैं। उन्होंने कहा, इस बार, एक तरह से आपके पास आईडब्ल्यूटी को स्थगित करने के अलावा कोई और विकल्प नहीं बचा था। बाकी जो कुछ भी किया जा सकता था, वह पहले ही किया जा चुका है।